▸ वर्ष 73 ▸ अंक 88 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 26 दिसंबर, 2025
▸ पौष शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


> ईश्वर को बाहर, आकाश में कहीं मत खोजिए; उसे अपने भीतर खोजिए।
> - एलन वॉट्स






## अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिटः दो लाख करोड़ के निवेश कार्यों का भूमिपूजन, शाह बोले-

# गुजरात की तरह आगे बढ़ रहा मप्र

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश गुजरात की तर्ज पर आगे बढ़ रहा है। जिस तरह से मुख्यमंत्री के रूम में नरेंद्र मोदी ने 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' शुरू की थी, उसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के संतुलित विकास के लिए 'रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव' की शुरुआत की है। यह राज्य के अंदर सभी क्षेत्रों में निवेश का आधार बना है।

शाह गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जन्म जयंती के अवसर पर ग्वालियर में आयोजित 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर गृह मंत्री ने 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश लागत से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थापित होने वाली हजारों औद्योगिक एवं निर्माण इकाइयों का सामूहिक भूमिपूजन किया। 5,810 करोड़ लागत से औद्योगिक विकास परियोजनाओं एवं सड़क विकास कार्यों का लोकार्पण कर 860 इकाइयों को 725 करोड़ की निवेश प्रोत्साहन सहायता राशि सिंगल क्लिक से वितरित की।

शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश अब देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और इस ऐतिहासिक उपलब्धि में मध्यप्रदेश का योगदान सबसे ■ शेष पृष्ठ 7 पर

अभ्युदय ग्रोथ समिट में शाह ने निवेशकों को मंच से ही सौंपे जमीन..: पेज 7 पर




अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर आयोजित 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' में केंद्रीय गृहमंत्री शाह, विधानसभा अध्यक्ष तोमर, मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री सिंधिया और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने निवेश पुस्तिका का विमोचन किया।

### राजनीति के अजातशत्रु थे वाजपेयी

शाह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि वे राजनीति के अजातशत्रु थे। उन्होंने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है। उन्होंने दुनिया भर के दबाव के विरुद्ध जाकर भारत को परमाणु शक्ति संपन्न देश बनाने का काम किया था। कारगिल में घुसपैठ के बाद उन्होंने सभी तरह के दबावों को दरकिनार करते हुए अपना रुख स्पष्ट किया था कि शांति का प्रयास करने पर हमारे साथ पाकिस्तान ने धोखा किया। इसलिए तब तक कोई चर्चा नहीं हो सकती, जब तक कि घुसपैठियों को खदेड़ नहीं दिया जाता।

### शिवराज से ज्यादा ऊर्जा के साथ काम कर रहे मोहन

शाह ने कहा कि किसी जमाने में मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह का शासन था, तब यह राज्य बीमारू बनकर रह गया था। शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश से बीमारू का टैग हटाया। अब मोहन यादव शिवराज से ज्यादा ऊर्जा के साथ इसके आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

**उद्योगपतियों का सम्मानः** ग्वालियर में शाह ने प्रदेश में उच्च रोजगार सृजन करने वाले उद्योगपतियों का सम्मान किया और 'विजन 2047' पर आधारित औद्योगिक विकास यात्रा पर लगाई गई प्रदर्शनी का केंद्रीय मंत्री ने अवलोकन किया।

### साकार होती संभावनाओं का अग्रणी केंद्र बना मप्रः सीएम

ग्वालियर में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब साकार होती संभावनाओं का अग्रणी केंद्र बन चुका है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश को दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। डॉ. यादव ने कहा कि 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट' से प्रदेश में औद्योगिक विस्तार को नई गति मिलेगी और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश अब साकार होती संभावनाओं का अग्रणी केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन प्रदेश के उज्जवल औद्योगिक भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। मध्यप्रदेश में निवेश हर मायने में फायदे का सौदा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश आज उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और स्थिर शासन-सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार करते हैं।

> यह मध्यप्रदेश के अभ्युदय का समय है। ग्वालियर की धरती से आज प्रदेश के विकास को एक गति मिली है। स्व. अटल जी जैसे मूर्धन्य राजनेता देने वाले इस शहर ने देश-दुनिया को नई सोच और विचार दिए हैं। वृक्ष की वृद्धि जड़ों पर निर्भर करती है, उसी प्रकार देश का विकास सुशासन के आधार पर आगे बढ़ता है। **- ज्योतिरादित्य सिंधिया**, केंद्रीय मंत्री

> यह कार्यक्रम भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने का सशक्त माध्यम है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस प्रकार का आयोजन होना वास्तव में सोने पर सुहागा है। औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। **- नरेन्द्र सिंह तोमर**, विधानसभा अध्यक्ष

> स्व. वाजपेयी भारत की आत्मा की आवाज थे। उनका चिंतन, उनकी वाणी और उनका नेतृत्व राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने वाला था। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और अथक परिश्रम से देश को विकास की नई दिशा दी और भारत को निवेश के लिए विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करने की मजबूत नींव रखी। **- हेमंत खंडेलवाल**, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

## कर्नाटकः स्लीपर बस में भीषण आग 10 लोग जिंदा जले



**चित्रदुर्ग, जेएनएन।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्लीपर बस में आग लगने से कम से कम 14 यात्रियों की जिंदा जलने के कारण मौत हो गई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर हिरियूर तालुक के गोरलाथु इलाके के पास हुआ। बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी और उसमें 30 से ज्यादा यात्री सवार थे।

एक तेज रफ्तार लॉरी डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रही निजी कंपनी सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की स्लीपर बस से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के डीजल टैंक में धमाका हुआ और कुछ ही पलों में बस आग की चपेट में आ गई। उस समय ज्यादातर यात्री सो रहे थे, जिससे उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। हादसे के बाद हाईवे पर बस और लॉरी के जले हुए अवशेष बिखरे पड़े थे। बस की छत धंस गई थी और मेटल फ्रेम पूरी तरह मुड़ गया। आग इतनी भीषण थी कि बुझाने में 5 घंटे लग गए। आग बुझने के बाद फॉरेंसिक टीम ने मौके से सैंपल इकट्ठा किए। ईस्ट जोन के आईजीपी रविकांत गौड़ा ने बताया कि बस के ड्राइवर और क्लीनर कूदकर जान बचाने में सफल रहे, जबकि लॉरी के ड्राइवर और क्लीनर की मौत हो गई। कई यात्रियों ने छलांग लगाकर खुद को बचाया।

## ऑफ बीट

### 20 मंजिल इमारत जितनी गहराई में दौड़ेगी ट्रेन



*भारत में नदी के नीचे मेट्रो रेल का सफर आपने कर लिया। अब अरब सागर के नीचे बुलेट ट्रेन दौड़ाने की तैयारी चल रही है। अहमदाबाद से मुंबई के बीच दौड़ने वाली इस ट्रेन के सफर के दौरान आप समंदर के नीचे 320 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ती ट्रेन से सफर का मजा ले सकेंगे। यह 508 किमी की दूरी को सिर्फ 2 घंटे में पूरा कर लेगी। इस बुलेट ट्रेन का रूट जमीन से लेकर समंदर की गहराई और ऊंचाई सब से होकर गुजरने वाला है। रूट में 23.3 किमी का सफर समंदर के नीचे से गुजरने वाला है। इस कोरिडोर में सुरंग की लंबाई 21 किमी है, जिसमें से 7 किमी अरब सागर के नीचे है। इस सुरंग में दो ऊपर और नीचे की पटरियों के लिए एक ही ट्यूब होगी। परियोजना के 340 किलोमीटर लंबे हिस्से पर निर्माण कार्य अच्छी गति से चल रहा है।*

## 2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

*साल के वे बड़े हादसे जिनसे दहल गया देश*
*(पेज-8 पर)*

### तीन नई एयरलाइंस को केंद्र ने दिया एनओसी

## शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस को हरी झंडी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने भारतीय एविएशन सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उद्देश्य से तीन नई एयरलाइंस को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी किया है। इन एयरलाइंस में शंख एयर, अलहिंद एयर और फ्लाई एक्सप्रेस शामिल हैं। सरकार का मानना है कि नए खिलाड़ियों के आने से विमानन बाजार में बड़ी कंपनियों पर निर्भरता घटेगी और यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे।यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब हाल के महीनों में इंडिगो के ऑपरेशनल व्यवधानों को लेकर सवाल खड़े हुए थे। इसके बाद सरकार ने महसूस किया कि तेजी से बढ़ते भारतीय एविएशन बाजार में ज्यादा एयरलाइंस और विकल्पों की जरूरत है।

### अभी लंबी है प्रक्रिया

- कंपनियों को एयरलाइन संचालन की प्रारंभिक अनुमति मिली है, उड़ान से पहले कई चरण अभी बाकी हैं।
- अगला अहम कदम डीजीसीए से एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (एओसी) हासिल करना होगा।
- विमान (फ्लीट) जुटाना, पायलट और ग्राउंड स्टाफ की नियुक्ति, मेंटेनेंस सिस्टम और रूट नेटवर्क की योजना बनानी होगी।

## व्यापार वार्ताः भारत ने अमेरिका को दिया अंतिम ऑफर

# टैरिफ 15% करें और रूसी तेल पर पेनाल्टी हटाई जाए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और अमेरिका के बीच चल रही ट्रेड वार्ता में भारत ने अपना अंतिम प्रस्ताव अमेरिका के सामने रख दिया है। भारत ने साफ तौर पर मांग की है कि उस पर लगाए गए कुल 50 फीसदी टैरिफ को घटाकर 15 फीसदी किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर लगाई गई अतिरिक्त पेनाल्टी को समाप्त किया जाए। दोनों देशों के बीच यह बातचीत द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर हो रही है, जिससे नए साल में किसी ठोस नतीजे की उम्मीद जताई जा रही है।

भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा है कि बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द सहमति बन सकती है, हालांकि किसी निश्चित समय-सीमा का खुलासा नहीं किया गया है। अमेरिका ने भारत पर लगाए कुल 50 फीसदी टैरिफ में से 25 फीसदी को 'रेसिप्रोकल टैरिफ' कहा है, जबकि बाकी 25 फीसदी रूस से तेल खरीदने की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का तर्क है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध में मदद मिलती है। हालांकि भारत का रूसी तेल आयात घट रहा है। नवंबर 2025 में भारत ने रूस से करीब 17.7 लाख बैरल प्रतिदिन तेल आयात किया था, जो दिसंबर में घटकर करीब 12 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया।



### दिल्ली में हुई अहम बैठक

इस सप्ताह भारत और अमेरिका की व्यापार टीमों के बीच दिल्ली में बैठक हुई। बातचीत दो मुख्य मुद्दों पर केंद्रित रही।

- एक व्यापक और स्थायी बीटीए पर सहमति
- अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को घटाने या हटाने के लिए एक अंतरिम फ्रेमवर्क समझौता

### अगर अमेरिका प्रस्ताव मान लेता है तो

- भारतीय उत्पाद अमेरिका में सस्ते होंगे, जिससे निर्यात बढ़ेगा।
- भारतीय कंपनियों को ज्यादा ऑर्डर मिलेंगे और रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- डॉलर की आमद बढ़ने से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
- भारत रूस से सस्ता कच्चा तेल बिना पेनाल्टी खरीद सकेगा, जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम काबू में रहेंगे।
- भारत-अमेरिका रिश्ते मजबूत होंगे और बड़ा व्यापार समझौता आसान होगा।

### अमेरिका प्रस्ताव नहीं मानता तो

- अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान महंगे रहेंगे, जिससे बिक्री घट सकती है।
- कुछ उद्योगों पर दबाव बढ़ेगा, मुनाफा और नौकरियों पर असर पड़ सकता है।
- रूसी तेल की खरीद महंगी या मुश्किल होने से ईंधन कीमतें बढ़ने का खतरा रहेगा।
- दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ सकता है और बीटीए में देरी होगी।

# 370 की दीवार गिराई, सबको दिया सम्मानः मोदी

### लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन

**लखनऊ, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65-65 फीट ऊंची प्रतिमाओं का अनावरण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने तीनों शख्सियतों के देश में योगदान की चर्चा की।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आर्टिकल 370 की दीवार गिराई, जिससे देश की एकता को मजबूती मिली। आजादी के बाद लंबे समय तक देश की उपलब्धियों को 'एक ही परिवार' के नाम से जोड़ा जाता रहा, जबकि भाजपा सरकार ने हर महापुरुष और हर योगदान को सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले केवल चुनिंदा परिवारों की मूर्तियां और स्मारक बनाए जाते थे, लेकिन अब देश के विभिन्न क्षेत्रों और विचारधाराओं से जुड़े महापुरुषों को सम्मान मिल रहा है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की वास्तविक भावना बताया। मोदी ने कहा कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थापित है और अंडमान-निकोबार में भी उस स्थान पर उनकी प्रतिमा है, जहां उन्होंने तिरंगा फहराया था। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. भीमराव आंबेडकर की विरासत को मिटाने की कोशिशें हुईं, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे संरक्षित किया और आगे बढ़ाया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लखनऊ की पहचान वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में ब्रह्मोस मिसाइल का बड़ा योगदान है और इसका निर्माण लखनऊ में हो रहा है।



### राष्ट्र प्रेरणा स्थलः 230 करोड़ की परियोजना

- **65** एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है राष्ट्र प्रेरणा स्थल
- **2022** में शुरू हुआ था इस स्थल का निर्माण कार्य
- **42** टन है प्रेरणा स्थल पर लगी हर एक प्रतिमा का वजन
- **65** फीट ऊंची हैं यहां स्थापित की गईं सभी प्रतिमाएं

### कांग्रेस पर हमला

- दिल्ली के एक 'शाही परिवार' ने आंबेडकर का जिक्र इसलिए नहीं किया कि कहीं उनके कद में कमी न आ जाए। सपा ने भी यही किया।
- कांग्रेस ने भाजपा को अछूत बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन हमारी सरकार ने प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न दिया और मुलायम सिंह यादव को भी सम्मानित किया।

## सेंगर की बेल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत अब सुप्रीम कोर्ट में चुनौती का विषय बन गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंगर की सजा को निलंबित करते हुए जमानत दी थी, जिसके खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

यह याचिका वकील अंजले पटेल और पूजा शिल्पकार की ओर से दाखिल की गई है। दोनों याचिकाकर्ता इस मामले में न तो निचली अदालत में और न ही हाईकोर्ट में पक्षकार रहे हैं। याचिका में मांग की गई है कि दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत को रद्द किया जाए। दिल्ली हाईकोर्ट ने कुलदीप सेंगर को जमानत देते हुए उसकी उम्रकैद की सजा को निलंबित कर दिया था।

# कैब बुकिंग ऐप्स में अब जेंडर च्वॉइस होगी जरूरी, महिलाएं चुन सकेंगी फीमेल ड्राइवर




**नई दिल्ली, जेएनएन।** जल्द ही ओला, उबर और रैपिडो जैसे कैब एग्रीगेटर ऐप्स पर यात्रियों को सेम-जेंडर ड्राइवर चुनने का विकल्प मिलेगा। खासतौर पर महिला यात्री अब राइड बुक करते समय फीमेल ड्राइवर का चयन कर सकेंगी। साथ ही सरकार ने टिपिंग सिस्टम को भी पारदर्शी बनाते हुए ड्राइवरों को 100 फीसदी टिप देने का नियम तय किया है। ये बदलाव मोटर व्हीकल एग्रीगेटर्स गाइडलाइंस, 2025 में संशोधन के जरिए किए हैं। केंद्र ने राज्यों को इन गाइडलाइंस को अपनी लाइसेंसिंग प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। सरकार के फैसले पर इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह कदम सुरक्षा के लिहाज से अहम है, लेकिन इसे लागू करना आसान नहीं होगा। कैब एग्रीगेटर इंडस्ट्री से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, देश में कुल कैब ड्राइवरों में महिलाओं की हिस्सेदारी 5 फीसदी से भी कम है। ऐसे में सेम-जेंडर ड्राइवर का विकल्प हमेशा उपलब्ध कराना मुश्किल हो सकता है।

### नियम की प्रभावी तारीख स्पष्ट नहीं

- नोटिफिकेशन में स्पष्ट प्रभावी तारीख नहीं है।
- माना जा रहा है कि यह नियम नोटिफिकेशन जारी होने की तारीख से ही प्रभावी हैं।
- जुलाई 2025 में राज्यों को 3 महीने का वक्त दिया गया था, संशोधनों के लिए भी ऐसा ही समय दिया जा सकता है।

### अब टिप का पूरा पैसा ड्राइवर को मिलेगा

- **सिर्फ ट्रिप के बाद टिपः** बुकिंग या सफर के दौरान टिप का विकल्प नहीं होगा।
- **कोई कटौती नहींः** यात्री जितनी टिप देगा, उसकी पूरी राशि ड्राइवर को मिलेगी।
- **भ्रामक तरीका प्रतिबंधितः** कंपनियां टिप के लिए किसी भी तरह का दबाव या भ्रामक डिजाइन इस्तेमाल नहीं कर सकेंगी।

## ऑनलाइन खरीदारी

### सिंगल यूजर्स ने ऑर्डर की सबसे ज्यादा चीजें; दूध टॉप पर, चाय ने कॉफी को पछाड़ा

# रेड बुल पर 16, नूडल्स पर 4 , कंडोम पर 1 लाख खर्च

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में फूड और ग्रॉसरी डिलीवरी अब सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत बन चुकी है। इस बदलते ट्रेंड को स्वीगी इंस्टामार्ट की ताजा सालाना रिपोर्ट साफ तौर पर दिखाती है। रिपोर्ट में देशभर के लाखों ऑर्डर्स का विश्लेषण किया गया है, जिसमें कुछ आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं। किसी ने रेड बुल पर 16 लाख रुपये, तो किसी ने नूडल्स पर 4 लाख और एक यूजर ने सिर्फ कंडोम खरीदने पर 1 लाख रुपये से ज्यादा खर्च कर दिए। रिपोर्ट में कुछ यूजर्स की खरीदारी ने सभी का ध्यान खींचा है। बेंगलुरु के एक यूजर ने सिर्फ नूडल्स पर 4.36 लाख खर्च किए। मुंबई के एक ग्राहक ने रेड बुल पर 16.3 लाख रुपए उड़ा दिए। वहीं चेन्नई के एक यूजर ने पेट प्रोडक्ट्स पर 2.41 लाख रुपए खर्च किए। बेंगलुरु में एक ऑर्डर ऐसा भी रहा, जिसमें 1.7 लाख का आईफोन और साथ में 178 रुपए की नींबू सोडा एक ही कार्ट में था। नोएडा के एक फिटनेस फ्रीक ने 1,343 प्रोटीन प्रोडक्ट्स पर 2.8 लाख रुपए लगाए।

चेन्नई के एक अकाउंट से 228 अलग-अलग कंडोम ऑर्डर, जिसका कुल खर्च 1 लाख से ज्यादा है।

रिपोर्ट बताती है कि 2025 में भारत का फोकस फिटनेस और न्यूट्रिशन पर तेजी से बढ़ा। टॉप-10 प्रोटीन प्रोडक्ट्स में से 7 प्रोटीन बार रहे। इनके बाद रेडी-टू-ड्रिंक शेक और हाई-प्रोटीन योगर्ट्स की भारी मांग रही।

भारतीय प्लेट में ग्लोबल टेस्ट भी जगह बना रहा है। कोरियन फूड की डिमांड में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। बेंगलुरु में गोचुजांग सॉस के ऑर्डर में 491 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। कोरियन कैटेगरी में करीब 90 फीसदी ऑर्डर नूडल्स के रहे।

### इतना दूध ऑर्डर किया कि 26 हजार स्वीमिंग पूल भर जाएं



रिपोर्ट के मुताबिक, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म अब 'इमरजेंसी ऑर्डर' तक सीमित नहीं रहे। घर का दूध, सब्जियां, फल, अंडे, दही से लेकर स्नैक्स और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स तक—सब कुछ अब मिनटों में मंगाया जा रहा है। 2025 में दूध सबसे ज्यादा ऑर्डर किया गया प्रोडक्ट रहा। आंकड़ों के मुताबिक, हर सेकेंड औसतन चार से ज्यादा पैकेट दूध ऑर्डर हुए। कुल मात्रा इतनी थी कि उससे 26 हजार से ज्यादा ओलंपिक साइज स्विमिंग पूल भरे जा सकते हैं। भारतीय रसोई की पसंद भी साफ दिखी—पनीर, चीज के मुकाबले 50 फीसदी से ज्यादा बिका। देर रात की भूख में मसाला फ्लेवर चिप्स सबसे आगे रहे। देश के 10 बड़े शहरों में से 9 में यही स्नैक्स टॉप पर रहा। कुछ चीजें ऐसी रहीं, जिनके बिना भारतीय घर अधूरे हैं। इनमें करी पत्ता, दही, अंडे, दूध और केला पूरे देश में सबसे ज्यादा बार रिपीट ऑर्डर हुए। कोच्ची के एक ग्राहक ने तो एक साल में 368 बार करी पत्ता ऑर्डर किया—लगभग रोज एक बार।

### एक कप कॉफी के मुकाबले 1.3 कप चाय

भले ही कैफे कल्चर बढ़ रहा हो, लेकिन रिपोर्ट का निष्कर्ष साफ है कि चाय अभी भी कॉफी पर भारी है। देश के टॉप 10 शहरों में हर एक कप कॉफी के मुकाबले 1.3 कप चाय ऑर्डर की गई। यानी चाय अब भी भारत की पहली पसंद है। इंस्टामार्ट के सबसे एक्टिव यूजर्स ने साल में 1,000 से ज्यादा ऑर्डर किए। इनमें कोलकाता में 1,197 ऑर्डर, मुंबई में 1,142, कोच्चि में 1,089 और गुरुग्राम में 1,033 ऑर्डर किए गए। ऑर्डरिंग के दो बड़े पीक टाइम सामने आए। यह सुबह 7 से 11 बजे और शाम 4 से 7 बजे के हैं। मेट्रो शहरों के अलावा टियर-2 शहरों में भी जबरदस्त बढ़त दिखी। राजकोट में ऑर्डर 10 गुना बढ़े, लुधियाना में 7 गुना और भुवनेश्वर में 4 गुना उछाल दर्ज किया गया।

**अभ्युदय ग्रोथ समिट में शाह ने निवेशकों को मंच से ही सौंपे जमीन आवंटन के पत्र (खबर पेज 7 पर)**






## कृषक सम्मलन में पहुंचे केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री, बसामन मामा में प्राकृतिक कृषि प्रकल्प का किया शुभारंभ

# किसान जगत का ताज है, उसकी मेहनत से पैदा हुए अनाज से भरता है सबका पेट : अमित शाह

- कहा- हर व्यक्ति पीपल के पांच पौधे लगाकर बसामन मामा के पर्यावरण संरक्षण संकल्प को करें पूरा
- 40 लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती को अपनाकर कमा रहे हैं लाभ








## केंद्रीय गृह मंत्री का रीवा एयरपोर्ट पर हुआ आत्मीय स्वागत

**रीवा।** केंदीय गृह मंत्री अमित शाह के गुरुवार को रीवा एयरपोर्ट आगमन पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अगवानी कर स्वागत किया। गृह मंत्री के साथ विमान में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी रीवा आए। विमानतल पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल रीवा एयरपोर्ट से अपरान्ह 3.20 बजे बसामन मामा के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए। रीवा एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, डॉ. अजय सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष मऊगंज डॉ राजेंद्र मिश्रा, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, अरुण द्विवेदी, आईजी गौरव राजपूत, संयुक्त कमिश्नर सुदेश मालवीय शामिल हैं।

जागरण, रीवा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रीवा जिले के बसामन मामा गौ वन्य विहार अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया। गृहमंत्री श्री शाह सेमरिया विधानसभा अंतर्गत बसामन मामा में आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल के लिए आये थे। उन्होंने किसान सम्मेलन में कहा कि आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती है। अटलजी सुशासन और राष्ट्रीयता के प्रतीक थे और अपने कर्मो के कारण महान बने। उनका वक्तव्य और जीवन एक जैसा था, वह जो कहते थे उसे करके दिखाते थे। ऐसे व्यक्ति विरले ही होते हैं। अटल जी को विंध्य क्षेत्र बहुत प्रिय था। विंध्य की गोद में बसे रीवा में तेजी से विकास हो रहा है। एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्रोजेक्ट रीवा में ही है। यहां फोरलेन सड़कें और 24 घंटे सेवा देने वाला एयरपोर्ट बन गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि रीवा में बेसहारा गायों को आश्रय देने के लिए बनाए गए बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के नए प्रयोग शुरू किए गए हैं। यहां विकसित किया जा रहा प्राकृतिक खेती का प्रकल्प किसानों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। धरती माता के स्वास्थ्य की रक्षा और अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती ही एकमात्र विकल्प है। प्राकृतिक खेती को हर किसान अपनाए। इसमें उत्पादन कम नहीं होता है। देश के 40 लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। प्राकृतिक और जैविक खेती से उत्पन्न अनाज, फल और सब्जियां केमिकल से मुक्त और हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती हैं। दुनिया भर में प्राकृतिक खेती का बहुत बड़ा बाजार है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिए देश में शीघ्र ही 400 से अधिक लैब कार्य करने लगेंगी। सहकारी संस्थाओं के माध्यम से जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण, पैकेजिंग और विपणन की व्यवस्था की जा रही है। बसामन मामा गौ वन्य विहार में जो एक्युरेशन फार्म स्थापित किए जा रहे हैं उन्हें भी बसामन मामा प्रकल्प के रूप में जाना जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। बसामन मामा ने पीपल के वृक्ष की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने विंध्य की जनता का आहवान किया कि सब लोग अगली बरसात में कम से कम पांच पीपल के पौधे रोपित करके बसामन मामा के नाम को सार्थक करें। यह उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पीपल के पेड़ से सबसे ज्यादा ऑक्सीजन का उत्सर्जन होता है।

**अपने ड्रायवर बीर बहादुर सिंह से बघेली में ही बतियाते थे अटलजी :** भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने उनसे जुड़ा एक रोचक संस्मरण सुनाते हुए बताया कि रीवा और यहां की बघेली बोली से उन्हें बहुत प्यार था। उनके ड्रायवर वीर बहादुर सिंह रीवा के ही थे। जब वह अपने ड्रायवर वीर बहादुर सिंह से बतियाते तो वह यहां की बघेली भाषा का ही प्रयोग करते थे। बतादें कि बीर बहादुर सिंह मुख्य रूप से नेबूहा गांव के रहने वाले हैं। वह वर्तमान आनंदनगर बोदा बागम में निवास रत हैं। वह तत्समय बीएसएफ पदस्थ थे।



## प्रदेश में दूध का उत्पादन 20 प्रतिशत तक ले जाएंगे : मुख्यमंत्री



कृषि सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 33 साल पहले सफलतापूर्वक जैविक और प्राकृतिक खेती का प्रयोग किया था। हमारी सरकार प्रदो में प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। खेती के साथ-साथ किसान की आय बढ़ाने के लिए दूध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश का दुग्ध उत्पादन अगले 5 सालों में 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए हम घर-घर में गौपालन को बढ़ावा देने के लिए गोपाल बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गायों में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है फिर क्या गायें दर-दर भटकें। उनके संरक्षण और संवर्धन के लिए गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है। सरकार द्वारा पहले 20 रुपये प्रति गायों के हिसाब से पैसा दिया जाता था जिसे बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गाय कर दिया गया है ताकि गायों को पालने में कोई परेशानी न हो। आज अटल जी का जन्मदिन है। जिन्होंने हमारी पार्टी की नींव रखी। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह के नेतृत्व में हमारी पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनी।

## रीवा को प्राकृतिक खेती में अव्वल जिला बनाएंगे : उप मुख्यमंत्री



किसान सम्मेलन समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्राकृतिक खेती के संकल्प से प्रेरणा लेकर बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प को जन्म दिया गया। यहां किसानों को प्रशिक्षण देकर प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रीवा को हम प्राकृतिक खेती में अव्वल जिला बनाएंगे। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य बेसहारा गायों को आश्रय देने के साथ प्राकृतिक खेती के मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है। देश के गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नक्सलवाद का सफाया किया है। आपकी लौह पुरुष जैसी कार्यशाली से अनेक कठिन लक्ष्य प्राप्त किए गए हैं। विंध्य की धरा पर गृहमंत्री श्री शाह का आगमन गौ माताओं के आशीर्वाद से ही हुआ है। गौ माता इतनी पवित्र हैं कि उसके गोबर और गौमूत्र का उपयोग पूजा में होता है। गाय में 33 कोटि देवताओं का वास माना जाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती गोपालन को बढ़ावा देने के साथ किसानों की आय में वृद्धि करेगी। प्राकृतिक खेती को अपनाने के बाद गौवंश भी बेसहारा नहीं रहेगा।

## प्राकृतिक खेती से समृद्ध होंगे किसान : खंडेलवाल



सम्मेलन में विधायक तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आज का दिन रीवा के लिए गौरव का दिन है। अटल जी के जन्मदिन पर प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया गया है। सुशासन अटल जी की विचारधारा थी। इसे मध्य प्रदेश में हमारी सरकार ने अमलीजामा पहनाया है। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के संकल्प से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिला है। इसे अपनाकर किसान समृद्ध होंगे और हम सबका स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। बसामन मामा में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प की जो शुरुआत हुई है उसकी गूंज दूर तक जाएगी।








बसामन मामा में प्राकृतिक खेती प्रकल्प का अवलोकन करते केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल।

## बसामन मामा में रोपित किया कल्पवृक्ष का पौधा

केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने बसामन मामा पहुंचकर प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने गौशाला में विकसित किए जा रहे प्राकृतिक खेती के विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। श्री शाह ने बसामन मामा में कल्पवृक्ष का पौधा रोपित किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के प्रकल्प के विषय में किए जा रहे नवाचारों की भी जानकारी ली। गृहमंत्री ने 60 तरह के बीजों, गौमूत्र तथा गोबर से बनाए गए कीटनाशक एवं खाद अंतर्वतीय फसलों, फाइव लेयर में की जा रही खेती, औषधीय पौधों की खेती, तथा फल उद्यान का अवलोकन किया। गृहमंत्री ने गौ अभ्यारण्य की गायों का दर्शन किया तथा गौ पूजन करके गौ ग्रास खिलाया।

## किसानों को गृहमंत्री ने किया सम्मानित

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने किसाना सम्मेलन के दौरान मंच से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानो को सम्मानित किया। गृहमंत्री ने बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में गौमाता की सेवा और प्राकृतिक खेती के लिए किए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सम्मेलन में गृहमंत्री ने प्राकृतिक और जैविक खेती करने वाले दो किसानों भूपेन्द्र सिंह तथा विवेक सिंह भदौरिया को संकल्प पत्र देकर सम्मानित किया।

## सम्मेलन में ये रहे मौजूद

किसान सम्मेलन में जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम, लखन पटेल, राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी, सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, भाजपा के प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, विमलेश मिश्रा विविप्र पूर्व उपाध्यक्ष तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह में सचिव कृषि विभाग निशांत वरबड़े, आईजी गौरव राजपूत, मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, कलेक्टर प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे अन्य अधिकारी तथा हजारों की संख्या में किसान एवं आमजन उपस्थित रहे।

## गृह मंत्री अमित शाह का बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में हुआ स्वागत

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आयोजित कृषक सम्मेलन में भाग लेने रीवा से हेलीकाप्टर द्वारा पहुंचे जहां हेलीपैड में उनका आत्मीय स्वागत किया गया। हेलीपैड में प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन मंत्री लखन पटेल, सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां इंजी नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

## प्रभारी मंत्री ने आमजनों से की मुलाकात



प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आमजनों से मुलाकात की। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह सहित जनप्रतिनिधि व स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का किया भ्रमण



प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का भ्रमण किया। उन्होंने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का अवलोकन किया तथा परंपरागत बीजों के संचय, गोमूत्र एवं गोबर से निर्मित खाद व कीटनाशक, अर्न्तवर्तीय फसल, औषधीय पौधों की खेती तथा फलोद्यान को भी देखा। उन्होंने गौशाला का भ्रमण भी किया।

महिला संबंधी सभी समस्याओं का उपचार
अनियमित माहवारी, P.C.O.D, बांझपन, ऑपरेशन, डिलीवरी, गर्भाशय की गांठ
डॉ. एच.एन.सिंह
MBBS, DGO
वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ, एल.टी.टी. सर्जन
दिन- बुध, गुरू, शुक्र, शनि एवं रविवार को रीवा में
दिन- सोम एवं मंगल को मऊगंज में
लगभग 1 लाख LTT ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध परामर्श
• मीनोपाज
• परिवार नियोजन
• यूरिन संक्रमण
• गर्भधारण संबंधी समस्या
• किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या
आयुष्मान मेडिकल स्टोर
उप्पल मोटर्स नेहरू नगर रोड, नया बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
9074442005

# प्रभु यीशु के जन्म की खुशी में उल्लासपूर्वक मना क्रिसमस पर्व



## प्रभु यीशु के संदेश का किया वाचन, विशेष प्रार्थना सभाओं का किया आयोजन

**जागरण, रीवा।** शहर में ईसा मसीह के जन्म की खुशी में क्रिसमस पर्व मनाया गया। बुधवार रात बारह बजे जैसे ही प्रभु यीशु का जन्म हुआ, वैसे ही समाजजनों ने एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। क्रिसमस पर्व के दौरान सांता क्लॉज, क्रिसमस टी, केक व जिंगल बेल उक्त त्योहार की पहचान होती है। एक माह पूर्व से ही समाजजनों ने क्रिसमस ट्री को रंग-बिरंगी लाइट्स, गेंद, चॉकलेट सहित अन्य गिफ्ट से सजाना शुरू कर दिया गया था। क्रिसमस पर्व पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया और समाजजनों ने मोमबत्ती जलाई। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की इसाई समाजजनों ने गले लगकर पर्व की बधाई दी। शांति कुटीर चर्च गुढ़ चौराहा व ज्योति क्राइस्ट चर्च बोदाबाग में चर्च की आकर्षक साज-सज्जा कर गौशाला की झांकियों का निर्माण किया गया। शांति कुटीर चर्च में फादर वीनित जान फ्राइडे द्वारा प्रभु यीशु के संदेश का वाचन किया गया। चर्च में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया, लोगों ने एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांति व प्रेम का संदेश दिया। गुरुवार को भी सुबह से देर रात तक ईसाई समुदाय द्वारा एक दूसरे के घरों में जाकर पर्व की शुभकामनाएं देने का सिलसिला चलता रहा।




# शहर के वार्ड 43 में जंगली जानवर की दहशत

**जागरण,रीवा।** शहर के कृष्णा नगर स्थित वार्ड 43 में जंगली जानवर की दहशत फैली हुई है। इलाके में तेंदुए की तरह जंगली जानवर देखे जाने की चर्चा भी जोरों पर है, वहीं एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक जानवर सड़क पर चलता दिखाई पड़ रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह फुटेज स्थानीय मोहल्ले का ही है, वहीं दावा किया जा रहा है कि वार्ड और मोहल्ले में सक्रिय जंगली जानवर द्वारा पालतू जानवरों को भी अपना शिकार बनाया गया है। बता दें कि शहर के भीतर स्थित मोहल्ले में जंगली जानवर के होने की पुष्टि खुद वार्ड 43 के पार्षद पुत्र पीतांबर कुशवाहा ने की है। पार्षद पुत्र ने इलाके में तेंदुए की तरह दिखने वाले जंगली जानवर के सक्रिय होने की पुष्टि करते हुए

चिकित्सा क्षेत्र में विंध्य को मिली ऐतिहासिक उपलब्धि

# दो बड़े दिल के छेद को भरा, न चीरा लगाया और न ही टांके

## सुपर स्पेशलिटी के हृदय रोग विभाग के चिकित्सकों ने रचा नया कीर्तिमान

**जागरण,रीवा।** सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने चिकित्सा के क्षेत्र मे विंध्य को ऐतिहासिक उपलब्धि दी है, बता दें कि इस बार सुपर स्पेशलिटी में एक साथ दो दिल के बड़े छेद को भरा गया है। हृदय रोग विभाग के चिकित्सकों ने एक बार फिर नया कीर्तिमान रचा है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की यह उपलब्धि स्वास्थ्य क्षेत्र में मील की पत्थर साबित होगी। विभागध्यक्ष डॉ.व्हीडी त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। हृदय रोग विभाग के चिकित्सक डॉ.एसके त्रिपाठी एवं डॉ.सुरेंद्र तिवारी की अगुवाई में टीम ने दो मरीजों के दिल में बड़े जन्मजात छेद (एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (एएसडी) को



बिना ओपन हार्ट सर्जरी को मात्र एक छोटी सी डिवाइस के माध्यम से सफलता पूर्वक बंद कर दिया। बताया गया मैहर जिले से 48 वर्षीय महिला व सतना से 45 वर्षीय महिला मरीज यह समस्या लेकर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल आईं थीं, जांच के बाद चिकित्सकों ने ओपन हार्ट सर्जरी करने का निर्णय लिया, चिकित्सकों की माने यह आधुनिक प्रक्रिया पहले केवल बड़े चीरे और ओपन हार्ट सर्जरी से ही संभव थी लेकिन अब कैथेटराइजेशन तकनीक से बिना किसी टांके या बड़े ऑपरेशन के यह इलाज किया गया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विंध्य क्षेत्र में पहली बार एक ही समय में दो एएसडी डिवाइस क्लोजर प्रक्रियाएं सफलता पूर्वक संपन्न हुई हैं।

### क्या है एएसडी

एएसडी एक जन्मजात हृदय रोग है, जिसमें मरीजों को बार-बार सांस की संक्रमण, अत्यधिक थकान, सांस फूलना और अन्य समस्याएं होती हैं। यदि समय पर कार्डियोलॉजिस्ट से संपर्क कर 2डी इको टेस्ट कराया जाए, तो इस समस्या का पता चल जाता है और इसे इस न्यूनतम आक्रामक डिवाइस प्रक्रिया से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इससे मरीज जल्दी स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जीने लगते हैं।

**उप मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं :** इस सफलता पर स्वास्थ्य मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, डीन डॉ.सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ.अक्षय श्रीवास्तव तथा कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.व्हीडी त्रिपाठी ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रक्रिया को सफल बनाने में नर्सिंग स्टाफ सतेंद्र, कैथलैब टेक्नीशियन जय नारायण मिश्रा, सुधांशु, मनीष, सत्यम, सुमन, विजय एवं सोनाली सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्वास्थ्य विभाग की अजब कार्यप्रणाली

# दो दिन में देनी थी ट्रैप कर्मचारी के खिलाफ जांच रिपोर्ट, एक साल बाद भी नहीं हो सकी पूरी

## जांच टीम में शामिल अधिकारी चुप्पी साध बैठे, ऐसे सैकड़ों जांचें दबा दी गईं

**जागरण,रीवा**

जिले में स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारी भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार करते जा रहे हैं लेकिन अधिकारी मौन साधे बैठे हुए हैं। यहां किसी भी मामले को दबाने के लिए जांच टीम बना दी जाती है और फिर जांच के नाम पर मामले को दबा दिया जाता है। हालांकि अब इन अधिकारी-कर्मचारियों पर लोकायुक्त पुलिस ने अपनी नजरें टेढ़ीं कर ली हैं और कार्यवाही की जा रही है। रायपुर कर्चु. सीएससी में सुपरवाइजर शिवशंकर तिवारी व बीएमओ डॉ.कल्याण सिंह को 8 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया गया था। इन दोनों अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कई जांचें लंबित हैं जो अब तक पूरी नहीं हुई हैं। शिवशंकर तिवारी के खिलाफ 12 माह पूर्व बनाए गए जांच दल को दो दिन में रिपोर्ट देनी थी लेकिन 12 माह बीत जाने के बाद भी अब तक जांच नहीं पूरी की जा सकी। इन पर महिला डाटा इंट्री ऑपरेटर ने अश्लीलता का अरोप लगाया तो स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। मामला कलेक्टर तक पहुंचा। कलेक्टर एक्टिव भी हुईं और सीएमएचओ को जांच के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने जांच टीम गठित कर दी और दो दिन के अंदर जांच दल को रिपोर्ट प्रस्तुत करने




के लिए कहा। अब हालात यह हैं कि अब तक जांच पूरी ही नहीं हो सकी, जबकि इस मामले को 9 माह से अधिक समय बीत चुका है, जिससे जिन अधिकारियों को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उनके कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति जिम्मेदारी का अंदाजा लगाया जा सकता है। जांच पूरी नहीं होने से आरोप सही है कि गलत, यह तय नहीं हो पा रहा है। अब लगभग इस आरोप की जांच को अधिकारी भूल चुके हैं।

### 50-50 हजार रुपए भी वसूले

बता दें कि शिवशंकर तिवारी पर कई महिलाओं ने शिकायत करते हुए आशा भर्ती के नाम पर ठगी किए जाने का आरोप भी लगाया था। 8 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसकी जांच नहीं हो सकी। आशा कार्यकर्ता के नाम से 50-50 हजार रुपए की वसूली एपीएम द्वारा कई महिलाओं से किए जाने का आरोप है। बता दें कि शिवशंकर तिवारी के खिलाफ पूर्व में भी कई जांच हैं, लेकिन अब तक वह पूरी नहीं हो सकीं।

### सीएमएचओ पर ही लगाने लगे थे आरोप

बता दें कि जिस शिवशंकर तिवारी को लोकायुक्त ने ट्रेप किया, उन्हें जब एपीएम की जिम्मेदारी से हटाया गया तो वह सीएमएचओ पर ही गंभीर आरोप लगाने लगे। इधर रायपुर कर्चु. में हो रही मनमानी की शिकायत सीएमएचओ से हुई तो वह कार्यवाही कर ही रहे थे कि शिवशंकर तिवारी रंगे हाथ ट्रैप हो गए।

# एक तरफ सफाई, दूसरी ओर मिला रहे गंदगी



**जागरण, रीवा।** एक ओर तो प्रशासन, नगर निगम द्वारा नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए नदियों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, विगत स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान नदियों में सफाई की भी गई, वहीं दूसरी ओर नदियों को प्रदूषित करने में भी नदियों में सफाई अभियान चलाने वाले जिम्मेदार ही गंदे नाले-नालियों को सीधे नदी में ही मिला रहे हैं। जिससे नदियां प्रदूषित होती जा रही हैं। जिसका एक उदाहरण देखा जा सकता है ढेकहा से जय स्तंभ आने वाले मार्ग में स्थित नगर निगम के संजीवनी अस्पताल के बगल में, जहां से नाले को सीधे समीप स्थित बीहर नदी में जोड़ दिया गया, इस नाले में वार्ड पांच की नालियां जुड़ी है, जिनकी गंदगी नाले के माध्यम से सीधे नदी के पानी में जाकर मिल नदी के पानी को प्रदूषित कर रही है। वार्ड वासियों ने बताया कि यह नाला लंबे समय से सीधा नदी में निकला है, नदी किनारे तक ही नाले का निर्माण किया गया है, गंदगी को नदी में जाने से रोकने के लिए कोई होज अथवा फिल्टर भी नहीं बनाया गया। नदियां प्रदूषित होने से उनमें रहले जलीय जीवों को नुकसान पहुंच रहा है वहीं पानी प्रदूषित होने से न तो नहाने लायक रह जाता है न ही अन्य उपयोग के लिए। जानकारों का कहना है कि जब नदियों में शहर की गंदगी समाहित कर रहे तो प्रतिवर्ष स्वच्छता के नाम पर नदियों की सफाई का नाटक क्यों किया जा रहा है?

**गंदे नाले-नालियों को सीधे जोड़ रहे नदी से**

# मप्र गौ सेवक संघ ने सौंपा केंद्रीय गृहमंत्री को ज्ञापन

**जागरण, रीवा।** जिले में दुग्ध समृद्धि योजना द्वितीय चरण का कार्य पांच रुपए में गौसेवक मैत्री द्वारा इंकार करने एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्ति व मासिक मानदेय दिलाए जाने पर गौसेवक मैत्री द्वारा पशुओं का उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, एनआईपी एवं गंभीर बीमारी लम्पी फंगस का कार्य करने बाबत प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद कार्यवाही न होने पर संघ द्वारा विगत 1 दिसंबर से प्रदेश व्यापी हड़ताल अनवरत जारी है। मप्र गौ सेवक संघ ने गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमीत शाह को ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से बताया कि गौ सेवक मैत्री ने गौसेवक मैत्री द्वारा पशुओं का उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, एनआईपी एवं गंभीर बीमारी लम्पी फंगस कार्यों के अलावा समय-समय पर टीकाकरण, टैकिंग आदि का कार्य विभाग के मार्गदर्शन में करते हैं। वर्तमान में गौ सेवकों से भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम एनआईपी, टीकाकरण एवं एनएडीसीपी टैकिंग का पशुपालन विभाग द्वारा लिया जा रहा है। ऐसे में कोई गौसेवक मैत्री किसी दुर्घटना का शिकार हो सकता है तो अपना ईलाज कराने में सक्षम नहीं। गौसेवक मैत्री द्वारा दुग्ध समृद्धि योजना के प्रथम चरण का कार्य भी पूर्ण किया गया। किन्तु शासन द्वारा दुग्ध समृद्धि योजना द्वितीय चरण का कार्य भी 5 रुपए प्रति घर के हिसाब से देकर करवाना चाहता है। गौसेवक मैत्री द्वारा बताया गया कि यदि शासन द्वारा गौसेवकों की ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्ति व छत्तीसगढ़ शासन अनुसार 13126 रुपए मासिक मानदेय का निर्धारण कर दिया जाए तो वे सभी कार्य करेंगे। गौ सेवक मैत्री ने निवेदन किया कि उन्हें घर-घर जाने में समय व खर्च लगभग 200 प्रतिदिन प्रतिदिन लगेगा। 10 परिवारों का महज 50 रुपए मिलेगा, जिससे गौसवेक का भरण पोषण कैसे होगा। उन्हें दवाईयों का छोटा मिनी किट उपलब्ध कराया जाए। गौसेवकों ने मांग की कि पंचायत स्तर पर नियुक्ति, मानदेय के लिए डायरेक्टर पशुपालक विभाग भोपाल का प्रस्ताव प्रदान करने की कृपा की जाए। इस दौरान देवेन्द्र कुमार मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, विनोद तिवारी, ललित पाण्डेय, अशोक कुशवाहा, महेन्द्र कुमार द्विवेदी, विपलेश कुमार द्विवेदी, संजय कुमार शर्मा, राकेश कुमार सागर, शशिकान्त शुक्ला, रावेन्द्र शुक्ला आदि गौस सेवक उपस्थित थे।

# राइस मिल में आ रही दिक्कतों को लेकर सौंपा सीएम को ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** मप्र राइस मिल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप सिंह एवं उनके साथ जिले के राइस मिल प्रतिनिधियों ने प्रदेश में राइस मिल में आ रही कठिनाईयों के बारे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राइस मिल में आ रही परेशानियों से अवगत कराते हुए जल्द ही निराकरण किए जाने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में राइस मिल प्रतिनिधि मौजूद थे।

# ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने किया जागरूक

जागरण, रीवा। सीएससी द्वारा संचालित वीजा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम खटखरी हनुमना जिला मऊगंज में सीएससी वीएलई दामोदर उपाध्याय द्वारा ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्रामीणों को बताया कि कैसे किसी अनजाने कॉल से बैंक ओटीपी मांगने पर क्या करना चाहिए, और डिजिटल अरेस्ट कैसे किया जाता है एवं इससे कैसे बचा जा सकता है। आजकल साइबर फ्रॉड बहुत तेजी से ग्रामीण अंचल पर भी हो रहा है। इसलिए वीजा सीएसआर द्वारा सीएससी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रबंधक सीएससी रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि सीएससी वीजा द्वारा गांवों में सीएससी केन्द्रों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फ्रिशिंग, डिजिटल अरेस्ट और अन्य साइबर खतरों से बचाना है।

आधार कार्ड अपडेट न होने से सामने आ रही बड़ी समस्या

# बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान पड़ा धीमा, 1.07 लाख के मुकाबले बने 35 हजार

## ओटीपी के लिए आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक होना जरूरी

**जागरण,रीवा।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सत्तर वर्ष या उससे अधिक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान ठंडा पड़ गया है। 11 माह पहले जोर-शोर से शुरू हुए अभियान की गति थम सी गई है। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक करीब 35 हजार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड ही बन सके हैं, जबकि शुरुआत में जिले में 1 लाख 23 हजार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य तय किया गया था लेकिन बाद में कई के नाम कटे और अब 1.07 लाख लोगो का लक्ष्य है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड का मोबाइल नंबर से लिंक होना जरूरी है, इसी नंबर पर कार्ड बनाते वक्त ओटीपी भेजा जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड न बन पाने में सबसे बड़ी समस्या आधार कार्ड से जुड़ी है, क्योंकि आयुष्मान कार्ड के लिए आधार का अपडेट होना जरूरी है।

### जागरूकता की भी कमी

योजना से जुड़े अधिकारियों की मानें तो ज्यादातर बुजुर्गों के आधार कार्ड में बायोमैट्रिक और मोबाइल नंबर अपडेट न होना बड़ी समस्या के रूप में सामने आ रहा है। यह बात पता चलने के बाद भी कि आधार कार्ड अपडेट होना जरूरी है, कई बुजुर्ग उम्र संबंधी वजहों, चलने फिरने में असमर्थता, पारिवारिक सहायता न होने समेत कुछ अन्य कारणों से आधार कार्ड अपडेट नहीं करा पा रहे हैं। इसके अलावा जागरुकता की कमी के कारण भी संख्या कम है।

> बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड अपडेट होना जरूरी है, ओटीपी आधार में दर्ज मोबाइल नंबर पर ही भेजा जाता है।
> **डॉ.संजीव शुक्ला, सीएमएचओ रीवा**

# नहीं हुई अलाव की व्यवस्था, फटे बारदाने जलाकर ठंड भगा रहे किसान

## खुले आसमान तले खुली पड़ी धान ओस से हो रही गीली, सुविधाघर की भी किसानों से वसूल रहे राशि



**जागरण, रीवा।** धान उपार्जन केन्द्रों में शासन की ओर से किसानों को ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था, यदि किसान को रात को रुकना पड़े तो उनके रुकने की व्यवस्था, सुविधाघर, स्नान, भोजन आदि की व्यवस्था की जाना है, किन्तु कड़कड़ाती ठंड में करहिया मण्डी स्थित धान उपार्जन केन्द्र में आने वाले किसानों को ठंड से बचाव के लिए अलाव तक की व्यवस्था नहीं, रात को रुकने वाले किसानों को इस हाड़ कंपाती ठंड से बचने के लिए मण्डी के आसपास पड़े फटे-पुराने बारदना एकत्रित कर जला ठंड से बचाव करना पड़ रहा है। इसके बाद भी उन्हें ठंड से राहत नहीं मिल रही। मण्डी में धान लेकर कोई किसान शाम से यहां आया हुआ था तो कोई दोपहर से अपनी धान तुलने का इंतजार कर रहा है, कोई तड़के चार बजे से यहां पहुंच गया। किसानों के लिए मण्डी में किसी प्रकार की सुविधा मुहैया नहीं करवाई गई। निर्माणाधीन शेड के नीचे किसानों के धान से भरे ट्रैक्टर खड़े थे, ठंड से ठिठुरते किसान वहीं आपस में बतिया रहे थे। किसानों बताया कि शासन की ओर से कौन सी सुविधा दी जाती है, उन्हें तो कोई सुविधा नहीं मिल रही, यहां तक कि पीने का पानी लेने भी मण्डी के प्रवेश द्वार के पास जाना पड़ता है। उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी नहीं है। किसान बस इतना चाहते हैं कि समय से उनका धान तौल दिया जाए जिससे वे अपना आगे का कार्य कर सकें। किसानों ने बताया कि यहां पर स्थित सुविधाघर का उपयोग करने के लिए प्रति किसान 10 रुपया वसूला जा रहा है, किसान मजबूरी में राशि देकर सुविधाघर का उपयोग कर रहे हैं।

### बारदानों के आसपास जमीन में लगा धान का ढेर

धान उपार्जन केन्द्र में जिस स्थान पर धान तौली जा रही है, वहां जमीन पर धान बिछी हुई है उसी के आसपास हजारों धान के बारदाने खुले आसमान तले पड़े हैं, बारदानों की सिलाई नहीं की गई, जिससे धान के बारदानों में ओस गिरने से धान गीली हो रही है। वर्तमान में धान उपार्जन केन्द्र की स्थिति यह है कि यदि अचानक बारिश हो गई तो धान हटा पाने का मौका भी नहीं मिल पाएगा। गत वर्ष भी धान खरीदी में इसी प्रकार की गलती देखने को मिली थी बारिश होने पर हजारों धान से भरे बारदानें गीले हो गए थे और धान काली पड़ गई थी। इसी तरह के हालात इस वर्ष भी देखने को मिल रहे हैं, धान का उठाव धीमी गति से हो रहा है, जिससे शेडों में धान रखने की जगह नहीं बची है।

# अब अधिकृत डीलर ही कर सकेंगे पुराने वाहनों की बिक्री

## पुराने वाहनों के कारोबार के लिए परिवहन विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य

**जागरण, रीवा।** प्रदेश में पुराने वाहनों (सेकंड हैंड गाड़ियों) की खरीद-बिक्री करने वाले डीलरों के लिए अब नियम सख्त कर दिए गए हैं। प्रदेश भर में बिना पंजीयन के चल रहे पुराने वाहनों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अब किसी भी डीलर को पुराने वाहनों का क्रय-विक्रय करने के लिए प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत बिना इस प्रमाण पत्र के व्यापार करने वालों के खिलाफ एक जनवरी 2026 से प्रदेशव्यापी धरपकड़ और कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी। परिवहन विभाग के नए नियमों के अनुसार अब वाहन मालिक को अपनी गाड़ी किसी भी अधिकृत डीलर को बेचते समय केंद्रीय मोटरयान नियम के तहत फॉर्म 29 सी भरना होगा। इस फॉर्म की सूचना आरटीओ को मिलते ही संबंधित डीलर उस वाहन का डीम्ड ओनर (माना गया मालिक) बन जाएगा। इसका सबसे बड़ा फायदा मूल वाहन मालिक को यह होगा कि गाड़ी हैंडओवर करते ही उसकी तमाम कानूनी जिम्मेदारियां खत्म हो जाएंगी। यदि भविष्य में उस वाहन से कोई दुर्घटना होती है या उसका दुरुपयोग होता है, तो वाहन डेटाबेस में डीलर का नाम प्रदर्शित होने के कारण मूल मालिक कानूनी पचड़ों से बच सकेगा। दस्तावेज अपडेट रखने की जिम्मेदारी भी डीलर की ही होगी। परिवहन विभाग ने इस प्रक्रिया को बेहद सरल और आनलाइन बनाया है। कोई भी डीलर मात्र 25 हजार रुपये का शुल्क जमा कर एनआइसी के माध्यम से वाहन पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकता है। वर्तमान में अधिकांश डीलर बिना पंजीयन के काम कर रहे हैं, जिससे शासन को 18 प्रतिशत जीएसटी का भारी नुकसान हो रहा है।

नए नियम के तहत डीलर को वाहन विक्रय पर होने वाले मुनाफे पर जीएसटी का भुगतान करना होगा। सड़कों पर दौड़ने के लिए तय किए नियम अधिकृत डीलर डीम्ड ओनर रहते हुए वाहन को केवल सीमित उद्देश्यों के लिए ही सड़क पर चला सकेगा। इसमें संभावित खरीदार को डेमो या ट्रायल देना, मरम्मत के लिए सर्विस सेंटर ले जाना या फिटनेस और पीयूसी प्रमाणपत्र के लिए निरीक्षण केंद्र तक ले जाना शामिल है। परिवहन विभाग ने सभी आरटीओ को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में सघन जांच करें। नए वाहनों के शोरूम संचालक भी यदि एक्सचेंज में पुरानी गाड़ियां लेते हैं तो उनके लिए भी यह डीलर ऑथोराइजेशन लेना अनिवार्य होगा।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# इसरो ने साल के आखिरी मिशन में रचा इतिहास

*इसरो ने इस साल के आखिरी मिशन के साथ ही इतिहास रच दिया है। इसरो ने इस साल के अपने आखिरी मिशन में सबसे भारी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है।*

*इसरो ने बुधवार की सुबह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 6,100 किलोग्राम के संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लैक, 2 को पृथ्वी की निचली कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर इतिहास रच दिया है। लिहाजा, प्रधानमंत्री और इसरो के प्रमुख ने इस उपलब्धि की सराहना की है, तो इसे समझा जा सकता है। इसरो द्वारा निचली कक्षा में स्थापित किया गया यह सबसे भारी पेलोड है। यह मिशन इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यू स्पेस इंडिया और अमेरिका की एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है।*

*एएसटी स्पेसमोबाइल पहली और एकमात्र स्पेस बेस्ड सेल्युलर ब्रॉडबैंड नेटवर्क बना रही है, जो सीधे स्मार्टफोन से जुड़ सकता है। इसका इस्तेमाल व्यावसायिक और सरकारी, दोनों कामों में किया जा सकता है। जहां तक इसरो की बात है, तो इस मिशन से व्यावसायिक क्षेत्र में उसकी पकड़ मजबूत होगी। इसरो ने इसकी लॉन्चिंग के लिए अपने एलवीएम 3 रॉकेट का इस्तेमाल किया। इसरो अपने इसी लॉन्च व्हीकल के जरिये चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वैश्विक स्तर पर सैटेलाइट इंटरनेट मुहैया कराने वाली-वन वेब के मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है। इस रॉकेट ने 2023 में चंद्रयान-3 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा कर इतिहास रचा था, तो वन वेब मिशन के जरिये एलवीएम से दो बार में कुल 72 उपग्रह पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किये गये थे।*

*अमेरिकी कंपनी का उपग्रह ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 एक अगली पीढ़ी की प्रणाली का हिस्सा है, जिससे मोबाइल नेटवर्क बेहतर होगा। इस उपग्रह के जरिये 4जी और 5जी स्मार्टफोन पर सीधे सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी मिलेगी और उपभोक्ता को किसी अतिरिक्त एंटीना या कस्टमाइज्ड हार्डवेयर की जरूरत नहीं पड़ेगी। फिलहाल सेलफोन को 4जी या 5जी नेटवर्क हासिल करने के लिए मोबाइल टावर की जरूरत पड़ती है। लेकिन इस उपग्रह के सफल होने के बाद टावर का काम खत्म हो सकता है और धरती पर कहीं से भी 4जी और 5जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डाटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस उपग्रह के लॉन्च होने से ग्रामीण और दूरदराज वाले इलाकों में डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होगी। पहाड़ी इलाकों, महासागरों और रेगिस्तानों तक मोबाइल सेवा पहुंच सकेगी और उन क्षेत्रों में 4जी और 5जी नेटवर्क सुविधा पहुंचाना आसान हो जायेगा, जहां अभी नेटवर्क की समस्या आम रहती थी। प्राकृतिक आपदाओं में जब टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो जाते हैं, तब भी सैटेलाइट नेटवर्क बेहतर रहता है।*

*इसरो की ये कामयाबी इसलिए भी खास है क्योंकि कई और देशों ने इस तरह के अंतरिक्ष मिशन के दौरान तगड़े झटके लगे थे। उन्होंने स्पेस मिशन को लेकर तैयारी तो बहुत की थी लेकिन प्रक्षेपण के समय तगड़ा झटका लगा था। इसमें ब्राजील, जापान, दक्षिण कोरिया के नाम प्रमुख हैं। दक्षिण कोरिया का पहला व्यावसायिक ऑर्बिटल रॉकेट, हनबिट-नैनो, ब्राजील से लॉन्च होने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रॉकेट के ऑपरेटर, इनस्पेस कंपनी ने बताया कि लॉन्च के 30 सेकंड बाद ही इसमें खराबी आ गई। रॉकेट में पांच सैटेलाइट थे, जिन्हें 300 किलोमीटर की निचली कक्षा में स्थापित किया जाना था। इससे पहले हादसे की घटना साल 2003 में ब्राजील के अल्कांतारा स्पेस सेंटर में हुई थी। इस दर्दनाक घटना में 21 साइंटिस्ट और टेक्निशियन की जान चली गई थी। जापान में भी ऐसा ही हादसा हुआ जब मार्च 2023 में रॉकेट में खराबी आ गई थी। रॉकेट की लॉन्चिंग में दूसरे स्टेज पर इसका इंजन काम नहीं कर सका था। इससे वह अपनी निर्धारित कक्षा तक नहीं पहुंच सका और जापान का उपग्रह नष्ट हो गया और लॉन्च विफल हो गया था। इन सभी घटनाओं को देखते हुए इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष उपलब्धियों के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी।*

# जीवन के पगचिन्ह...



मनुष्य अपने लिए... अपने सम्पूर्ण जीवन के लिए... अपने परिवार और अपनों के लिए... सब कुछ शुभ ही शुभ चाहता है... बस सिर्फ मुस्कुराहट ही मुस्कुराहट हो उसके अपने जीवन में... यही अभिलाषा यही प्रार्थना सारे जीवन मनुष्य करता रहता है...

स्वच्छंद जीवन... बंधन रहित आचरण... मनचाहे सुखों की प्राप्ति... अनियंत्रित कामनाओं की पूर्ति... ऊर्जा... उमंग... उत्साह से भरी... अक्षुण्य कभी न समाप्त होने वाली जवानी की उम्र... ऐसा शरीर न जिसे जरा आये... न रोग... न शोक... न निराशा... न कमजोरी... जो हमेशा जवान ही बना रहे... एक ऐसे जीवन की चाहत की मनोकल्पना में व्यर्थ बीतता हमारा सर्वश्रेष्ठ हिन्दू जीवन... रम्भा... मेनका... उर्वशी सी सुन्दर अप्सराओं से रति-रस का आमोद-प्रमोद... सिर्फ नर ही नहीं स्वर्ग के इन्द्रादि देवता भी चाहते हैं...

कल्पवृक्ष की कल्पना... कामधेनु गऊ की कामना... सुन्दर अप्सराओं के स्वार्गिक नृत्य का आनंद... सोमरस के पान से मस्त हुई नौजवानी... कभी न ढलने वाली तरुणाई...

**अभी शोख बचपन के पंखों में दुबका है रूप!**
**जैसे बादल की परतों में ढँकी सलोनी धूप!**
**धुआँ-धुआँ सी उड़ती नजरें,**
**ज्यों घिर आये मेघदूत वाले बादल कचनार!**
**अभी और करो तुम रतनारी, किरणों का श्रृंगार!**

यह कैसी अवधारणा है... हमारे हिन्दू जीवन की...? यह कैसी धार्मिक दृष्टि देते हैं... हमें हमारे ही धर्मग्रन्थ... यह कैसी स्वर्ग की कल्पना...? और सिर्फ हिन्दू धर्मग्रन्थ ही क्यों...'जन्नत' में 'हूर' मिलेगी... 'हैवन' में 'एंजल' (परी) मिलेगी यह तो इसाई और इस्लामिक जीवन दर्शन भी मानता है...

कैसा विचित्र है मानव मन... कितना विचित्र है मनुष्य का स्वभाव और कितनी अतृप्त हैं... इंसान की चाहतें... उसकी ख्वाहिशें... जिंदगी भर जिए भी तो उसी की आरजू में... और मरने के बाद भी उसी की तमन्ना है... बड़े-




बड़े धर्मात्माओं के हाथों में फिरती हुई जप-मालाओं से पूछ लो... सब मालाओं के मनके एक ही बात कहेंगे... हमें फेरने वाले को स्वर्ग मिल जाए... बस इसी दुआ के साथ हमें रात दिन वह फेरा जाता है... जिह्वा भले ही... राम-राम या अल्लाह हू... अल्लाह हू... बुदबुदाएं... हाथों की तस्वीह... करों में फिरती मालाएं... भले ही कोई भी मंत्रों के साथ फिरें... परन्तु सबके मन ही मन बस एक ही बात होती है...

**मेरे जी का विश्व बना दो, मेरे मालिक!**
**इन रंगीन धरा खण्डों पर,**
**अमृत रस बरसा दो मालिक,**
**माया, कंचन, कनक,**
**कामिनी का संग मिले, होऊँ हर्षित,**
**संस्कृति का बोझ न छुए**
**मुझे विगत इतिहास न करे प्रभावित,**
**प्रणय का जहाँ न खत्म हो कभी मधुमास,**
**ऐसी कृपा बरसा दो मालिक,**
**ऐसा मेरे जी का विश्व बना दो मेरे मालिक!**

तभी तो...'कबीरा' इसीलिए बोल उठता है...''**माला फेरत जुग भया, गया न मन का फेर**'' मिट्टी से बना शरीर मरने के बाद मिट्टी समीरा में ही मिल जाने वाला है... क्षिति... जल... पावक... गगन... को धारण करने वाले पंचतत्वों को शरीर के छूटते ही पुनः पंचतत्वों में विलीन हो जाना है... संत तुलसीदास तभी तो कहते हैं...

**क्षिति जल पावक गगन समीरा।**
**पंचतत्व रचित यह अधम शरीरा।।**

मृत्यु अवश्यम्भावी है... ''**जो आया सो जायेगा राजा रंक फकीर**'' फिर भी न जाने कैसी तासीर है हम सब मानवों की... न जाने माया के किस भ्रमजाल में उलझे हैं हम सब राजा, रंक और फकीर... सबकी 'देह' एक न एक दिन छूटनी ही छूटनी है... सभी को देह छूटते ही 'विदेह' हो जाना है... फिर यह 'देह' और 'देह' के सुखों की चाहत कैसी... जीते जी पृथ्वी पर सुखों की चाहत और मरने के बाद भी स्वर्ग में उन्हीं सुख-भोगों की कामेच्छा क्यों... और फिर भी... मानवों के हाथों में घूमते हुए जाप की माला के गुरिए... भला उन्हें कहाँ और कैसे मुक्ति दिलवा सकेंगे...?

सुखों की चाहत में... सात पुश्तों के लिए महले दो महले बनाने वालों से... या कि फिर... संसार से भाग कर भी... अपनी रूह के लिए स्वर्ग की कामना रखने वाले... केसरिया... हरे... या कि सफेद चोंगा पहने वालों से... मैं एक ही बात कहना चाहता हूँ कि...

महान पुरुषों के पदचिन्हों पर जमाना चलता है... और मेरे भाई...! पदचिन्ह अप्सराओं और इन्द्र के भोग-विलास भरे सुखों के बाद वाले स्वर्ग पर नहीं बना करते... पगचिन्ह तो धूल और काँटों से भरी पृथ्वी की ऊबड़-खाबड़, मेहनतकश पगडन्डियों में बना करते हैं... राजपथ पर... रागपथ पर... भला पगचिन्ह कब किसके बने...?

परोपकार की पगडन्डियों पर चलते हुए जिन्होंने मानवता की भलाई के लिए दूसरों के काँटे... अपनी पलकों से चुन ले... चरणचिन्ह तो ऐसे ही बुद्ध पुरुषों के... प्रतापी पुरुषों के... तपस्वी पुरुषों के... बनते हैं... और फिर... युगों-युगों तक ज़माना चलता है उन पगचिन्हों के पीछे...

झूठी हैं स्वर्ग की कल्पनाएं... जब देह नहीं... तो भोग नहीं... सो तुम स्वर्ग और देवता की चिंता न करते हुए... चिंतन करो अपनी 'आत्मा' का... तुम सत्य तत्व के चिंतन से अपनी ही आत्मा को इतना चैतन्य कर लो... उसे सेवा और परोपकार के तेज से इतना रोशन कर लो कि... फिर उसके प्रकाश से दूर हो जाये दूसरों के जीवन में अंधकार...

तुम्हारे ही अंदर से एक बार फिर से प्रगट होवे... महावीर की अहिंसा... गौतम बुद्ध की शाँति... मीरा का प्रेम... नानक की भक्ति... कबीर का वैराग्य... और तुम अपने जीते जी छोड़ जाओ... जमाने को रास्ता दिखलाने वाले अपने पदचिन्ह...

**शाम बीते, दूर जब**
**भटकती हुई गायें रम्भाएँ,**
**नींद में सो जाय जब,**
**खामोश डाली आम की,**
**तब तड़पती पगडण्डियों से पूछना मेरा पता,**
**तुमको बताएंगी कथा मेरी,**
**सुनाएंगी व्यथा हर शाम की,**
**पर तुम न अपना मन दुखाना,**
**मोह क्या उस जीवन से,**
**कि जिसका नेह टूटा, गेह छूटा,**
**हर नगर, हर डगर परदेश,**
**जिसके लिए अब,**
**हर डगरिया है राम की।**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# डोपिंग का दाग मिटाने के लिए तुरंत सक्रिय होना होगा

डोपिंग स्कैन्डल

अभिषेक दुबे

खेलों को लेकर दुनिया में दो मॉडल हैं। पहला मॉडल है अमेरिका, चीन और रूस का, जहां की व्यवस्थाएं सिलसिलेवार तरीके से मेडल जीतने वालों की फौज तैयार करती है। दूसरा तरीका है ग्रेट ब्रिटेन का, जिसमें वे इंग्लिश प्रीमियर लीग से लेकर विंबलडन जैसे बड़े खेल प्रॉपर्टी तैयार करते है, फिर इससे आने वाले कई वर्षों तक पैसा कमाते हैं। भारत में दोनों मॉडल में आगे जाने की संभावनाएं हैं। भारत मेडल तालिका में भी आगे जा सकता है और बड़ी जनसंख्या तथा बढ़ते मध्य वर्ग की वजह से प्रीमियर लीग जैसी बड़ी प्रॉपर्टी भी तैयार कर सकता है। लेकिन भारत को दोनों ही मॉडल में आगे जाने के लिए एंटी डोपिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में बीते तीन साल की घटनाएं खास तौर पर चिंताजनक हैं।

भारत विश्व डोपिंग स्कैंडल का केंद्रबिंदु बनता जा रहा है। अकेले 2024 में डोपिंग से संबंधित 260 पॉजिटिव मामले देश में रिपोर्ट हुए। इनमें सबसे ज्यादा 76 मामले एथलेटिक्स में, 43 मामले वेटलिफ्टिंग में और 26 मामले कुश्ती में सामने आये थे। जुलाई में पेरिस ओलिंपिक की सेमी फाइनलिस्ट रितिका हुड्डा पॉजिटिव पायी गयीं और उन्हें सस्पेंड किया गया। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में सिर्फ एक एथलीट ने भाग लिया और बाकी सब इसलिए स्पर्धा से भाग गये, क्योंकि उनके पॉजिटिव चिह्नित होने का डर था। वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी वाडा ने 16 दिसंबर को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में लगातार तीसरे साल भारत को डोपिंग के मामले में सबसे बुरा देश चिह्नित किया है। इससे पहले 2022 और 2023 में भी वाडा ने भारत को डोपिंग के दोष के मामले में सबसे बुरा देश चिह्नित किया था।

ऐसा तब है, जब भारत को 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिली है और भारत ने 2036 में ओलिंपिक की मेजबानी की दावेदारी पेश की है। लेकिन अगर डोपिंग का यह सिलसिला जारी रहा, तो वह दिन दूर नहीं, जब दुनिया हमें डोपिंग कैपिटल मानने लगेगी। इससे 2047 में खेलों में विकसित भारत बनाने के संकल्प को बड़ा धक्का लगेगा। तब भारतीय एथलीट न तो बड़ी प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा ले सकेंगे, न भारत खेल में बड़ी शक्ति बन पायेगा। भारत ने अब तक सिर्फ क्रिकेट में ही इंडियन प्रीमियर लीग नाम की ग्लोबल प्रॉपर्टी तैयार की है। ऐसा इसलिए भी संभव हो सका है, क्योंकि क्रिकेट में डोपिंग को लेकर नियम व्यापक नहीं हैं।



> **पिछले तीन साल से भारत डोपिंग स्कैंडल का केंद्रबिंदु बनता जा रहा है। इसके हल के लिए सरकार को इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और अल्पकालीन व दीर्घकालीन कदम उठाने की जरूरत है। अगर डोपिंग का यह सिलसिला जारी रहा, तो वह दिन दूर नहीं, जब दुनिया हमें डोपिंग कैपिटल मानने लगेगी। इससे 2047 में खेलों में विकसित भारत बनाने के संकल्प को बड़ा धक्का लगेगा। तब भारतीय एथलीट न तो बड़ी प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा ले सकेंगे, न भारत खेल में बड़ी शक्ति बन पायेगा।**

डोपिंग के मामलों में भारत के बाद फ्रांस का नंबर आता है, जहां डोपिंग के 91 पॉजिटिव मामले सामने आये। जबकि इटली में 85, अमेरिका ओर रूस में 76-76 और जर्मनी 54 मामलों के साथ पांचवें नंबर पर रहा। भारत को छोड़ इस सूची में शामिल शेष देश न सिर्फ भारत की तुलना में अधिक वैश्विक मुकाबलों में हिस्सा लेते हैं, बल्कि भारत से बड़े अंतर से मेडल भी जीतते हैं। इस कारण भारत की मौजूदा स्थिति ओर चिंताजनक हो जाती है। इससे पहले कि यह समस्या ओर विकट हो जाये, इस पर तत्काल प्रभाव से विराम लगाने की जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे। इसके अलावा तत्काल प्रभाव से अल्पकालीन ओर दीर्घकालीन कदम उठाने की जरूरत है। पहला, डोपिंग में सबसे अधिक मामले एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग ओर कुश्ती में सामने आये हैं। लिहाजा इन तीन खेल संगठनों से बात कर मॉडल प्रोजेक्ट के तौर पर दुरुस्त एंटी डोपिंग व्यवस्था बनाये जाने की जरूरत है। इसके तहत स्कूल से यूनिवर्सिटी स्तर पर और खासकर 'खेलो इंडिया गेम्स' में खिलाड़ियों का व्यापक टेस्ट कराया जाना, इन खेलों से संबंधित कोच पर जिम्मेदारी तय करना और 'खेलो इंडिया गेम्स' व नेशनल गेम्स से पहले भाग ले रहे खिलाड़ियों का डोपिंग जागरूकता को लेकर क्लिनिक कराया जाना शामिल है। दूसरा, कोच के नेटवर्क को लेकर राज्य ओर केंद्र के स्तर पर एक ट्रैकिंग तकनीक तैयार करना जरूरी है, जिसमें न सिर्फ कोच को डोपिंग को लेकर जागरूक करने की जरूरत है, बल्कि लगातार गलती होने पर उन्हें चिह्नित कर व्यवस्था से बाहर करने की जरूरत है। तीसरा, इन तीन खेल संगठनों को साफ तौर पर डोपिंग से संबंधित अंतराष्ट्रीय मानक का मैन्युअल साझा किया जाये, जिम्मेदारी तय की जाये ओर कड़े नियम तय किये जायें।

ऐसे ही, दीर्घकालीन कदम के तौर पर डोपिंग को लेकर शोध ओर विकास के स्पेशलाइज्ड सेंटर हर राज्य में विकसित किये जायें। इन सेंटरों को हर स्कूल, अकादमी ओर यूनिवर्सिटी के साथ ऑनलाइन जोड़ा जाये। दूसरा, गैर सरकारी ओर युवा संगठनों को शामिल कर एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान चलाया जाये, जिसमें ड्रग्स से लेकर सप्लीमेंट्स की समस्या को भी जोड़ा जाये, जिससे हमारे युवाओं की शक्ति सही कामों में लग सके। तीसरा, भारत की एंटी डोपिंग व्यवस्था को क्रमवार तरीके से इंग्लैंड और जर्मनी जैसे बड़े देशों के मॉडल के आसपास लाया जाये। अगर जरूरत पड़े, तो भारत किसी विकसित देश के साथ समझौता करके आगे बढ़ सकता है। अब वक्त आ गया है कि भारत 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स को लक्ष्य मानकर इस दिशा में व्यापक और सक्रिय तौर पर काम करे, जिससे डोपिंग के दाग को हमारे खेलों से हटाया जा सके।

प्रसंगवश

# संवाद बनाने का बेहतर मौका है कम कड़वाहट भरा सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र में 15 बैठकें हुईं, महत्वपूर्ण और विवादास्पद विधायी कामकाज के साथ-साथ, राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सरकार द्वारा राजनीतिक तमाशे का साक्षी बना। दस विधेयक पेश किये गये और आठ दोनों सदनों से पारित हुए। संसदीय मंजूरी हासिल करने वाले उल्लेखनीय विधेयकों में दर्जनों अप्रचलित कानूनों को खत्म या संशोधित करने वाला विधेयक; बीमा क्षेत्र में शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला विधेयक; आपूर्तिकर्ताओं का दायित्व घटाकर नाभिकीय शक्ति में निजी क्षेत्र का निवेश सुगम बनाने वाला विधेयक और सबसे अहम, साल 2005 में यूपीए सरकार द्वारा शुरू किये गये अग्रणी कल्याण कार्यक्रम, ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में बड़े बदलाव शामिल हैं। कई विधेयकों के नामों ने, जो हिंदी में थे, गैर-हिंदी क्षेत्रों के सांसदों के बीच एक बेचैनी पैदा की। उन्होंने उन संवैधानिक प्रावधानों की ओर ध्यान दिलाया जो कानूनों का मसौदा अंग्रेजी में तैयार किया जाना, साथ ही जरूरत के मुताबिक अनुवाद मुहैया कराना जरूरी बनाते हैं। बीमा विधेयक का नाम है 'सबका बीमा सबकी रक्षा', जबकि ग्रामीण रोजगार गारंटी विधेयक को 'विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' या 'वीबी-जी राम जी' नाम दिया गया है, जो 21 दिसंबर को राष्ट्रपति की सहमति से अधिनियम बन गया। वंदे मातरम् पर चर्चा में, सदस्यों ने लोकसभा में 65 प्रतिभागियों के साथ 11 घंटे बिताये और राज्यसभा में, 81 प्रतिभागियों के साथ, तकरीबन 13 घंटे बिताये। इसका इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों की देशभक्ति पर सवालिया निशान लगाने के एक और मौके की तरह करने के बजाय, संसद इस गीत को याद करते हुए एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर सकती थी। चुनाव सुधारों पर गर्मागर्म बहस लोकसभा में 62 वक्ताओं के साथ तकरीबन 13 घंटे चली और राज्यसभा में 57 वक्ताओं के साथ तकरीबन 11 घंटे चली। भारतीय चुनावों में विश्वसनीयता के संकट से निपटने के लिए, यह पार्टी लाइनों से परे जाकर खुले मन से चर्चा का मौका था, लेकिन इसे भी गंवा दिया गया। चुनावों की विश्वसनीयता के सवालों को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पूर्वाग्रही रवैयों से भारत के संसदीय लोकतंत्र का भला नहीं हो रहा है। विपक्ष ने दिल्ली में वायु प्रदूषण, जो एक भारी जन स्वास्थ्य संकट है, पर चर्चा की मांग की, लेकिन सरकार ने इजाजत नहीं दी। विधेयक जल्दबाजी में पारित किये गये और कानूनों को आकार देने में संसदीय समितियों की भूमिका सीमित रही, अलबत्ता प्रश्नकाल और शून्यकाल ज्यादा उत्पादक रहे। हालिया अतीत में जैसा देखा गया उसके मुकाबले यह शीतकालीन सत्र काफी कम कटुतापूर्ण रहा- यह तथ्य कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया। परिणामस्वरूप, कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने सत्र के समापन पर लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की ओर से चाय का रवायती न्योता स्वीकार किया। इन मुलाकातों की वजह से सरकार और विपक्ष के बीच खुशनुमा संवाद भी हुआ। इस अमल को जारी रखने तथा और आगे ले जाने की जरूरत है।

> **अतीत के सत्रों के माहौल के मुकाबले यह शीतकालीन सत्र काफी कम कटुतापूर्ण रहा- यह तथ्य कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया। परिणामस्वरूप, कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने सत्र के समापन पर लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की ओर से चाय का रवायती न्योता स्वीकार किया।**



## ।।गीता।।



**श्लोक**

**गतस स्य मुक्तस्य ज्ञानावस्थितचेतसः।**
**यज्ञायाचरतः कर्म समग्रं**
**प्रविलीयते।।**

**भावार्थ**

**जिसकी आसक्ति सर्वथा नष्ट हो गयी है, जो देहाभिमान और ममतारहित हो गया है, जिसका चित्त निरन्तर परमात्मा के ज्ञान में स्थित रहता है, ऐसा केवल यज्ञसम्पादन के लिए कर्म करने वाले मनुष्य के सम्पूर्ण कर्म भली भाँति विलीन हो जाते हैं।**

जीवन दर्शन

# रिक्त मन में छिपा है जीवन का सौंदर्य

मन को क्षण भर विचारों से मुक्त और निर्मल करना आवश्यक है। यह स्वाभाविक रिक्तता मन को बीते कल और आने वाले भविष्य की चिंताओं से स्वतंत्र रखती है, जिससे शांति प्राप्त होती है।

मन को क्षण भर गैर-जरूरी विचारों से मुक्त और निर्मल करना आवश्यक है। यह स्वाभाविक रिक्तता मन को बीते कल और आने वाले भविष्य की चिंताओं से स्वतंत्र रखती है, जिससे शांति प्राप्त होती है। मृत्यु को स्वीकार करना तो सरल है, पर इस निरंतर रिक्तता में बने रहना कठिन है, क्योंकि निरंतरता का अर्थ है, किसी न किसी रूप में 'बने रहने' का प्रयास। और जहां प्रयास है, वहां इच्छा है। इच्छा तभी समाप्त होती है, जब मन 'पाना' छोड़ देता है। जीवन को केवल जीना कितना सरल है! इस सरलता में कोई जड़ता नहीं है। कुछ पाने की चाह न हो, कुछ बनने की लालसा न हो, कहीं पहुंचने का आग्रह न हो, यही अवस्था मन को अतीव आनंद देती है। जब मन विचारों से मुक्त और निर्मल हो जाता है, तभी सृजन के मौन का उदय होता है। जब मन किसी लक्ष्य की ओर दौड़ता है, सफलता की चाह में उलझा रहता है, तब उसकी नीरवता संभव नहीं। मन के लिए कहीं पहुंच जाना ही सफलता है,



**जब मन विचारों से मुक्त और निर्मल हो जाता है, तभी सृजन के मौन का उदय होता है।**

चाहे आरंभ में मिले या अंत में। जब तक मन स्वयं के बनने-बनाने के जाल को बुनता रहेगा, वह निर्मल नहीं हो सकता। उसकी सबसे बड़ी कठिनाई है, स्थिर होना। मन लगातार चिंतित रहता है, किसी न किसी चीज के पीछे भागता है, कुछ पकड़ने या छोड़ने में व्यस्त रहता है। विचारों की इस निरंतर दौड़ में, एक विचार दूसरे का बिना रुके पीछा करता रहता है। जैसे किसी पेंसिल को बार-बार छीलने पर वह जल्दी समाप्त हो जाती है, वैसे ही मन भी अपने लगातार उपयोग से थक जाता है। उसे अपनी समाप्ति का भय सताता है। पर वास्तव में जीना है, प्रतिदिन समाप्त होना, यानी उपलब्धियों, स्मृतियों और अनुभवों से मुक्त रहना। अनुभव हमेशा अतीत का होता है, जबकि अनुभूति वर्तमान की जीवंतता है, जिसमें अनुभवकर्ता के रूप में स्मृति उपस्थित नहीं रहती। मन की रिक्तता, यही हृदय की सबसे सच्ची शांति है। वास्तव में सौंदर्य अनुभव में नहीं, बल्कि अनुभूति में है; सृजन इसी मौन में जन्म लेता है।

जीवन की भागमभाग में हमारा मन अक्सर बेचैन रहता है, वह कभी स्थिर नहीं हो पाता। अंत में, जब सबकुछ हमसे दूर होने लगता है, तब एहसास होता है कि काश हमने शांत मन से बस एक बार जी लिया होता। सबकुछ हमारे ही हाथों में है, हम अपने विचारों से स्वयं को या तो दुखी कर सकते हैं या उन्हीं से ऊर्जावान बना सकते हैं।

**-जे. कृष्णमूर्ति**

## सिविल जज के पद पर उत्कर्ष का चयन



परिवार सहित इष्ट-मित्रों ने दी शुभकामनाएं

**जागरण,रीवा।** शहर के पद्मधर कॉलोनी निवासी उत्कर्ष द्विवेदी का सिविल जज के पद पर चयन होने के बाद गुरुवार को परिवार सहित इष्ट-मित्रों ने शुभकामनाएं दीं। बताया गया कि उत्कर्ष शासकीय कन्या महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक महेंद्रमणि द्विवेदी के पुत्र हैं। माता सुशीला द्विवेदी शिक्षका हैं। उत्कर्ष द्विवेदी का चयन राजस्थान न्यायिक सेवा के ज्यूडिशल सर्विस में होने के बाद घर में उत्सव का माहौल रहा। उत्कर्ष द्विवेदी की स्कूल की शिक्षा सेक्रेट हार्ट विद्यालय से हुई, टीआरएस कॉलेज से बीकॉम ऑनर्स की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी किया, इसके बाद एपीएस यूनिवर्सिटी से एलएलएम की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अपने लक्ष्य की ओर बढ़ गए।

## घर-घर में मनाया गया तुलसी पूजन दिवस



**रीवा।** तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर तोपखाना सिंधी धर्मशाला में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा ने बताया कि तुलसी का स्थान भारतीय संस्कृति में पवित्र और महत्वपूर्ण है। तुलसी पूजन पर्व सतना, जबलपुर, कटनी, हनुमना आदि स्थानों में श्रद्धा के साथ मनाया गया। आयोजन में भजनलाल सचदेव, कैलाश आहूजा, बंशीधर वाधवानी, महेश साहू, अशोक सर्राफ विनोद पटेल, पुष्कर वर्मा, महिला समिति की सचिव दिशा लालवानी, अध्यक्ष मधु शिवनानी, मनीला, भावना, काशी खिलवानी, सुधा वर्मा, वंशिका तुलसानी आदि साधक उपस्थिति रहे।

### सीबीएसई ने जारी किया नोटिफिकेशन

# केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा फरवरी 2026 में होगी

### दो पेपर होंगे, एससी-एसटी और दिव्यांगों को छूट




**जागरण,रीवा**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा फरवरी 2026 के आयोजन की घोषणा कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को पूरे देश के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इस बार भी परीक्षा दो पेपर्स में होगी। इसमें पेपर 1 कक्षा 1 से 5 और पेपर 2 कक्षा 6 से 8 के लिए आयोजित करेंगे। सीबीएसई की ओर से केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा तिथि की घोषणा के साथ ही यह जानकारी दी गई है कि आवेदन प्रक्रिया किसी भी समय शुरू की जा सकती है। आवेदन शुरू होते ही विस्तृत अधिसूचना वेबसाइट सीबीएसई पर जारी की जाएगी। पेपर 1 (कक्षा 1 से 5) के लिए अभ्यर्थियों को 12वीं कक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ 2 वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन डीएलएड या उसके समकक्ष योग्यता प्राप्त होनी चाहिए। कुछ मामलों में स्नातक डिग्री के साथ बीएड धारक भी पात्र होंगे। पेपर 2 (कक्षा 6 से 8) के लिए उम्मीदवारों को स्नातक डिग्री के साथ 2 वर्षीय डीएलएड या इसके समकक्ष कोर्स पास होना आवश्यक है। पेपर 1 में पास उम्मीदवार कक्षा 1 से 5 तक शिक्षक भर्ती के लिए पात्र होंगेए जबकि पेपर 2 में क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवार कक्षा 6 से 8 तक के शिक्षक पदों के लिए पात्र माने जाएंगे।

**परीक्षा प्रारूप ऐसा होगा**

सीटीईटी परीक्षा दो शिफ्टों में आयोजित होगी। प्रत्येक पेपर का समय दो घंटे तीस मिनट होगा। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। सीबीएसई की यह घोषणा शिक्षण क्षेत्र में करियर बनाने वाले अभ्यर्थियों के लिए बड़ा अवसर लेकर आई है।

**प्रक्रिया ऐसे चलेगी**

- उम्मीदवारों को पहले आधिकारिक वेबसाइट सीबीएसई के पोर्टल पर जाना होगा।
- केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 एप्लीकेशन लिंक पर क्लिक करना होगा।
- मांगी गई जानकारी भरकर रजिस्ट्रेशन पूरा करें।
- फॉर्म में शैक्षणिक योग्यताए पता आदि डिटेल्स भरना होगी।
- हस्ताक्षर और फोटो अपलोड करना होगा।
- अंत में निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन सबमिट करना होगा।
- आवदेक को आवेदन फॉर्म का एक प्रिंटआउट सुरक्षित रखना होगा।

**आवेदन शुल्क...**

- केवल एक पेपर (पेपर 1 या 2) के लिए आवेदन शुल्क 1000 होगा।
- दोनों पेपर्स के लिए 1200 का शुल्क जमा करना होगा।
- एससी-एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए एक पेपर का शुल्क 500 और दोनों पेपर्स के लिए 600 निर्धारित किया गया है।

## कार्तिकेय मिश्र को मिला युवा वैज्ञानिक सम्मान




**जागरण, रीवा।** कार्तिकेय मिश्र को 13वीं अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में 'इंटरनेशनल यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड फॉर बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन' से सम्मानित किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इंटरनेशनल साइंस कम्युनिटी एसोसिएशन द्वारा डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान कार्तिकेय मिश्र ने 'मशीन लर्निंग तकनीकों के माध्यम से भूमि उपयोग एवं भूमि आवरण परिवर्तनों का विश्लेषण एवं पूर्वानुमान' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। अपने शोध में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या शहरीकरण को बढ़ावा दे रही है, जिसके परिणामस्वरूप निर्मित क्षेत्र में निरंतर वृद्धि तथा वनस्पति एवं हरित आवरण में उल्लेखनीय कमी हो रही है। शोध निष्कर्षों के अनुसार, आवासीय विस्तार, आधारभूत संरचनाओं के विकास एवं मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण प्राकृतिक भूमि आवरण पर गंभीर दबाव पड़ा है। मशीन लर्निंग आधारित मॉडल भविष्य में होने वाले इन परिवर्तनों का पूर्वानुमान प्रस्तुत करते हैं, जो पर्यावरण संरक्षण, शहरी नियोजन, जल संसाधन प्रबंधन एवं सतत विकास नीतियों के निर्माण में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कार्तिकेय मिश्र रीवा जिले के गंगेव विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बांस के अमवा गांव के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर डॉ. एच. एल. तिवारी के मार्गदर्शन में पीएचडी शोध कर रहे हैं। कार्तिकेय मिश्र की इस उपलब्धि पर उनके दादा सूबेदार मेवालाल मिश्र एवं दादी लीला देवी सहित सभी स्वजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## रीवा एयरपोर्ट का नामकरण रीवा के प्रथम सांसद के नाम किए जाने की मांग



**जागरण, रीवा।** ग्राम पंचायत देवरा फरेंदा के ग्रामवासियों सहित अधिवक्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम आवेदन देकर रीवा एयरपोर्ट का नामकरण रीवा के प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सैनानी आधुनिक भारत के निर्माता व रीवा के प्रथम सांसद स्व. राजभानु सिंह तिवारी के नाम किए जाने की मांग की है, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वतंत्रता संग्राम में उनके महान योगदान को याद कर गौरवान्वित हो सके। यह उनके अमूल्य योगदान के प्रति सच्ची आदरांजलि होगी।

## विश्वगीता प्रतिष्ठानम् रीवा द्वारा आयोजित की गई गीताज्ञान कार्यशाला



**रीवा।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम् रीवा द्वारा आयोजित एक दिवसीय गीताज्ञान कार्यशाला प्रधान मंत्री आवास परिसर रेवाखंड सोसाइटीज में स्थित हनुमान मंदिर रीवा में बहुत ही भव्य रूप से संपन्न हुआ। गुरुवार 25 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में डॉ अतुल कुमार तिवारी माइक्रो बायोलॉजी विभागाध्यक्ष अ प्र सिं वि वि रीवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्ष के रूप में डा विष्णुनारायण तिवारी ग्वालियर केन्द्रीय महामंत्री और विशिष्ट अतिथि के रूप में डा मोतीलाल शुक्ल सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा व डा भारतेन्दु मिश्र पुस्तकालयाध्यक्ष माडल विज्ञान महाविद्यालय रीवा उपस्थित रहे।

ग्वालियर से पधारे केन्द्रीय महामंत्री डा विष्णुनारायण तिवारी जी द्वारा संगठन से संबन्धित व दायित्वबोध पर विशेष व्याख्यान दिया गया। तत्पश्चात स्वाध्याय कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें शुभाषित डा भारतेन्दु मिश्र, अमृत बचन डा मोतीलाल शुक्ल, प्रेरक प्रसंग सुरेश पाण्डेय जी ने पढा। एकादश अध्याय के प्रारंभ के 11 श्लोक का बाचन डा प्रभाकर त्रिपाठी जी ने किया व इन्ही श्लोकों की संक्षिप्त व्याख्या डा राजेंद्र प्रसाद मिश्र प्राचार्य महोदय ने किया। इसके बाद इसी विषय पर संक्षिप्त विवरण डा जे एल त्रिपठी केन्द्रीय उपाध्यक्ष जी ने किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमाकांत शर्मा, प्रेमलाल पाण्डेय स्वाध्याय प्रमुख महाकौशल प्रांत, महेंद्र पाण्डेय, राघव प्रसाद मिश्र, अशोक शर्मा, बिहारी लाल गर्ग, मोहनलाल शुक्ल, सुरेश कुमार शर्मा, केदार पाण्डेय, रमेश गिरि, मिथिला प्रसाद गौतम, शियाशरण त्रिपाठी, लालबिहारी सिंह, हरिनारायण तिवारी, प्रेमसागर द्विवेदी, रामशुसील पाण्डेय, अंजनी कुमार मिश्र, कमलेश्वर द्विवेदी, शिवार्चन त्रिपाठी, कृष्ण कुमार पाण्डेय,,प्रदीप कुमार पाण्डेय, शेषमणि द्विवेदी, रामनरेश सेन, एच पी मिश्र, दीपक जी, रामानुज दुबे,राममूर्ति दुबे, नेहा मिश्रा,रविशंकर शुक्ल सौ से अधिक गीता प्रेमियों ने भाग लिया।

## केवीके में हुआ कृषक सम्मेलन का सीधा प्रसारण



**जागरण, रीवा।** बसावन मामा में कृषक सम्मेलन कार्यक्रम का कृषकों के बीच सीधा प्रसारण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रीवा में बसामन मामा गौ अभयारण्य का शुभारंभ किया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसके कई लाभ हैं- जैसे कि उपज की गुणवत्ता में सुधार और बीमारियों से मुक्ति। श्री शाह ने कहा कि सरकार किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर बाजार प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में कृषकों के बीच गौ संवर्धन, सरंक्षण एवं प्राकृतिक खेती पर जो दिया। आयोजन में रीवा के प्रगतिशील कृषक, वैज्ञानकि एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द के वैज्ञानिक डॉ राजेश सिंह, एके पटेल, डॉ के सी सिंह, डॉ सी जे सिंह, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ स्मिता सिंह, संदीप शर्मा, डॉ संजय सिंह, एम के मिश्रा ने अपने अपने विषय से संबंधित रबी की फसलों में समसामयिक तकनीक की जानकारी कृषकों को दी। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ किंजल्क सी. सिंह और धन्यवाद डॉ अखिलेश कुमार ने व्यक्त किया।

### स्व. नरेन्द्र सिंह स्मृति सीनियर अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता

## सिंगरौली की टीम पहुंची सेमी फाइनल में

### मऊगंज के राजशेखर द्विवेदी बने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशानुसार एवं रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व मे स्थानीय एमपीसीए क्रिकेट मैदान में खेली जा रही स्व. नरेन्द्र सिंह स्मृति अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (सीनियर) के अंतर्गत सिंगरौली एवं मऊगंज की टीमों के बीच खेला गया पहला 2 दिवसीय क्वार्टर फाइनल मैच बिना किसी नतीजे के ड्रा समाप्त हो गया परंतु पहली पारी में 22 रनों की लीड लेने के कारण 3 अंक अर्जित करते हुये सिंगरौली की टीम ने सेमी फाइनल में पहुंचने का गौरव पाया है । उक्त जानकारी देते हुये आरडीसीए सह सचिव अनुराग सेठी ने बताया कि इस 2 दिवसीय मैच के पहले दिन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये सिंगरौली की टीम ने पहली पारी में 245 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके जवाब में दूसरे दिन के खेल में मऊगंज की ओर से उनके एकमात्र बल्लेबाज राजशेखर द्विवेदी ने काफी जुझारू खेल दिखाया व अपनी बल्लेबाजी से मैच के अंत तक सिंगरौली के गेंदबाजों की नाक मे दम करके रखा परंतु उन्हें अपनी टीम के अन्य बल्लेबाजों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका, जिसके कारण मऊगंज की पहली पारी 86 ओवरों में 223 रनों के स्कोर तक पहुंच सकी । आज का दिन राजशेखर के नाम था, जिन्होंने 199 गेंदों का सामना करते हुये 130 रनों की यादगार पारी खेली व अंत तक आउट नहीं हुये । उनके अतिरिक्त सूरज दाहिया ने 25 रन बनाये । सिंगरौली की ओर से उनके श्रेष्ठ गेंदबाज सरफराज अहमद ने 4 विकेट लिये जबकि शार्दुल ठाकुर को 2 विकेट मिले । इस प्रकार पहली पारी में मात्र 22 रन पीछे रहने के कारण इस प्रतियोगिता से मऊगंज की टीम बाहर हो गयी जबकि सिंगरौली की टीम ने सेमी फाइनल में प्रवेश किया। मैच के समाप्त होने के बाद 130 रनों की नॉट आउट पारी खेलने वाले मऊगंज के राजशेखर द्विवेदी को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया । इस मैच में अंपायरिंग का दायित्व सुहैल खान एवं नवीन तिवारी के द्वारा उठाया गया जबकि प्रवीण सिंह नन्हे स्कोरर रहे । एमपीसीए क्रिकेट मैदान में सीधी एवं मैहर की टीमों के बीच आज से 2 दिवसीय दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा जिसके अंपायर धीरेन्द्र शुक्ला एवं नीलेश पटेल होंगे, जबकि प्रवीण सिंह स्कोरर का दायित्व निभायेंगे। चयनकर्ता के रूप में सतना के अभिनव भट्ट मैच के दौरान उपस्थित रहेंगे।

## सेंट्रल एकेडेमी स्कूल का वार्षिकोत्सव 27 को

**रीवा।** सेंट्रल एकेडेमी स्कूल का वार्षिकोत्सव कल मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुभव मिश्रा डिप्टी डॉयरेक्टर मिलिस्ट्री इंजीनियर सर्विसेस रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल कैंपस में ही दोपहर 12 बजे से होगा।


### प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में।



**रीवाः** अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे- केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेड़े मेड़े पाँव का उपचार, रीड की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.


## न शौचालय साफ हुए, न प्राचार्यों पर लगा जुर्माना

### उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार मात्र खर्च हो रही राशि




**जागरण,रीवा।** जिले के सरकारी महाविद्यालयों को शौचालय की साफ-सफाई रखनी होगी। आवश्यकता अनुसार महाविद्यालय विभागीय संपत्तियों के संधारण योजना से 5 लाख रुपये तक शौचालय की मरम्मत आदि में राशि खर्च कर सकेंगे। शौचालय में गंदगी की शिकायत मिलने पर प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह चेतावनी उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त ने दो वर्ष पूर्व जारी एक पत्र में दी थी। इस पत्र में उल्लेखित था कि प्राचार्य महाविद्यालय के शौचालयों की देखरेख हेतु समिति का गठन करें, जिसमें एक-एक छात्र, छात्रा, एक एनजीओ सदस्य व एक शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य को शामिल किया जाये। यह समिति नियमित रूप से शौचालयों की सफाई मामले में रिपोर्ट प्रबंधन को देगी। महाविद्यालयों को विशेषतः महिला शौचालयों, प्रसाधन में सफाई की व्यवस्था करनी होगी। नियमित साफ-सफाई के लिए जनभागीदारी मद से आवश्यकतानुसार मजदूर रखने के निर्देश भी दिए गए थे, हालांकि शासन के इस आदेश का पालन राशि खर्च मात्र के लिए हुआ और कॉलेजों मे आज भी शौचालयों में गंदगी है।

**संस्कृत महाविद्यालय का सबसे बुरा हाल**

कई सरकारी महाविद्यालयों में शौचालय, प्रसाधन की स्थिति ठीक नहीं है, जिसे लेकर छात्र संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया जाता है। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं होता। शहर के ही शासकीय संस्कृत महाविद्यालय की स्थिति तो और बुरी है। यहां छात्रों के लिए टूटे-फूटे शौचालय हैं, जिसमें छत तक नहीं है। महाविद्यालय की छत पर चढ़कर असामाजिक तत्व शराबखोरी करते हैं। इतनी शर्मनाक स्थिति होने के बावजूद जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम और विभागीय अधिकारियों को छात्रों की पीड़ा नहीं दिखाई दे रही। ऐसी ही स्थिति जिले के अंचलों में स्थापित कुछ अन्य सरकारी महाविद्यालयों की भी है। पानी के लिए मोटर डाली गई थी लेकिन अब वह भी जलने से पानी के लिए छात्र भटक रहे हैं। हालात यह है कि अब छात्रों ने दूरी बनानी शुरू कर दी है।


मतदाता सूची की शुद्धता के लिए
दावे अपत्ति प्रस्तुत करें
जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं

फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026

- निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को किया गया।
- प्रारूप निर्वाचक नामावली voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर भी उपलब्ध है। सर्वप्रथम अपना नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में जांचें।
- दावें आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि-23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक रहेगी।
- प्रत्येक कार्य दिवस में मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे।
- नाम जोड़ने, हटाने/आपत्ति करने, संशोधन के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।
- नाम जोड़ने के फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- यदि राज्य से बाहर से कोई स्थानांतरित होता है तो फॉर्म-8 के साथ भी घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- ऑफलाइन फॉर्म भरने पर BLO से पावती लेना न भूलें।
- दावे आपत्तियों का निराकरण तथा गणना पत्रक के आधार पर तैयार प्रारूप निर्वाचक नामावली की पात्रता की प्रविष्टियों की जांच के उपरांत कतिपय निर्वाचकों को नोटिस पर सुनवाई दिनांक 23.12.2025 से 14.02.2026 तक होगी।
- नोटिस तामीली के उपरांत नोटिस प्राप्तकर्ता को निर्धारित दिनांक, समय एवं नियत स्थान पर सुनवाई के लिए वांछित दस्तावेज की प्रति के साथ उपस्थित होना होगा।
- फॉर्म-6, फॉर्म-6A, फॉर्म-7, फॉर्म-8 वेबसाइट से, BLO से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।
- ऑनलाइन आवेदन सुविधा voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन कैसे करें?

ECINET App द्वारा
- ECINET App गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड करें
- अपना मोबाइल नम्बर और प्राप्त ओटीपी डालकर रजिस्टर करें।
- Voters Services सेक्शन पर जाएं
- Voters Registration पर क्लिक करें
- फार्म-6 घोषणा पत्र (Annexure-IV) के साथ भरें।

Voters Portal द्वारा
- https://voters.eci.gov.in पर जाएं
- मोबाइल नम्बर एवं प्राप्त OTP से Signup करें।
- New Voters Registration Tab पर क्लिक करें तथा फार्म-6 एवं घोषणा (Annexure-IV) भरें।

"कोई मतदाता छूट न जाए"
अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

D- 11174/25
ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# हमारा शरीर फिट रहेगा तो अच्छी सोच रख सकेंगे : साइना नेहवाल

## जो अपने जीवन में कभी हार नहीं मानता उसे हरा पाना मुश्किल होता है : राज्यमंत्री

## दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन

जागरण सतना

लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य समापन समारोह गुरुवार को दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एवं अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल रहीं, जबकि नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने समारोह की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन, खिलाड़ी एवं कोच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सांसद गणेश सिंह ने दी विस्तार से जानकारी

सांसद गणेश सिंह ने साइना नेहवाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वे लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं और विश्व रैंकिंग में नंबर-1 रह चुकी हैं। उन्होंने खेल महोत्सव की शुरुआत 2011 से होने की जानकारी दी, जो अब देशभर में लोकप्रिय है और अब तक 1 करोड़ से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया है। इस वर्ष महोत्सव की शुरुआत 30 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई। 116 दिनों में 7963 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया। 11 खेलों (वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, रस्साकशी, टेनिस बॉल क्रिकेट, दिव्यांगजन ट्राइसाइकिल रेस, कुश्ती एवं एथलेटिक्स) का आयोजन तीन चरणों में हुआ। कुल हजारों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी और महापौर योगेश ताम्रकार ने भी खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए संबोधित किया। समापन पर मुख्य अतिथि साइना नेहवाल एवं अन्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। यह आयोजन खेल भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।



### साइना नेहवाल ने खिलाड़ियों को दी प्रेरणा



मुख्य अतिथि साइना नेहवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चे मोबाइल फोन से दूर होकर मैदान में जाकर किसी न किसी खेल का अभ्यास जरूर करें। जितना फिट हमारा शरीर रहेगा, उतना ही फिट हम सोच सकेंगे। खेल हमें अनुशासन, एकाग्रता और दबाव सहने की क्षमता सिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि फोकस को ध्यान (मेडिटेशन) से जोड़ने पर कोई हरा नहीं सकता। अच्छे कोच, स्टेडियम और स्पॉन्सरशिप की जरूरत पर जोर देते हुए साइना ने कहा कि खिलाड़ियों को जॉब सिक्योरिटी मिलनी चाहिए ताकि वे पूरी तरह खेल पर फोकस कर सकें। अध्यक्षीय उद्बोधन में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया और खेलो इंडिया अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो अपने जीवन में कभी हार नहीं मानता, उसे हरा पाना मुश्किल होता है।

# प्लॉटिंग कर भूले विक्रेता, चार सौ से अधिक परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित

## आदेश के बाद भी सच्चा नगर में सड़क के साथ ही नालियां तक नहीं बनी



**जागरण, रीवा।** शहर के साथ ही शहर से जुड़े समीपस्थ ग्रामों में भी अवैध कॉलोनियों का कारोबार फलफूल रहा है, लोग अपने खेतों में बजाय खेती करने के प्लॉट काटकर बेचने में लगे हुए हैं, नियमानुसार उपजाऊ भूमि (कृषि भूमि) की प्लॉटिंग के लिए नियमों के अनुसार पहले भूमि को कृषि भूमि से गैर कृषि (आवासीय/व्यावसायिक) में धारा 143 के तहत बदलने के लिए स्थानीय राजस्व विभाग में शुल्क व आवेदन के साथ ही अनुमति लेना अनिवार्य है। फिर विकास प्राधिकरण से लेआउट पास करवाना अनिवार्य है क्योंकि बिना अनुमति अवैध प्लॉटिंग और निर्माण पर तोड़फोड़ हो सकती है। बिना लेआउट पास कराए या छोटे-छोटे टुकड़ों में प्लॉट काटना अवैध है। किन्तु शहर के साथ ही समीपस्थ अंचलों में प्लॉटिंग धड़ल्ले से की जा रही है, अधिकतर लोगों ने न तो कृषि भूमि को गैर कृषि भूमि में बदलवाया है न ही लेआउट पास करवाया। मनमर्जी के अनुसार सैंकड़ों, हजारों प्लॉट विक्रय कर दिए हैं, नतीजा प्लॉट खरीदकर मकान वाले मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं, जिसका उदाहरण देखा जा सकता है कृषि उपज मण्डी करहिया के पीछे स्थित सच्चा नगर के रूप में। सच्चा नगर के लोगों का कहना है कि कुछेक भू-माफिया ने मिलकर यहां चार सौ से अधिक प्लॉट काट कर बेच दिए, जिनमें मकान बने 20 वर्ष के करीब समय बीत गया, किन्तु यहां के लोगों को आज तक नाली, सड़क का लाभ नहीं मिला। नियमानुसार प्लॉटिंग करने वाले को नाली व सड़क निर्माण करने के साथ ही बिजली के खंभे, पेयजल पाइपलाइन डलवाना भी अनिवार्य है किन्तु प्लॉटिंग करने वालों ने उक्त नियम की धज्जियां उड़ाते हुए बिना सुविधाएं मुहैया करवाए बिना ही प्लॉटिंग कर पृथक-पृथक लोगों को प्लॉट बेच दिए। यहां की गई प्लॉटिंग की जांच करने पर इसका खुलासा हो सकता है। कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि सड़क के लिए जो स्थान छोड़ा गया उसमें सड़क निर्माण के लिए भूमि मालिक की अनुमति लगती है, किन्तु अभी तक भूमि मालिक ने सड़क निर्माण की अनुमति ही नहीं दी, जिससे यहां पर न तो सड़क बन पा रही है न ही नालियां निर्मित हुई, घरों से बहने वाला गंदा पानी लोगों के मकान के सामने जमा होता है, जिससे जाने-आने में लोगों को परेशानी होती है, सड़क के नाम पर यहां अच्छे खासे एक-एक, डेढ़-डेढ़ फीट के गड्ढे हैं, जिनमें चलना किसी करतब से कम नहीं। अभी बरसात नहीं हो रही उसमें भी यहां बरसात की भांति पानी जमा रहता है, बरसात में कॉलोनी की क्या स्थिति होती होगी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

# साईं मंदिर के पुजारी मनसुखदास को मातृ शोक



**रीवा।** साईं मंदिर के पुजारी मनसुखदास की माताजी का निधन 25 दिसंबर को प्रातः काल हो गया। अंतिम संस्कार प्रयागराज में आज दोपहर किया जाएगा। आज प्रातः काल अंतिम संस्कार हेतु प्रयागराज के लिए प्रस्थान किया जायेगा। निधन का समाचार सुनते ही पुजारी उनके कटरा स्थित निवास स्थान में शोक संतप्त परिवार को संवेदनाएं देने हेतु लोगों की भीड़ लग रही। साईं सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय धमीजा सहित वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी राज नारायण मिश्रा ज्योतिर्विद राजेश साहनी मोहित टंडन विवेक महिंद्रा धर्मेंद्र कुशवाहा महेश लेडवानी सरदार मनिंदर सिंह राजेश भल्ला योगाचार्य प्रदीप मिश्रा श्रीप्रकाश तोमर आदि ने अपनी शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# तो क्या सेल्समैन ने डकार लिया गरीब का खाद्यान्न



**सतना।** गरीबो को सरकार द्वारा दिये जाने वाले खाद्यान्न में यू तो सेल्समैनों ने हमेशा डाका डाला है मगर अब स्थितियां और भी बिगड़ती जा रही है मगर खाद्य विभाग के निरीक्षक और अधिकारी को गरीबो की पुकार सुनाई नही देती । आखिर इसके पीछे की क्या बजह है यह तो जगजाहिर है इसे बताने की जरूरत नही है । अधिकारियों की इस कार्यशैली को देखने के बाद ऐसा लगता है जैसे उन्होंने देश और प्रदेश की जन हितैसी सरकार को बदनाम करने की योजना बना रखी है ।

**बुजुर्ग को तीन माह से नही मिला राशन :** मैहर जिले में पदस्थ खाद्य निरीक्षकों की मनमानी इस कदर हावी है जिसका दंश ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है । मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले कुड़वा गांव में रहने वाले एक बुजुर्ग का वीडियो शोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे उक्त बुजुर्ग ब्यक्ति ने सेल्समैन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें तीन माह से खाद्यान्न नही मिला । इस बुजुर्ग की पुकार अधिकारियों को क्यों सुनाई नही देती । अब देखना ये है कि यह मामला प्रकाश में आने के बाद विभागीय अधिकारी कोई कार्यवाही करते है या सेल्समैन को पुराने ढर्रे पर चलने की खुली छूट देते हैं यह तो आने वाला वक्त बताएगा ।

# 1 प्रतिशत को भी नहीं मिला 100 दिन का रोजगार: कमलेश्वर



**जागरण, रीवा।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल ने प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में पंचायती एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा की गई गड़बड़ियों और भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए गंभीर आरोप लगाए। कमलेश्वर पटेल ने कहा कि मनरेगा योजना में मध्य प्रदेश में पंजीकृत मजदूरों में से एक प्रतिशत को भी पूरे सौ दिन का रोजगार नहीं मिला। सरकार नाम बदलने और बड़े दावे करने में व्यस्त है, जबकि जमीन पर मजदूर बेरोजगार है और मजदूरी भुगतान लंबित है। कमलेश्वर पटेल जी ने कहा कि आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं को दो प्रतिशत भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है। आजीविका मिशन के माध्यम से छः पोषण आहार संयंत्र शुरू किए गए थे, लेकिन वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए, जिसके कारण प्रदेश को पोषण के संकट का सामना करना पड़ा। इसका परिणाम यह है कि मध्य प्रदेश आज शिशु मृत्यु दर में देश में पहले नंबर पर और मातृ मृत्यु दर में तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित बगिया मां के नाम योजना में करोड़ों रुपये का घोटाला हो रहा है। पूरे प्रदेश में आजीविका मिशन भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। स्वच्छ भारत मिशन और संबल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में पिछले दो वर्षों से राशि जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं को पूरी तरह कमजोर कर दिया गया है। प्रेस वार्ता के अंत में कमलेश्वर पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पंचायती राज, ग्रामीण विकास, महिलाओं, किसानों और मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ती रहेगी और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार, विफलताओं और जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने उजागर करती रहेगी।

# सरकार के खिलाफ लड़ाई का शंखनाद करें मजदूर: शिव सिंह

**रीवा।** देश भर के मनरेगा योजना अंतर्गत पंजीकृत 26.57 करोड़ श्रमिकों को पत्र लिखते हुए किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता व संयुक्त किसान मोर्चा के नेता एडवोकेट शिव सिंह ने मनरेगा कानून परिवर्तन की खामियां बताते हुए देशभर के मजदूरों से बीजेपी सरकार के खिलाफ लड़ाई का शंखनाद किया है। शिव सिंह ने कहा कि 'बीबी जी राम जी' अधिनियम मनरेगा अधिनियम में निहित काम की माँग करने वाले सभी ग्रामीण परिवारों को वैधानिक रोजगार के अधिकार को नकारता है। यह मनरेगा के मूल सिद्धांत को उलट देता है जहाँ योजना माँग आधारित थी और संसाधन माँग के अनुसार उपलब्ध कराए जाते थे। मनरेगा के अंतर्गत केंद्र सरकार अकुशल श्रम की मजदूरी लागत का 100 फीसदी वहन करती थी। नवीन अधिनियम के तहत राज्य सरकारों को कुल लागत का 40 फीसदी वहन करना होगा। इसका विशेष रूप से उन राज्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा जहाँ गरीबी अधिक और राजस्व कम है जिससे सबसे अधिक आवश्यकता वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घटेंगे यह अधिनियम राज्यों और स्थानीय निकायों के बजाय केंद्र सरकार के हाथों में शक्ति का केंद्रीकरण करता है जो संविधान के संघीय व्यवस्था के विरुद्ध है। हमें मनरेगा को सुदृढ़ करने कार्य दिवस बढ़ाकर 200 दिन करने न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने व्यक्तिगत अधिकार सुनिश्चित करने बिना किसी देरी के दैनिक या साप्ताहिक भुगतान करने योजना की निगरानी और योजना निर्माण के लिए ग्राम सभा की भूमिका सुनिश्चित करने तथा कृषि संकट ग्रामीण ऋणग्रस्तता मजबूरी में पलायन और किसान आत्महत्याओं को खत्म करने के लिए मनरेगा को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से जोड़ने की माँग एक स्वर में करनी चाहिए ।

ॐ शांति **शोक संदेश** ॐ शांति



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी माताजी
**श्रीमती केसरी बाई** का
आकस्मिक निधन दिनांक 25.12.2025
दिन गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे हो गया है।
**अंतिम संस्कार 26.12.2025 को**
प्रयागराज में किया जाएगा
- शोकाकुल -
मनसुख दास, पुजारी, साईं मंदिर रीवा
एवं समस्त सोंधिया परिवार। मो.9425462943
RN-83117

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सं.: झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-26-2025-26 दिनांकः 23.12.2025

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का विवरणः** झाँसी इलेक्ट्रिकल जनरल : डीएसए ग्राउंड झाँसी में स्टेडियम के ऊंचे खंभे और अन्य विद्युत कार्यों का प्रावधान।

| | |
|---|---|
| निविदा राशिः ₹ 3,07,72,666/- मात्र | बयाना राशिः ₹ 3,03,900/- मात्र |
| कार्य समापन अवधिः 06 माह | निविदा बंद होने की तिथिः 15.01.2026 (15.00 बजे तक) |

निविदाकार निविदा **दिनांक 15.01.2026 को 15.00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 2498/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं: झाँसी-इंजी-जी.एस.यु.-2025-11 दिनांकः 23.12.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/उत्तर मध्य रेलवे/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** ट्रैक वर्क्स फॉर ऐडिशनल लूप लाइन एट दुरियागंज एण्ड खरगापुर स्टेशन्स ऑफ ललितपुर-खजुराहो सेक्शन ऑफ झाँसी डिवीजन।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (रू.): ₹ 30359769.25 | अमानत राशि (रू.): ₹ 301800.00 |

**निविदा बन्द होने की तिथि: 15.01.2026**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह।

- निविदा **दिनांक 15.01.2026 को 10:30 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 2490/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# हिरन नदी उद्गम स्थल में बोरी बंधान कर किया गया श्रमदान

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड सीधी की आदर्श ग्राम पंचायत रामगढ़ नम्बर-2 में हिरन नदी के उद्गम स्थल झोरा झरना पर वृहद स्तर पर बोरी बंधान एवं जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी छात्रों, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों, परामर्शदाताओं, नवांकुर संस्था एवं समाजसेवियों द्वारा सामूहिक श्रमदान किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् संभाग समन्वयक रीवा एवं अतिरिक्त जिला समन्वयक प्रभारी सीधी प्रवीण पाठक के निर्देशन में सेक्टर सीधी की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नम्बर-2 एवं नवांकुर संस्था रश्मि दिव्यांग सेवा समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में सहभागियों ने जल संचय हेतु बोरी बंधान किया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नम्बर-2 के अध्यक्ष एवं परामर्शदाता अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने जन संवाद करते हुए कहा कि जल संचय से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संकट से होने वाले दुष्प्रभावों को रोका जा सकता है। इससे जंगल, वनस्पति एवं जीव-जन्तुओं की सुरक्षा होती है तथा कृषि उत्पादन बढ़ने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**बेचना है**

होण्डा सिटी, टाटा छोटा हाथी
2015 Model Honda City Diesel
2020 Model TATA ACE
छोटा हाथी Diesel Showroom
कंडीशन में बेचना है।
मो. 8305178203
आर-जीएम सर(27/12)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# 5 माह पहले बनी सड़क के उड़ गए परखच्चे

## मामला उचेहरा जनपद के करही कला पंचायत का

**जागरण सतना।** ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्यो में सरकारी पैसों का जमकर बंदरबाट कर घटिया एवम गुणवत्ता विहीन निर्माण कराए जा रहे है और तकनीकी अमले द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यो का भी ले दे कर पूरा मूल्यांकन कर देते हैं । जिससे सरकारी राशि का मिलजुल कर बंदरबाट धड़ल्ले से हो रहा है । ये हाल किसी एक जनपद क्षेत्र का नही बल्कि सतना व मैहर जिले की ज्यादातर पंचायतों में यही कारनामे हो रहे है लेकिन न तो उपयंत्री सहायक यंत्री कार्यवाही करते और नही जनपद में बैठे अधिकारी । इसके पीछे की बजह क्या है यह बताने की जरूरत नही है ।

### करही कला में हाथों से समेट रहे गिट्टी बालू

उचेहरा जनपद के करही कला पंचायत में 5 माह पहले बनाई गई पीसीसी सड़क के धुर्रे उड़ गए हैं । हमारे संवाददाता बताते है कि करही कला के वार्ड 2 से 5 के बीच 5 माह के पूर्व करीब 5 सौ मीटर से अधिक बनी पी सी सी रोड की हालत देखने से ही उसकी गुणवत्ता की पोल खुल रही है रोड की जगह जगह से उखड़ी गिट्टी को मौके पर मोहलेवासियो ने अपने हाथ से गिट्टी को समेट रहे थे उनसे मिली जानकारी अनुसार यह सड़क सरपंच स्नेहलता पुष्पेंद्र सिंह के घर के पास से धोबियान मोहल्ला तक बनाई गई थी।



### सरपंच के घर सामने बनी गुणवत्ता विहीन सड़क



मोहल्ले के भाईलाल रजक पिता राघो प्रसादए कासिम बेग पिता कादर बेग शांती गुप्ता पिता ददोली गुप्ता सोमू खान पिता मोहम्मद हमीद खान ने बताया कि रोड बनाते समय हम लोगो ने इसलिए कोई विरोध नही किया था कि गांव की सरपंच से कम से कम इतनी तो उम्मीद थी कि वो तो अपने घर के सामने मोहल्ले की यह रोड तो अच्छी क्वालिटी की बनवायेगी लेकिन उसका हाल सब के सामने है।मोहल्ले वासियो ने यहां तक कहा कि इससे अच्छी वही पुरानी रोड थी। इसी वार्ड में कई महीनों ने नाली के लिए गड्ढे खुदे पड़े का मामला भी आया सामने नाली क्यो नही बन पा रही अक्सर नाली के गड्ढे में गिरने से दुर्घटनाएं हो रही है । घटिया रोड निर्माण को लेकर बड़ा सवाल है कि पंचायती राज का मुखिया गांव का सरपंच होता है लेकिन जब अपने गांव की सरपंच अपने मोहल्ले की ही सही रोड़ नही बनवा सकीं ऐसे में मोहल्ले वासियो ने सरपंच पर खुला आरोप लगाया कि ऐसे सरपंच से पंचायत के विकास की उम्मीद कैसे की जा सकती है। इस सम्बन्ध में जब पंचायत के उपयंत्री राजकुमार पाण्डे से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई लेकिन कोई जबाब नही मिला । सरपंच से भी उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन बात नही हो पाई । मोह्ल्ले में निवास करने वाले सोनू खान ने मौके पर कहा कि रोड की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री आन लाइन में शिकायत भी दर्ज कराई गई है ।अब जरुर वार्ड वासियो ने जनपद के मुखिया से न्याय की उम्मीद लगाई है ।

**(आशुतोष प्रताप सिंह)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)**

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक RCSA- 409-228/2022
पेशी दिनांक 10.03.2026

पूनम सिंह पुत्री पवन कुमार सिंह पत्नी ध्रुव सिंह ग्राम कांकर थाना - गढ़ तह. त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)
........ वादीगण/आवेदकगण
बनाम
प्रकम्पन सिंह पिता पवन कुमार सिंह वगै. ग्राम खटिया थाना सोहागी तह. त्योंथर जिला - रीवा म.प्र.।
......... प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में प्रकाशन।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक RCSA-409-228/2022 पूनम सिंह पुत्री पवन कुमार सिंह पत्नी ध्रुव सिंह ग्राम कांकर का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदक क्रमांक 04, 05 की उपस्थित हेतु प्रकाशनार्थ आवेदक क्रमांक RCSA-409-228/2022 प्रकम्पन सिंह पिता पवन कुमार सिंह वगै. ग्राम खटिया थाना सोहागी जिला -रीवा म.प्र. द्वारा न्यायालय श्रीमान् आशुतोष प्रताप सिंह द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरूद्ध व्यवहार पेश किया गया है।जिसकी सुनवाई दिनांक 10.03.2026 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें।यदि दिनांक 10.03.2026 को 04, 05 की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी। नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 10.03.2026 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

04. अतुल सिंह मो. 9179757471, पिता अंगद सिंह पता- गोलर सिंह ठेकेदार जी के ठीक बगल का घर वार्ड नंबर 20 चकदाही रोड डैनिहा जिला सीधी (म.प्र.) पिन कोड नंबर 486661.
05. श्रीमती अल्का सिंह पत्नी स्व. सुनील सिंह उर्फ टिंकू मो. 9617721987 C/o श्री एच.एम. सिंह फोन नं 7000519886 इलाहाबाद रोड, रिलायंस पट्रोल पंप के पीछे डॉ. मनमोहन सिंह के नर्सिंग होम के ठीक सामने वाला मकान जिला रीवा (म.प्र.)।

आशुतोष प्रताप सिंह
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड
त्योंथर जिला रीवा म.प्र.
RN-83118

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं :- No. JHS/Commercial/e-Auction/25/160 दिनांक : 23.12.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| | |
|---|---|
| श्रेणी : प्रचार | केटलोग संख्या : JHS-NFR-MISC-35 |

**एसेट्स डिटेल्स**

E-auction के माध्यम से मिस्लेनियस स्टेटिक पालिसी के तहत निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटनः-
1. Miscellaneous Statics Service -Health Kiosk : VGLJ YATRI SHED
2. Miscellaneous Statics Service-Textile stores with advertisement : LAR
3. Miscellaneous Statics Service-Mobiles and accessories Kiosk : LAR,MCSC,ORAI, CKTD
4. Miscellaneou Statics Service-Static General : LAR

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय :** दिनांक :- 08.01.2026 को समय :- 11:30 से

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय :** दिनांक :- 08.01.2026 को समय :- 13:00 तक

**नोट :-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 2496/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.- No. JHS/Commercial/e-Auction/25/159 दिनांकः 23.12.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

| | |
|---|---|
| श्रेणीः प्रचार | केटलॉग संख्याः JHS-NFR-MISC-34 |

**एसेट्स डिटेल्सः** E-auction के माध्यम से मिस्लेनियस स्टेटिक पॉलिसी के तहत निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटनः- 1. Miscellaneous Statics Service -EV Charging station: LAR,GWL 2. Miscellaneous Statics Service -Health Kiosk: VGLJ, GWL 3. Miscellaneous Statics Service -Rail Coach Restaurant: GWL, KAMPOO, KOTHI 4. Miscellaneous Statics Service - Salon Service: GWL, BANDA 5. Miscellaneous Statics Service - Textile stores with advertisement: KURJ 6. Miscellaneous Statics Service - Mobiles and accessories Kiosk: GWL 7. Miscellaneous Statics Service - Static General: VGLJ 8. Miscellaneous Statics Service : drinks vending machine MCSC

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समयः** दिनांक 06.01.2026 को समय- 11:30 से

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समयः** दिनांक 06.01.2026 को समय- 13:40 तक

**नोटः** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 2495/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# अभ्युदय ग्रोथ समिट में शाह ने निवेशकों को मंच से ही सौंपे जमीन आवंटन के पत्र

## 5,810 करोड़ से औद्योगिक विकास परियोजनाओं एवं सड़क विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अभ्युदय ग्रोथ समिट में निवेशकों को भूमि आवंटन पत्र और लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने राज्य सरकार की निवेशकों को लेकर तैयार की गई नीति की सराहना भी की। शाह ने मंच से ही मैक्केन ग्रुप के डायरेक्टर अमिताभ बक्शी, एलएनजे (भीलवाड़ा समूह) के चेयरमैन रिजु झुनझुनवाला, ग्रीन वेंट प्रालि. के आशीष कुमार उपाध्याय तथा नेचर्स बायो फूड्स के वाइस प्रेसिडेंट राजेश जायसवाल को भूमि आवंटन पत्र और लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने 5,810 करोड़ रुपए लागत से औद्योगिक विकास परियोजनाओं एवं सड़क विकास कार्यों का लोकार्पण कर 860 वृहद औद्योगिक इकाइयों को 725 करोड़ की निवेश प्रोत्साहन सहायता राशि भी सिंगल क्लिक से वितरित की। इस अवसर पर ग्वालियर जिले में 153.04 करोड़ रुपए की लागत वाले 57 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं 23.79 करोड़ रुपए लागत के 13 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। शाह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के औद्योगिक निर्माण कार्यों का एक साथ भूमिपूजन हुआ है। यह बताता है कि राज्य सरकार कितनी तेजी से मध्यप्रदेश का औद्योगिक विकास करना चाहती है। उद्यम से उद्योग स्थापित होता है और उद्योगों से रोजगार सृजित होते हैं। हर हाथ को काम मिलता है। इसी से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। उद्योग और अर्थव्यवस्था एक दूसरे के पूरक हैं। मध्यप्रदेश सरकार का औद्योगिक विकास के लिए उठाया जा रहा हर कदम देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में कारगर साबित हो रहा है। शाह ने कहा कि आज मध्यप्रदेश के पास सरप्लस बिजली है। स्वच्छता में भी मध्यप्रदेश ने सबको पीछे छोड़ा है। मेट्रो परिचालन देश में सबसे सस्ता मध्यप्रदेश में है। प्रदेश में कृषि, टूरिज्म, उद्योग हर क्षेत्र में नए उद्योग-धंधे लगे हैं और नए स्टार्टअप भी विकसित हुए हैं। इन स्टार्टअप में से 50 प्रतिशत स्टार्टअप महिलाएं संचालित कर रही हैं। मध्यप्रदेश ने एक साल में 4.57 लाख से अधिक नई एमएसएमई यूनिट पंजीकृत करने का रिकॉर्ड बनाया है। मध्यप्रदेश लघु एवं कुटीर उद्योग में देश का कॉटेज इंडस्ट्री हब बनने जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि देश का पहला पीएम मित्रा पार्क फाइव-एफ के विजन पर आधारित है, इसका सर्वाधिक लाभ किसानों को ही मिलने वाला है। यहां फार्म से फाइवर, फाइवर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन एक्सपोर्ट तक की सभी व्यवस्था होगी। मध्यप्रदेश ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस मामले में भारत जल्द ही दुनिया में ग्लोबल लीडर बनेगा। हम सेमीकंडक्टर सेक्टर में आत्मनिर्भर बनेंगे और इसका निर्यात भी करेंगे। भारत ने डिजिटल इंडिया में सबसे अधिक विकास किया है। सितंबर 2025 तक देश में 125 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन हैं। देश ने यूपीआई के माध्यम से फिनटेक सेक्टर में बड़ी छलांग लगाई है। विश्व के कुल डिजिटल ट्रांजैक्शन में 50 प्रतिशत भारत में हुए हैं।

### दिल्ली के बाद मप्र बना दूसरा राज्य

समिट के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश में सायबर अपराधों को समुचित तरीके से हैंडल करने के लिये प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर की शुरुआत भी की। उल्लेखनीय है कि नईदिल्ली के बाद ऐसा करने वाला मध्यप्रदेश दूसरा राज्य है। प्रदेश सरकार द्वारा विकास 2 वर्षों में औद्योगिक निवेश और आर्थिक विकास के लिए किए गए प्रयासों तथा ई-जीरो एफआईआर की जानकारी पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया।

### उद्योगपतियों का किया सम्मान

केंद्रीय गृह मंत्री शाह एवं अतिथियों द्वारा प्रदेश में उच्च रोजगार सृजन करने वाले उद्योगपतियों का सम्मान किया गया। इनमें वीई कमर्शियल व्हीकल्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर बी. श्रीनिवास, वर्धमान ग्रुप के सीनियर प्रेसिडेंट राजीव आगरा, न्यू जील फैशन वेयर के प्रबंध संचालक दीनबंधु त्रिवेदी और गोकलदास एक्सपोर्ट्स के कार्यकारी संचालक प्रभात सिंह शामिल हैं।

### कुछ रुपया निवेश करें और करोड़ों कमाएं

शाह ने मध्यप्रदेश के युवाओं और निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि वे बेहिचक मध्यप्रदेश में अपने उद्यम और उद्योग लगाएं। मध्यप्रदेश इतना अधिक उपजाऊ है कि यहां कुछ रुपया निवेश कर करोड़ों कमाए जा सकते हैं। इस दिशा में राज्य सरकार ने निसंदेह अभिनव पहल की है। मध्यप्रदेश के क्षेत्रीय विकास और आर्थिक संतुलन में उद्योग एवं निवेश एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा द्वारा 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश लागत से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थापित होने वाली हजारों औद्योगिक एवं निर्माण इकाइयों का सामूहिक भूमिपूजन किया।

# एसटीएफ ने 1.80 करोड़ का 599 किग्रा गांजा पकड़ा

## फिल्मी स्टाइल में गांजे की तस्करी



- ट्रक में गुप्त कंपार्टमेंट बनाकर ले जा रहे थे गांजा, दो आरोपी गिरफ्तार, 30 लाख का ट्रक भी जब्त
- 18 किमी तक किया पीछा, इसके बाद दबोचा, तीन की रिमांड पर आरोपी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** एकदम फिल्मी स्टाइल में गांजे की तस्करी की जा रही थी। मादक पदार्थ को छिपाने के लिए ट्रक में लोहे की चादर से एक गुप्त कंपार्टमेंट बनाया था जो बाहर से दिखाई नहीं देता था। इसमें से एसटीएफ ने पैकेटों में 599 किग्रा गांजा पकड़ा है, जिसकी कीमत 1.80 करोड़ है। मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, जो ट्रक चालक व उसका हेल्पर है। पुलिस ने 30 लाख रुपए कीमती ट्रक भी जब्त किया है। पुलिस को देख चालक ट्रक लेकर भागा तो पुलिस ने 18 किमी तक उसका पीछा कर दबोचा। पुलिस ने दोनों आरोपियों को तीन दिन की रिमांड पर लिया है। एटीएफ एसपी राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना थी कि ओडिशा से गांजे की बड़ी खेप मध्य प्रदेश के लिए निकली है। गुपचुप तरीके मप्र में ट्रक के माध्यम से गांजा सप्लाई किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस की एक टीम बनाई गई। मुखबिर के बताए संदेही ट्रक को छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश सीमा के पास, जिला अनूपपुर के घने जंगल मार्ग पर ट्रक पकड़ लिया। यह ट्रक संभल (ओडिशा) से मैहर (मध्य प्रदेश) जा रहा था। जिसे जिला अनूपपुर, थाना जेतहरी के घने जंगल मार्ग से पकड़ा गया है। बाहर से देखने पर ट्रक खाली मिला। जब टीम ने इसकी ठीक से तस्दीक की तो लोहे की चादर के पीछा गुप्त कंपार्टमेंट मिला। इसे खोला तो इसके अंदर पैकेट्स रखे मिले, जिसमें 599 किग्रा गांजा बरामद हुआ। यह पूरी कार्रवाई भोपाल और जबलपुर एसटीएफ की संयुक्त टीम ने की।

### खरीदारों और बेचवालों की जुटाई जा रही जानकारी

पुलिस ने ट्रक ड्रायवर धनंजय सिंह पटेल निवासी जिला सतना और हेल्पर अंकित विश्वकर्मा, निवासी जिला सीधी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। दोनों आरोपियों को जिला अदालत में पेश किया गया। जहां से तीन दिन की रिमांड ली है। पुलिस, आरोपियों से गांजे के स्त्रोत, अवैध परिवहन, क्रेता व विक्रेताओं के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

# एमपी बोर्ड में शिफ्ट होने पर टीसी के लिए काउंटर साइन की जरूरत नहीं

## गाइडलाइन में संशोधन: दस से 15 हजार विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के स्थान पर एमपी बोर्ड से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को अब कागजी कार्रवाई से काफी हद तक छुटकारा मिलने वाला है। बोर्ड में बदलाव पर टीसी पर उन्हें काउंटर साइन की जरूरत नहीं होगी। मंडल ने परीक्षा की गाइडलाइन में संशोधन किया है। यह कार्य स्कूल प्राचार्य करेंगे। इसका फायदा प्रदेश के उन 10 से 15 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा, जो सीबीएसई को छोड़कर एमपी बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल होंगे। प्रदेश के सभी जिलों को मंडल ने इसके निर्देश जारी किए हैं। एमपी बोर्ड परीक्षाओं में सालाना औसतन 18 लाख विद्यार्थी शामिल होते हैं। इनमें एमपी बोर्ड के स्कूलों के साथ प्राइवेट परीक्षा देने वाले विद्यार्थी भी होते हैं। विद्यार्थियों की पहचान बनाए रखने के लिए परीक्षा से पहले रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। दूसरे बोर्ड और अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों को टीसी और माइग्रेशन पर काउंटर साइन की जरूरत होती है। सीबीएसई की रोक के बाद मंडल ने प्रवेश और परीक्षा फार्म भरने के नियमों में भी संशोधन कर किया है। एमपी बोर्ड में हर साल तीन से चालीस हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आते हैं। इनमें 12वीं में पहुंचने वालों की संख्या ज्यादा है। नियम का सबसे ज्यादा फायदा ऐसे ही विद्यार्थियों को मिलेगा। मंडल की दसवीं-बारहवीं की वार्षिक परीक्षा सात फरवरी से शुरू हो रही है।

### एमपी बोर्ड के प्राचार्य को करना होगा वेरिफिकेशन

देशभर के सीबीएसई स्कूलों की सूची सीबीएसई ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के स्कूल प्राचार्य को उक्त सूची से टीसी वेरीफिकेशन करना होगी। उसे जारी करने वाले स्कूल का क्रमांक लिखना होगा। स्कूल प्राचार्य को घोषणा पत्र देना होगा है, जिसमें उल्लेखित होगा कि जो जानकारी दर्ज की गई है वह सही है।

"सीबीएसई के निर्णय के मुताबिक टीसी पर काउंटर साइन की व्यवस्था खत्म हो गई। अब सीबीएसई से मंडल में आने वाले विद्यार्थी के स्कूल का सत्यापन प्राचार्य करेंगे। सीबीएसई की वेबसाइट का सहारा लिया जाएगा। विद्यार्थी को कागजी कार्रवाई से राहत मिलेगी।

■ **प्रियंका गोयल**, सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल

# समर्थन मूल्य से कम कीमत पर उपज खरीदी पर जवाब तलब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में समर्थन मूल्य से कम कीमत पर किसानों की उपज की खरीदी क्यों की जा रही है। एक अवमानना मामले में जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने मप्र राच्य विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। अन्नदाता किसान संगठन समिति के अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता स्वप्निल खरे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में हाईकोर्ट ने एक फैसले में स्पष्ट आदेश दिए थे कि सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम पर खरीद नहीं की जा सकती। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि किसान के उपज की नीलामी इससे कम पर प्रारम्भ नही होगी। भारत कृषक समाज एवं किसानों के अन्य कृषक संगठनों द्वारा प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों, कृषि उपज मंडियो को पत्र लिखकर व अन्य माध्यमों से हाईकोर्ट के आदेश का पालन सुनिश्चित करने का निवेदन किया।

# धान चोरी करने से नाराज पिता ने बेटे की हत्या की

**जागरण, अनूपपुर।** पिता के मना करने के बाद बेटे ने घर से धान चोरी करके बेच दी। इससे नाराज पिता ने कुल्हाड़ी मारकर बेटे की हत्या कर दी। गुरुवार सुबह बाप-बेटे में इसी बात को लेकर विवाद हुआ और पुत्र ने पिता पर हाथ उठा दिया। आक्रोशित पिता ने भी घर में रखी कुल्हाड़ी से वार कर दिया। घटना में बेटे की जान चली गई। जानकारी अनुसार भालूमाड़ा थाना अंतर्गत फुनगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत देवरी ग्राम पंचायत के मौहरी देवान टोला में धान चोरी को लेकर हुए पारिवारिक विवाद ने दर्दनाक रूप ले लिया। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। दरअसल राजबहोर सिंह के बार-बार धान चोरी किए जाने से पिता अमेरा सिंह नाराज थे। पिता के कई बार समझाया गया बावजूद इसके पुत्र अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा था।

# जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस लड़ेगी मैदानी लड़ाई

**विसं, भोपाल।** जनता की समस्याओं के खिलाफ कांग्रेस पूरी ताकत के साथ सरकार से मैदानी लड़ाई लड़ेगी। इसके लिए कार्यकर्ता एक जुट होकर जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए आगे आएंगे। यह निर्णय गुरुवार को कांग्रेस की कोलार ब्लॉक कमेटी की बैठक में लिया गया। वार्ड 81 में हुई ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने की मौजूदगी में कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि कोलार में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे और भाजपा के संघर्ष पूरी ताकत से किया जाएगा। राठौड़ ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हो रहे अन्याय के विरोध में पूरी ताकत से भाजपा सरकार के विरोध में लड़ाई लड़ी जाएगी और आमजनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर निगम भोपाल और प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यकर्ता सभी वार्ड एवं हर बूथ पर जाएंगे और आमजनता के मुद्दे उठाकर भाजपा के विरोध में कोलार कांग्रेस द्वारा संघर्ष किया जाएगा और जनविरोधी नीतियों के विरोध में कोलार कांग्रेस जल्द ही कोलार तहसील कार्यालय एवं नगर निगम कोलार कार्यालय का घेराव कर बड़ा प्रदर्शन करेगी। वार्ड 83 और वार्ड 82 की बैठक के बाद निरंतर कोलार क्षेत्र के सभी वार्डो में कांग्रेस की बैठक का आयोजन करके कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा। इसी कड़ी में शनिवार 27 दिसंबर को कोलार के वार्ड 82 में शाम 4 बजे से बैठक का आयोजन सर्वधर्म कॉलोनी में किया गया है।

**कोलार ब्लॉक कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय**

# मंदिरों की जमीन की नीलामी नहीं रुकी तो आंदोलन: दिग्विजय

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा है कि प्रदेश के मठ-मंदिरों की माफी भूमि की नीलामी की जा रही है,जो कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनके द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा गया है। यदि जमीनों की नीलामी नहीं रोकी गई,तो प्रदेश भर के पुजारियों के साथ आंदोलन किया जाएगा। भोपाल स्थित अपने निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि प्रदेश में मठ-मंदिरों की माफी भूमि की नीलामी की जा रही है,जो कि पूरी तरह से असंवैधानिक है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि देवता के नाम दर्ज भूमि नीलाम नहीं की जा सकती और इससे पुजारियों की आजीविका पर संकट पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह फैसला पूरी तरह से सनातन परंपराओं पर भी सीधा प्रहार है।कांग्रेस नेता ने बताया कि राज्य सरकार के 22 अप्रैल 2023 के आदेश के तहत मंदिरों की 10 एकड़ से अधिक माफी भूमि को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसके आधार पर प्रदेशभर के पुजारियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मंदिरों की 10 एकड़ से अधिक माफी भूमि के घोष विक्रय (नीलामी) को तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की है। सिंह ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने मठ-मंदिरों की माफी भूमि की नीलामी का फैसला तुरंत वापस नहीं लिया, तो वे पुजारी समाज के आंदोलन में खुलकर शामिल होंगे।



# कर्मचारियों को परिवीक्षा अवधि बढ़ने से लाखों का नुकसान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के नवनियुक्त कर्मचारियों को तीन साल की परिवीक्षा अवधि में पौने दो लाख से चार लाख तक का अर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग से भर्ती कर्मचारियों के वेतन में भारी भेदभाव है। कर्मचारी संगठनों ने शासन से उक्त विसंगति को दूर करने की मांग की है। लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं को छोड़ नवनियुक्त कर्मचारियों को तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण करना होती है। इससे नवनियुक्त कर्मचारियों को पहले वर्ष में 70 फीसदी, दूसरे में 80 फीसदी और तीसरे वर्ष में 90 फीसदी वेतन दिया जाता है। चौथे वर्ष में परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर कर्मचारियों को 100 फीसदी वेतन दिया जाता है। तीन वर्ष बाद नवनियुक्त कर्मचारियों को पूर्ण वेतन दिया जाता है। दिसंबर 2019 में जारी आदेश के बाद सेवा में आने वाले कर्मचारियों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह नियम भी केवल कर्मचारी चयन मंडल से भर्ती होने वाले कर्मचारियों पर ही लागू होता है। जो कर्मचारी मप्र लोक सेवा आयोग दिया से भर्ती होते हैं, उन्हें परिवीक्षा अवधि खत्म होने पर प्रथम वर्ष से पूर्ण वेतन जाता है एवं उनकी परिवीक्षा अवधि भी 2 वर्ष की है। ऐसा होने से न्याय के सिद्धांत का भी हनन हो रहा है।

**सीएम को लिखा पत्र:** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मध्य प्रदेश शासन की सेवा में आने वाले चतुर्थ श्रेणी, तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को पूर्व की तरह दो वर्ष की परिवीक्षा लागू करने की मांग की है, ताकि कर्मचारियों को हो रहे लाखों रुपए के आर्थिक नुकसान रूका जा सके।

# आयुष कॉलेजों की संख्या बढ़ने से खाली रह गईं प्रदेशभर में ९०० सीटें

## इस साल चार नए कॉलेज हुए थे काउंसलिंग में शामिल, सरकार 5 नए कॉलेज खोलने की कर चुकी घोषणा

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में 63 आयुष कॉलेज हो चुके हैं। इनमें 39 आयुर्वेद के, 20 होम्योपैथी के 4 यूनानी के और एक नेचुरोपैथी का कॉलेज शामिल हैं। कुल 63 कॉलेजों में आयुष की सीटों की बात करें तो यह संख्या 4500 से अधिक है। अधिक कॉलेज और अधिक सीटें होने के कारण दो वर्षों से कई कॉलेजों में सीटें भर नहीं पा रही हैं। इस वर्ष भी यही हाल है। आयुष संचालनालय से मिली जानकारी अनुसार मप्र में छह राउंड की काउंसलिंग होने के बाद भी 950 से अधिक सीटें खाली रह गई हैं। पिछले वर्ष भी यही स्थिति थी। आयुष कोर्सेस की सीटें खाली रहने का सबसे बड़ा कारण कॉलेजों की बढ़ती संख्या को बताया जा रहा है। मध्य प्रदेश में हर साल आयुष कॉलेजों की संख्या बढ़ रही है। निजी क्षेत्र में भी नए नए कॉलेज खुल रहे हैं और राज्य सरकार ने भी 5 नए कॉलेज खोलने की घोषणा की हुई है।



"सीटें खाली रह जाना चिंता का विषय है। सरकार को चाहिए कि वह आयुष शिक्षा के स्तर को बनाए रखे। इसके अलावा यदि पर्सेंटाइल में कमी कर दी जाती तो इतनी सीटें खाली न रहती।

■ **डॉ. राकेश पांडे**, प्रवक्ता आयुष मेडिकल ऑफीसर एसोसिएशन

**ज्यादा फीस, कम रोजगार:** आयुष कॉलेजों में एक हजार के करीब सीटें खाली रहने की दूसरी वजह निजी कॉलेजों की भारी भरकम फीस को भी बताया जा रहा है। मप्र के निजी कॉलेजों की बात करें तो औसतन एक आयुष कॉलेज में 3 से साढ़े तील लाख रुपए सालाना फीस है। यानि पूरे कोर्स के दौरान छात्र को दस रुपए की फीस देना पड़ सकती है। अधिक फीस लगने के बाद भी रोजगार की कोई गारंटी नहीं है। सरकारी क्षेत्र के अस्पतालों में आयुष डॉक्टर के लिए ज्यादा स्कॉप नहीं है। इसके अलावा निजी अस्पताल बहुत कम वेतन पर आयुष डॉक्टरों से काम कराते हैं।

### मप्र में 50 फीसदी अभ्यर्थियों ने नहीं लिया प्रवेश

मप्र आयुष संचालनालय से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए आयोजित की गई नीट यूजी आयुष काउंसलिंग में पहले राउंड में सात हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जबकि सीटों की संख्या 4500 के आस पास थी। राउंड दर राउंड प्रतिभागियों की संख्या कम होती चली गई। बताया जा रहा है कि निजी कॉलेजों में पढ़ाई स्तर कमजोर होने और सरकारी क्षेत्र में रोजगार के कम अवसर के चलते अधिकतर प्रतिभागियों ने काउंसलिंग के दौरान प्रवेश लेना उचित नहीं समझा।

**प्रदर्शन** प्रदेशभर के शिक्षक अंबेडकर पार्क में हुए एकजुट

# शिक्षकों ने किया विभाग की नीतियों का विरोध

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेशभर के शिक्षक गुरुवार को अंबेडकर पार्क में एकजुट होकर स्कूल शिक्षा विभाग की नीतियों का विरोध किया और सिस्टम पर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहाकि जिन शिक्षकों ने कठोर परिश्रम कर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिए हैं। विभाग आज उन्हीं शिक्षकों पर ई-अटेंडेंस के नाम पर बदनाम कर रहा है। शिक्षकों का कहना है कि आज मप्र की शिक्षा व्यवस्था प्रगति के शिखर पर चढ़ रही है, जिसे विभाग आंकडें बताकर स्वीकार भी कर रहा है। शिक्षा उन्नति की ओर अग्रसर है, तो यह योगदान किसका है। यह शिक्षकों के परिश्रम का ही परिणाम है। इसके बाद भी ई अटेंडेंस के नाम पर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। इससे समाज में भी गलत संदेश जा रहा है, जिसके चलते प्रदेशभर के शिक्षक भोपाल में एकत्रित होकर आंदोलन कर रहे हैं। शिक्षकों ने आरोप लगाते हुए कहाकि वर्षो से सेवा संबंधी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। मप्र राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने धरना देते हुए कहा कि प्रदेश में सरकारी विद्यालयों की तस्वीर बदली है। बुनियादी सुविधाओं से लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता तक सुधार हुआ है और दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में लगातार सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अव्वल आ रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षक अपनी मूलभूत मांगों के समाधान के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। शिक्षकों का कहना है कि सरकार ने उनसे अपेक्षाएं तो बढ़ाईं, लेकिन वर्षों से लंबित समस्याओं पर ठोस निर्णय नहीं लिया। इसके चलते प्रदेश भर के राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। धरना स्थल पर शिक्षक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया गया।




### मांगों के समाधान से बच रहे अधिकारी

संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारी मंजुला शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की प्रमुख मांगों में प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता निर्धारण, अव्यवहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था को बंद करना, ग्रेच्युटी और अनुकंपा नियुक्ति नियमों में सरलता, अतिथि शिक्षकों की नियमित वार्षिक सेवा, समय पर क्रमोन्नति तथा समयमान वेतनमान का लाभ शामिल है। शिक्षकों का कहना है कि इन मुद्दों के कारण कार्य संतोष और मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ की महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा खेमसारा ने बताया कि यदि सरकार ने शिक्षकों की न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में शिक्षक भोपाल पहुंचेंगे, सरकार को वर्षो से लंबित ज्वलंत समस्याओं का त्वरित ठोस निराकरण करना होगा।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पीए बताकर दिव्यांग से धोखाधड़ी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पीए बताकर नौकरी के नाम पर दिव्यांग से ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज ने युवक को नगरीय प्रशासन विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 हजार रुपए ऐंठ लिए। तीन महीने पहले युवक ने शिकायत की थी। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की। एफआईआर दर्ज करने के बजाय पुलिस ने उससे सीएम हेल्पलाइन की शिकायत बंद करने को कहा। गुरुवार को उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो जांच शुरू हो गई। ग्राम पोन्डी, कैलारी जिला सिवनी निवासी शिव कुमार ठाकरे दिव्यांग हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी में मोबाइल पर कॉल आया था। कॉलर ने खुद को मंत्री विजयवर्गीय का पीए दीपक कुर्मी बताया। शिव कमार ने नौकरी के संबंध में बात की तो दीपक ने नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इसके एवज में 20 हजार रुपए की मांग की। उसने अपनी बहन से उधार पैसे लेकर दीपक के बताए खाते में 10-10 हजार कर आनलाइन ट्रांसफर करवा दिए। इसके बाद दीपक ने नंबर ब्लॉक कर दिया।

पीड़ित मंत्री के बंगले पहुंचा तो पता लगा कि इस नाम का कोई व्यक्ति यहां काम नहीं करता। पीड़ित ने 27 अक्टूबर को हबीबगंज थाने में की थी। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शिवकुमार ने बताया कि सिंतबर 2024 में उसने नगरीय प्रशासन विभाग में राजस्व निरीक्षक के पद के लिए आफलाइन आवेदन किया था। नगरीय प्रशासन विभाग की वेबसाइट पर सभी आवेदकों की पूरी जानकारी होती है, जिसे कोई भी व्यक्ति देख सकता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### गुजरात की तरह आगे ...

बड़ा होगा। इसमें कोई संशय की बात नहीं है। उन्होंने प्रदेश के नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि यहां निवेश के लिए अनुकूल वातावरण, स्पष्ट नीतियां और मजबूत इच्छाशक्ति दिखाई देती है। इन्हीं सभी प्लस फैक्टर्स से ही मध्यप्रदेश ने इस साल देश में बड़ी संख्या में निवेश प्रस्ताव हासिल किए हैं। इस मामले में मध्यप्रदेश ने देश में तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने मध्यप्रदेश में बीते दो साल में हुए औद्योगिक विकास पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक और निवेश पुस्तिका का विमोचन भी किया। गृह मंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश में सायबर अपराधों को समुचित तरीके से हैंडल करने के लिए प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर की शुरुआत भी की। दिल्ली के बाद ऐसा करने वाला मध्यप्रदेश दूसरा राज्य है।

**प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय:** रीवा में शाह ने कहा कि प्राकृतिक खेती एक ऐसा प्रयोग है, जो न केवल किसान की आय को कम नहीं होने देता, बल्कि उसकी उपज को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण बनाता है। इससे आय बढ़ती है, पानी की बचत होती है और लोगों को अनेक बीमारियों से मुक्ति मिलती है। देश में लगभग 40 लाख किसान प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं। दुनिया में प्राकृतिक खेती का बहुत बड़ा बाजार है।

**पांच पीपल अवश्यक लगाएं:** सम्मेलन में शाह ने किसानों को संकल्प दिलाया कि अपने गांव में अगली बरसात के मौसम में कम से कम पांच पीपल के वृक्ष अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पीपल का वृक्ष सबसे अधिक ऑक्सीजन प्रदान करता है।

**जैविक खेती संवर्धन में कोई कसर नहीं छोड़ी:** रीवा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि शाह के द्वारा 35 साल पहले शुरू किये गये कार्य को राज्य सरकार आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं रखेगी। केंद्र और राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाई जा रही है। प्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने के लिये उन्हें दुग्ध उत्पादन के लिये भी प्रेरित किया जा रहा है। डॉ.यादव ने कहा कि राज्य सरकार दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए नस्ल सुधार जैसे अनेक कार्य भी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के साथ हमारे रिश्ते रणनीतिक : चीन

**बीजिंग, जेएनएन।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की हालिया वार्षिक रिपोर्ट में चीन-भारत संबंधों का उल्लेख किए जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन संभवतः भारत के साथ एलएसी पर तनाव कम होने का लाभ उठाकर द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करना चाहता है तथा अमेरिका-भारत संबंधों को और अधिक मजबूत होने से रोकना चाहता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा, चीन राष्ट्रीय रक्षा नीति को लेकर पेंटागन की टिप्पणियों का पुरजोर विरोध करता है। चीन भारत से संबंधों को रणनीतिक, दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखता है।

### हत्या से पहले हानिया से मिले थे गडकरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पूर्व हमास चीफ इस्माइल हानिया से उनकी मौत से कुछ घंटे पहले ही मुलाकात की थी। उन्होंने यह जानकारी हाल ही में एक बुक लॉन्चिंग ईवेंट के दौरान दी। गडकरी ने कहा, साल 2024 में जब वे ईरान के राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने गए थे, तब उनकी मुलाकात हमास के बड़े नेता से हुई थी। कुछ ही घंटों बाद उन्हें पता चला कि उसी नेता की हत्या कर दी गई है। हानिया 2024 में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने तेहरान गए थे। यहां उनकी मिसाइल हमला करके हत्या कर दी गई। वह हमास का सबसे बड़े चेहरे थे।

### पश्चिम बंगाल के मजदूर की ओडिशा में लिंचिंग

**भुवनेश्वर, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के एक 30 साल के मजदूर की बुधवार रात ओडिशा के संबलपुर जिले में लिंचिंग कर दी गई। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ज्वेल शेख, सूती पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले चकबहादुरपुर गांव का रहने वाला था और ओडिशा में काम करता था। उसके साथ काम करने वालों और परिवार वालों ने आरोप लगाया कि अवैध बांग्लादेशी होने के शक में उस पर हमला किया गया। हालांकि, पुलिस ने इससे इनकार करते हुए दावा किया कि पीड़ित, आरोपी एक-दूसरे को जानते थे। घटना बुधवार देर शाम शांतिनगर इलाके में हुई जब ज्वेल काम से लौट रहा था।

### बांग्लादेश में थम नहीं रहा हिंसा का दौर : हफ्ते भर पहले दीपू दास को मारकर जलाया था

# बांग्लादेशः एक और हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या, सात दिन में दो घटनाएं

**ढाका, जेएनएन।** बांग्लादेश में एक बार फिर भीड़ ने हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला है। घटना बुधवार रात करीब 11.00 बजे राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपूचंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।

रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अमृत पर एक आपराधिक गिरोह बनाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट के मुताबिक वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। भारत में लंबे समय तक छिपने के बाद वह हाल ही में घर लौटा था। कथित तौर पर अमृत ने गांव के निवासी शाहिदुल इस्लाम से जबरन वसूली की रकम मांगी थी। 24 दिसंबर की रात अमृत और उसके साथी शाहिदुल के घर पैसे लेने गए थे। जब घरवालों ने चोर-चोर चिल्लाकर शोर मचाया तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अमृत की पिटाई कर दी। उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे, जबकि सलीम हथियारों के साथ पकड़ा गया।

## खालिदा जिया के बेटे की 17 साल बाद वापसी

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद देश लौट आए हैं। वे गिरफ्तारी से बचने के लिए 2008 में लंदन भाग गए थे। तब हसीना सरकार में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले चल रहे थे। गुरुवार को तारिक के स्वागत में उनकी पार्टी बीएनपी के 1 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटे। ढाका एयरपोर्ट से लेकर 300 फीट रोड तक रोड शो किया। इस 13 किलोमीटर के रास्ते को कवर करने में उन्हें 3 घंटे का समय लगा। तारिक ने 17 मिनट भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा, हम देश में शांति कायम करेंगे और नया बांग्लादेश बनाएंगे। हालांकि उन्होंने शेख हसीना को लेकर एक शब्द भी नहीं कहा। इसके बाद तारिक ने एवरकेयर अस्पताल में अपनी मां से मुलाकात की।



### अल्लाह जिसे चाहता है उसे सत्ता देता हैः तारिक

तारिक ने कहा कि अल्लाह जिसे चाहता है उसे सत्ता देता है और जिससे चाहता है उससे सत्ता छीन लेता है। तारिक रहमान ने यह टिप्पणी फेसबुक पोस्ट में की। तारिक रहमान ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, अल्लाह! आप जिसे चाहें ताकत देते हैं और जिससे चाहें छीन लेते हैं। आप जिसे चाहें सम्मान देते हैं और जिसे चाहें अपमानित करते हैं। भलाई आपके हाथों में है। रहमान ने कहा कि कुछ वर्चस्ववादी ताकतों के एजेंट अभी भी बांग्लादेश के खिलाफ साजिशों में लगे हुए हैं। तारिक ने युवाओं से देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी उठाने को कहा।

### हिंदू घरों के हमलावरों की जानकारी देने वालों को मिलेगा इनाम

बांग्लोदश के दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटोग्राम के पास हिंदू परिवारों के घरों को निशाना बनाकर की गई आगजनी की घटनाओं के बाद पुलिस ने ऐसे हमलावरों की पहचान में मदद करने वालों को इनाम देने की घोषणा की है। चटोग्राम के बाहरी इलाके राउजान में कतर में प्रवासी मजदूर सुख शिल, अनिल शिल के घर को मंगलवार रात अज्ञात हमलावरों ने आग के हवाले कर दिया। परिवार के सदस्यों के मुताबिक, आग लगने के बाद वे गर्मी महसूस होने पर जागे, लेकिन बाहर के दरवाजे बंद थे। 8 सदस्य टीन की चादर और बांस की बाड़ काटकर किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले। राउजान इलाके में 5 दिनों के भीतर तीन अलग-अलग स्थानों पर 7 हिंदू परिवारों के घर जलाए गए।

### गृह मामलों के विशेष सहायक का इस्तीफा

गृह मामलों के विशेष सहायक, खुदा बख्श चौधरी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा अंतरिम सरकार पर उस्मान हादी की मौत की जांच में तेजी लाने के बढ़ते दबाव के बीच आया है।

# 2200 अवैध बांग्लादेशी 2025 में किए गए डिपोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ सरकार 2025 में ऐक्शन मोड में दिखी। गृह मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, इस साल दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे लगभग 2,200 बांग्लादेशियों को उनके देश वापस भेज दिया गया। पहचान से लेकर वेरिफिकेशन और डिपोर्टेशन तक की यह लंबी प्रक्रिया भारत में अवैध विदेशी नागरिकों पर कार्रवाई तेज करने के लिए गृह मंत्रालय के सख्त निर्देशों के बाद पूरी की गई। रिपोर्ट के अनुसार यह मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी कई हाई-लेवल मीटिंग्स के एजेंडे में रहा है।



**कब कितने डिपोर्ट**

| | |
|---|---|
| 14 | डिपोर्ट हुए २०२४ में अब |
| 05 | डिपोर्ट हुए २०२३ में अब |
| 50 | डिपोर्ट हुए २०२२ में अब |

### ओडिशा में 2 महिलाओं सहित 1 करोड़ का इनामी नक्सली ढेर

**कंधमाल, जेएनएन।** ओडिशा के कंधमाल में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में 6 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें 1 करोड़ से ज्यादा का इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम) गणेश उईके (69) भी शामिल है। दो महिला नक्सली भी मारी गई हैं। सुरक्षा बलों को कंधमाल के चाकापाड़ इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी का इनपुट मिला था। इसी के आधार पर 23 टीमों को ऑपरेशन के लिए भेजा गया। इनमें 20 स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप, दो सीआरपीएफ और एक बीएसएफ टीमें शामिल थीं। यह ऑपरेशन कंधमाल जिले के चाकापाड़ थाना क्षेत्र और गंजाम जिले के राम्भा वन क्षेत्र में चलाया गया। 25 दिसंबर को अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर माओवादियों और जवानों के बीच कई बार गोलीबारी हुई।

### भारत ने के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया

# पनडुब्बी से 3500 किमी तक मार करेगी के-4

**विजयवाड़ा, जेएनएन।** भारत ने बंगाल की खाड़ी में न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन आईएनएस अरिघाट से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि यह टेस्ट मंगलवार को विशाखापट्टनम तट के पास किया गया। भारत जमीन, हवा के बाद अब समुद्र से भी परमाणु हथियार लॉन्च कर सकेगा। ये मिसाइल 2 टन तक न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। के-सीरीज की मिसाइलों में 'के' अक्षर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में रखा गया है। इनकी भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम भूमिका रही है। के-4 मिसाइल,



जमीन से लॉन्च होने वाली अग्नि-सीरीज पर आधारित एक एडवांस सिस्टम मिसाइल है।

### तकनीक और खासियत

के-4 मिसाइल जमीन से लॉन्च होने वाली अग्नि-सीरीज पर आधारित एक एडवांस सिस्टम मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से लॉन्च के लिए बनाया गया है। लॉन्च के समय मिसाइल पहले समुद्र की सतह से बाहर आती है, इसके बाद उड़ान भरते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। इसे अरिहंत-क्लास की पनडुब्बियों से दागी जा सकती है। के-4 को भारत की न्यूक्लियर ट्रायड का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है। इससे भारत की 'डिटेरेंस' क्षमता मजबूत होती है, यानी संभावित दुश्मन पर यह मनोवैज्ञानिक दबाव बनता है कि किसी भी हमले का जवाब दिया जा सकता है।

# असम में डायोसीज स्कूल में बजरंग दल ने की तोड़फोड़

**गुवाहाटी, जेएनएन।** बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के एक ग्रुप ने क्रिसमस की शाम को असम के नलबाड़ी शहर में एक डायोसीज स्कूल में धावा बोला और वहां क्रिसमस की सजावट तोड़ दी। इसी ग्रुप ने शहर की एक दुकान में बिक रहे क्रिसमस के गहने भी तोड़ दिए थे। नलबाड़ी एसएसपी बिबेकानंद दास ने कहा, पुलिस को इस घटना के संबंध में सेंट मैरी इंग्लिश स्कूल पानीगांव के अधिकारियों से शिकायत मिली है। स्कूल में हुई घटना के साथ ही वही लोग नलबाड़ी शहर के एक मार्केट में एक दुकान पर भी गए, जहां सांता कैप और मास्क जैसी चीजें बिक रही थीं, और उन्हें जला दिया। हम इन दोनों घटनाओं को मिलाकर एक एफआईआर दर्ज करने जा रहे हैं।



ऐसा लगता है कि ग्रुप में करीब नौ लोग थे। बोंगाईगांव डायोसीज के फादर जेम्स वडाकेइल ने कहा कि उस समय स्कूल खाली था, क्योंकि सर्दियों की छुट्टियों के कारण स्कूल बंद है। स्कूल में करीब 1,000 स्टूडेंट हैं और यह 2010 में खुला था। उन्होंने कहा, दोपहर करीब 3 बजे कुछ लोग प्रिंसिपल को ढूंढते हुए आए, लेकिन वह वहां नहीं थे। इसलिए वे घूमे और क्रिसमस क्रिब और बाकी सभी क्रिसमस डेकोरेशन को तोड़ दिया। एडमिशन के लिए एक बड़ा बैनर लगाया गया था और उन्होंने उसे भी तोड़ दिया। उन्होंने नारे लगाते हुए डेकोरेशन को तोड़कर जला दिया। घटना के वीडियो में समूह को कथित तौर पर बजरंग दल के नारे और 'जयश्रीराम' और 'जय हिंदू राष्ट्र' के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

## 2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

साल 2025 शुरुआत से ही लोगों के लिए कुछ खास नहीं रहा। जनवरी से लेकर अब तक कई बड़े हादसों ने लोगों को झकझोर दिया। महाकुंभ, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, बेंगलुरु में मची भगदड़, पहलगाम अटैक, उत्तराखंड में बादल फटने सहित कई बस हादसों में में कई लोग असमय ही काल के मुंह में समा गए। इन बड़े हादसों में लोगों की हुई दर्दनाक मौतों ने हर देशवासी को अंदर तक दहला दिया। साल के अंत में ऐसे ही कुछ बड़े हादसों पर एक नजर डालते हैं।



### गोवा नाइट क्लब आग

6 नवंबर को अरपोरा के एक नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हुई। संकरी गलियों की वजह से समय पर मदद नहीं मिल पाई और लोग जिंदा जल गए।

### दिल्ली में भगदड़

15 फरवरी 2025 को दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर एक यात्री के सिर से भारी सामान गिरने से अफरातफरी मची थी जिसने भगदड़ का रूप ले लिया था। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई थी

## प्लेन क्रैश से लेकर पहलगाम आतंकी हमले तक....

# साल के वे बड़े हादसे जिनसे दहल गया देश



### अहमदाबाद प्लेन क्रैश

ये हादसा पूरे साल का सबसे दर्दनाक हादसा रहा। 12 जून 2025 को एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 जो अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद एक रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई थी, साथ ही प्लेन के गिरने वाले क्षेत्र में भी कुछ लोगों की मौत हो गई। यह भारत के विमानन इतिहास के सबसे भीषण हादसों में से एक था। इस हादसे में फ्लाइट में सवार सिर्फ एक व्यक्ति ही जिंदा बचा था।



### लाल किले के पास कार विस्फोट

9 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किले के मेट्रो स्टेशन के पास आतंकी हमला हुआ। शाम 6.52 बजे सिग्नल पर धीमी गति से चल रही कार में विस्फोट हुआ और 13 लोग मारे गए और 20 से ज्यादा लोग घायल हुए।



### गोवा में भगदड़

3 मई को गोवा के शिरगाओ स्थित लैराई देवी जात्रा मंदिर में लगभग 70 हजार लोग मौजूद थे। एक भक्त करंट लगने से लोगों के ऊपर गिर गया। मंदिर में भगदड़ मच गई और 6 लोगों की मौत हो गई, 70 घायल हो गए।

### तेलंगाना में फार्मा फैक्ट्री में ब्लास्ट



तेलंगाना के संगारेड्डी में स्थित एक फार्मा फैक्ट्री के रिक्टर में ब्लास्ट हुआ. इस दौरान हादसे में करीब 40 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### आंध्र प्रदेश में भगदड़



9 जनवरी 2025 को आंध्र प्रदेश के तिरुमाला हिल्स स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ द्वार दर्शनम के टिकट के लिए लोग लाइन में लगे थे। अचानक गेट खुला और भगदड़ मच गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई थी।

### उत्तराखंड के उत्तरकाशी में फटा बादल



उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 5 अगस्त 2025 को धराली गांव में बादल फटा था। इस दौरान खीर गंगा नदी में आई भीषण बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। इस त्रासदी में कई लोगों की मौत हुई थी और करीब 100 लोग लापता थे।

### मुंबई में ट्रेन हादसा



9 जून 2025 की सुबह मुंबई के मुंब्रा स्टेशन पर चलती लोकल ट्रेनों से 10 यात्री नीचे गिर गए, इनमें से 4 की मौत और 13 घायल हो गए। ये सभी ट्रेन के गेट पर खड़े थे। विपरीत दिशा में ट्रेनों के नजदीक से गुजरते समय उनके बैग एक-दूसरे से टकरा गए, जिससे यह हादसा हुआ।

## बस हादसों में कई लोगों की मौत हुई




इस साल देश भर में कई बस हादसे हुए, जिनमें विभिन्न कारणों से बसों में आग लग ई और लोग बस के अंदर ही झुलस कर मौत के मुंह में समा गए। कुछ हादसों में तो लोगों के शव तक नहीं मिल पाए, लोग जिंदा ही जल कर राख हो गए।

**25** दिसंबर को कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में बेंगलुरु से शिवमोग्गा जा रही एक स्लीपर बस में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर एक लॉरी से टक्कर के बाद आग लग गई। इस दुर्घटना में 9 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

**25** जुलाई को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भयंकर बस हादसा में हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस लगभग 100 फीट गहरी खाई में गिर गई। जिससे चार महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हो गए।

**जयपुर ग्रामीण के मनोहरपुर थाना इलाके में मजदूरों से भरी एक बस हाईटेंशन लाइन (11,000 केवी) की चपेट में आ गई। इस दर्दनाक घटना में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन मजदूर बुरी तरह झुलस गए।**

**16** दिसंबर को आगरा एक्सप्रेसवे पर मथुरा के पास घने कोहरे के कारण आठ बसें और तीन कारें टकरा गईं। वाहनों में शामिल स्लीपर बसें आग में खाक हो गईं और 18 जिंदगियों का अंत हो गया।

**24** अक्टूबर को आंध्र प्रदेश के कुरनूल में स्लीपर बस में बाइक से टकराकर लगी भीषण आग में 20 यात्री फिर कभी नींद से जाग ही नहीं सके।

### महाकुंभ में भगदड़



साल 2025 की शुरुआत में 29 जनवरी, 2025 को प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान करने पहुंचे थे। भारी भीड़ जमा होने लगी और भगदड़ मच गई। इस दौरान हादसे में 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### बेगलुरु भगदड़



4 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल जीत के जश्न से पहले चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई। लंबे समय बाद आरसीबी ने बड़ी जीत पर 35000 दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में लाखों लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ ने गेट तोड़ दिया और भगदड़ मची, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी ।



### तमिलनाडु के करूर में भगदड़

27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कजगम के बैनर तले आयोजित रैली में 10 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद थी, लेकिन 3 गुना ज्यादा लोग पहुंच गए। विजय के देर से पहुंचने के कारण भीड़ बढ़ती चली गई और फिर भगदड़ मच गई। हादसे में करीब 41 लोगों की मौत हुई थी और 50 से ज्यादा घायल हुए थे ।



### पहलगाम आतंकी हमला

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को आतंकी हमला साल का एक बड़ा हादसा था। मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर बैसरन घाटी में छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचे पर्यटकों पर आतंकियों ने हमला कर दिया था। आतंकवादियों ने पर्यटकों को गोलियों से भून दिया था। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### हर्बल टी और फ्लावर टी को नहीं माना जाएगा अब चाय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्रधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य कारोबार से जुड़े ऑपरेटरों को सख्त चेतावनी जारी की है। प्रधिकरण ने कहा है कि कैमेलिया साइनेंसिस पौधे से न बनने वाले किसी भी उत्पाद को चाय



कहना कानूनन गलत और भ्रामक है। नियामक ने इसे गलत ब्रांडिंग और उपभोक्ताओं को गुमराह करने की श्रेणी में रखा है। एफएसएसएआई की यह एडवाइजरी 24 दिसंबर को जारी की गई। जांच के दौरान प्राधिकरण ने पाया कि कई खाद्य कारोबारी रूइबोस टी, हर्बल टी और फ्लावर टी जैसे नामों से ऐसे उत्पाद बेच रहे हैं, जो वास्तव में कैमेलिया साइनेंसिस पौधे से प्राप्त नहीं होते। एफएसएसएआई के नियमों के अनुसार, चाय शब्द का प्रयोग पैकेजिंग और लेबलिंग पर तभी किया जा सकता है जब पेय पदार्थ कैमेलिया साइनेंसिस से प्राप्त किया गया हो। इसमें कांगड़ा चाय, ग्रीन टी और इंस्टेंट टी जैसी किस्में शामिल हैं। एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया कि कैमेलिया साइनेंसिस से प्राप्त न होने वाले ऐसे पौधे-आधारित या हर्बल काढ़े या मिश्रण को चाय का नाम देने के योग्य नहीं माना जा सकता है। इसमें कहा गया है कि यह उल्लंघन खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत भ्रामक जानकारी देने और गलत ब्रांडिंग करने के बराबर है। नियामक ने ई-कॉमर्स, विनिर्माण, पैकेजिंग, विपणन, आयात या ऐसे उत्पादों की बिक्री में लगे हुए सभी खाद्य और व्यावसायिक संगठनों को खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने का निर्देश दिया है।

# भारत में पेट्रोल पंप की संख्या 1 लाख पार

## अमेरिका-चीन के बाद तीसरा सबसे बड़ा फ्यूल रिटेल नेटवर्क, 90% पंप सरकारी कंपनियों के पास

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फ्यूल रिटेल मार्केट बन गया है। पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर अंत तक देश में पेट्रोल पंप की संख्या 1,00,266 पहुंच गई है। पेट्रोल पंप नेटवर्क के मामले में भारत अब अमेरिका और चीन से पीछे है। राजमार्गों और ग्रामीण इलाकों में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकारी और निजी कंपनियों ने पिछले एक दशक में अपना नेटवर्क करीब दोगुना कर लिया है।



### अमेरिका में सबसे ज्यादा फ्यूल स्टेशन

दुनिया में सबसे बड़ा पेट्रोल पंप नेटवर्क अमेरिका का है। अमेरिका में पेट्रोल पंप की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में खुदरा पेट्रोल पंप की संख्या 1,96,643 थी। तब से कुछ पंप बंद हो चुके होंगे। वहीं, पिछले साल एक रिपोर्ट में चीन में पेट्रोल पंप की संख्या 1,15,228 बताई गई थी। चीन की कंपनी चाइना पेट्रोकेमिकल कॉरपोरेशन 30,000 से ज्यादा पंपों के साथ वहां की सबसे बड़ी रिटेलर है, लेकिन भारत की आईओसी का नेटवर्क सिनोपेक से भी कहीं बड़ा है।

### 10 साल में पेट्रोल पंपों की संख्या दोगुना हुई

देश में पेट्रोल पंपों का नेटवर्क बहुत तेजी से बढ़ा है। साल 2015 में भारत में कुल 50,451 पेट्रोल पंप थे, जो अब 2025 के अंत तक बढ़कर 1 लाख से ज्यादा हो गए हैं। इस विस्तार में सरकारी कंपनियों के साथ-साथ निजी कंपनियों ने भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। निजी कंपनियों का मार्केट शेयर 2015 में सिर्फ 5.9 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 9.3 प्रतिशत हो गया है।

### निजी कंपनियों में नायरा एनर्जी सबसे आगे

प्राइवेट सेक्टर में रूस की रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी लिमिटेड सबसे बड़ी खिलाड़ी बनकर उभरी है। नायरा के पास फिलहाल 6,921 पेट्रोल पंप हैं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी के जॉइंट वेंचर के पास 2,114 पंप का नेटवर्क है। वैश्विक दिग्गज कंपनी शेल के भारत में 346 पेट्रोल पंप संचालित हैं।

### 90% पंप भारत में सरकारी

भारतीय फ्यूल मार्केट पर सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का एक छत्र राज है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी कंपनियों के पास देश के 90 प्रतिशत से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। आंकड़ों के अनुसार, इंडियन ऑयल 41,664 पेट्रोल पंप के साथ देश की सबसे बड़ी कंपनी है। इसके बाद बीपीसीएल के 24,605 और एचपीसीएल के 24,418 स्टेशन देशभर में मौजूद हैं।

# पहले से बुक ट्रेन टिकट पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लगेगा

## बढ़ा हुआ किराया आज से लागू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रेलवे ने साफ किया है कि उन यात्रियों को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा, जिन्होंने 26 दिसंबर के पहले टिकट बुक कर लिया है, भले ही वे इस तारीख के बाद यात्रा करेंगे। 21 दिसंबर को रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा के लिए 26 दिसंबर से किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। मीडिया से बात करते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा, 26 दिसंबर या उसके बाद टीटीई यात्रा के दौरान ट्रेन या स्टेशन पर जो टिकट बनाएंगे, उस पर बढ़ा हुआ किराया लगेगा। रेलवे का बढ़ा हुआ किराया 26 दिसंबर से लागू हो रहा है। 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। रेलवे का अनुमान है कि इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। हालांकि, 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और




मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**छोटे रूट और सीजन टिकट वालों को राहत :** रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। 215 किलोमीटर से कम के सफर पर किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। रोजाना सफर करने वालों के लिए राहत की खबर है। सब-अर्बन ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा।

# टैक्स प्रक्रिया होगी सरलः एक अप्रैल से बदलेगा इनकम टैक्स का पुराना कानून

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार 1 अप्रैल 2026 से देश में नया इनकम टैक्स कानून लागू करने जा रही है। नया कानून 1961 से चले आ रहे पुराने कानून की जगह लेगा। नए कानून का सबसे बड़ा मकसद टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाना और आम आदमी के लिए उलझनों को कम करना है। नए नियमों के तहत अब सैलरीड क्लास को 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा, टैक्स भरने के लिए अब तक इस्तेमाल होने वाले असेसमेंट ईयर और प्रीवियस ईयर जैसे कठिन शब्दों को हटाकर अब केवल टैक्स ईयर का इस्तेमाल किया जाएगा। मौजूदा इनकम टैक्स कानून 1961 में बना था, जिसमें अब तक कई बार संशोधन हो चुके हैं। इस वजह से यह काफी जटिल हो गया था। सरकार ने नए कानून में धाराओं की संख्या 819 से घटाकर 536




कर दी है। इसकी भाषा को इतना सरल रखा गया है कि एक आम टैक्सपेयर भी समझ सके कि उसे कितना टैक्स देना है और कौन से फॉर्म भरने हैं। चैप्टर की संख्या भी 47 से घटाकर 23 कर दी गई है। नया कानून पूरी तरह से डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच पर बेस्ड है। फेसलेस असेसमेंट को और मजबूत बनाया गया है ताकि टैक्सपेयर और अधिकारी का आमना-सामना न हो और भ्रष्टाचार की गुंजाइश खत्म हो जाए।

### 12.75 लाख तक की कमाई टैक्स फ्री

नए टैक्स रिजीम के तहत अब 4 लाख तक की कमाई पर जीरो टैक्स लगेगा। इसके बाद 12 लाख तक की आय पर छूट को बढ़ाकर 60,000 कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अगर आपकी सालाना आय 12 लाख है, तो रिबेट मिलने के बाद आपको 1 रुपए भी टैक्स नहीं देना होगा। अगर इसमें 75,000 का स्टैंडर्ड डिडक्शन भी जो दिया जाए, तो 12.75 लाख तक की सैलरी पूरी तरह टैक्स फ्री हो जाएगी। असेसमेंट ईयर की जगह अब टैक्स ईयर अब तक टैक्सपेयर्स प्रीवियस ईयर और असेसमेंट ईयर के बीच कंफ्यूज रहते थे। नए कानून में इन दोनों को खत्म कर दिया गया है। अब केवल टैक्स ईयर होगा।

# अडाणी ग्रुप ने की 86,000 करोड़ की डील पूरी

**मुंबई, जेएनएन।** अडाणी ग्रुप ने जनवरी 2023 से अब तक 86,000 करोड़ रुपए की 33 एक्विजिशन पूरी की हैं। यानी 33 कंपनियों या प्रोजेक्ट्स को खरीदा है। इसमें मुख्य रूप से पोर्ट्स, सीमेंट और पावर सेक्टर में सबसे ज्यादा निवेश हुआ है। ग्रुप ने ये डील्स ऐसे समय में पूरी की हैं, जब 2023 की शुरुआत में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से ग्रुप को बड़ा झटका लगा, ग्रुप की कंपनियों पर मार्केट में विश्वास कम हुआ। हिंडनबर्ग रिपोर्ट में अकाउंटिंग में खामी और स्टॉक मैनिपुलेशन से जुड़े बड़े आरोप लगाए गए थे। ग्रुप आरोपों को खारिज करता रहा और इसी साल 18 सितंबर को मार्केट रेगुलेटर सेबी ने आरोपों को खारिज करते हुए ग्रुप को क्लीनचिट दे दी। अडाणी ग्रुप की 33 डील्स में सबसे ज्यादा निवेश पोर्ट्स सेक्टर में हुआ। यहां 28,145 करोड़ रुपए खर्च किए गए। सीमेंट सेक्टर में 24,710 करोड़, पावर में 12,251 करोड़, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में 2,544 करोड़ और नए बिजनेस में 3,927 करोड़ रुपए लगाए गए।




इसी साल अप्रैल में अडाणी पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया का नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल को 21,700 करोड़ में खरीदा, इन 33 डील्स में ये ग्रुप की सबसे बड़ी डील है। इसके अलावा अप्रैल 2023 में 1,485 करोड़ में कराईकल पोर्ट, मार्च 2024 में 3,080 करोड़ में गोपालपुर पोर्ट, अगस्त 2024 में 1,550 करोड़ में एस्ट्रो ऑफशोर और तंजानिया का दार एस सलाम पोर्ट 330 करोड़ में (मई 2024) खरीदा गया।

### ऑनलाइन सामान वापस करने के नाम पर महिला से दो लाख की ठगी

**जागरण, ग्वालियर।** ग्वालियर में एक महिला ऑनलाइन शॉपिंग के बाद सामान वापस करने के चक्कर में ठगी का शिकार हो गई। कस्टमर केयर से मिली एक लिंक पर क्लिक करते ही उनके बैंक खाते से करीब दो लाख रुपए कट गए। महिला ने तुरंत महाराजपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



दीनदयाल नगर निवासी रेणु मिश्रा, जो वेटनरी विभाग में कार्यरत हैं। कुछ दिन पहले मीशो से ऑनलाइन सामान मंगवाया था। सामान पसंद न आने पर उन्होंने उसे वापस करने के लिए कंपनी के कस्टमर केयर से संपर्क किया। कस्टमर केयर से उन्हें एक लिंक भेजी गई और बताया गया कि इस पर क्लिक करने के बाद मीशो के कर्मचारी उनसे संपर्क कर सामान वापसी की प्रक्रिया पूरी करेंगे रेणु मिश्रा ने जैसे ही अपने मोबाइल पर आई उस लिंक पर क्लिक किया, उनके बैंक खाते से पैसे कटने का मैसेज आ गया। बैंक से आए मैसेज से उन्हें पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने तत्काल अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद वे महाराजपुरा थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### ज्ञान-विज्ञान का अनूठा संगम : लाला रामस्वरूप जीडी एंड संस पंचांग 2026 जारी




**भोपाल।** सटीक ज्योतिषीय गणनाओं, शुभ मुहूर्त, तिथि, नक्षत्र और भविष्यवाणी का विश्वसनीय संगम लाला रामस्वरूप जीडी एंड संस पंचांग वर्ष 2026 के लिए नए कलेवर और आकर्षक प्रिंटिंग के साथ बाजार में आ गया है। यह पंचांग विवाह, व्रत-त्योहार, कुंडली मिलान, ग्रह-नक्षत्र दशा और राशिफल के साथ जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों को शुभ बनाने में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है।पंचांग में शासकीय एवं बैंक अवकाशों, मुख्य जयंती दिवसों, पुष्य नक्षत्र और विवाह मुहूर्त की स्पष्ट जानकारी दी गई है, जिससे परिवार पहले से छुट्टियों की योजना बना सकता है। विषय विशेषज्ञों की निगरानी में तैयार यह पंचांग भारत ही नहीं, विदेशों में भी भारतीय परिवारों की पहली पसंद बना हुआ है। वर्ष 1937 से निरंतर प्रकाशित यह पंचांग अपनी शुद्ध ज्योतिषीय गणनाओं और उपयोगिता के लिए विशेष रूप से जाना जाता है।

### नए लेबर कोड पर उद्योग जगत की बड़ी आपत्ति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार द्वारा नोटिफाइड नए लेबर कोड को लेकर भारतीय उद्योग के प्रतिनिधियों ने चिंता जताई है। उद्योग संगठनों ने खास तौर पर वेतन की परिभाषा और ग्रेज्युटी से जुड़े प्रावधानों में अस्पष्टता की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा है कि इससे कंपनियों की भर्ती लागत में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है। ये मुद्दे बुधवार को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सामने भी उठाए गए। इस बैठक की अध्यक्षता श्रम सचिव वंदना गुरनानी ने की, जिसमें




विभिन्न उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि कुल पारिश्रमिक में से 50 फीसदी वेतन की गणना को लेकर कंपनियों में भ्रम की स्थिति है और इस पर स्पष्टता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों के लिए ग्रेज्युटी की पात्रता अवधि घटाकर एक साल कर दी गई है। ये दोनों प्रावधान कंपनियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालेंगे। सूत्र के मुताबिक, उद्योग संगठनों से संभावित वित्तीय बोझ का आकलन करने को कहा गया है और इस मुद्दे पर आगे भी कई दौर की बातचीत होने की संभावना है। यह बैठक श्रम मंत्रालय की उस प्रक्रिया का हिस्सा थी, जिसके तहत नए लेबर कोड के ड्राफ्ट नियमों को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी करने से पहले सभी हितधारकों से सुझाव लिए जा रहे हैं। वेतन संहिता के तहत अब फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को कम से कम एक साल की सेवा पूरी करने पर ग्रेज्युटी का भुगतान किए जाने का प्रावधान किया गया है। इससे पहले वेतन और भत्तों के बीच कोई निश्चित अनुपात नहीं था और कंपनियां सामाजिक सुरक्षा योगदान कम करने के लिए वेतन घटाकर भत्तों का हिस्सा बढ़ा देती थीं। नए लेबर कोड के तहत अब वेतन में बेसिक पे, महंगाई भत्ता और रिटेनिंग अलाउंस को शामिल किया गया है।

# इस साल के 5 बड़े आईपीओ, हाइवे इंफ्रास्ट्रक्चर की सबसे अधिक डिमांड

**मुंबई, जेएनएन।** साल 2025 आईपीओ बाजार के लिए बहुत ही खास रहा। इस साल में अब तक कुल 103 कंपनियों के आईपीओ आएं हैं। इन कंपनियों ने अपने इस आईपीओ के जरिए कुल 1.76 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल की बात करें तो 2024 में 90 कंपनियों के आईपीओ आए थे, जिससे कुल 1.60 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे। अब साल 2026 की बारी है, लेकिन उससे पहले हम यहां आपको साल 2025 के पांच बड़े आईपीओ को बताने जा रहे हैं, जिन्होंने सबसे अधिक पैसे बाजार में निवेशकों से जुटाएं हैं। साल 2025 के सबसे बड़े आईपीओ में टाटा कैपिटल आईपीओ का नाम शुमार है। सबसे बड़े आईपीओ की लिस्ट में एचडीबी फाइनेंशियल आईपीओ का भी नाम शामिल है। लिस्ट में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स आईपीओ का भी नाम है। टेक्नोलॉजी आईपीओ का भी नाम है। लेंसकार्ट




सॉल्यूशंस आईपीओ की बात करें तो यह साल 2025 के बड़े आईपीओ की लिस्ट में शामिल है। साल 2025 के आईपीओ में सबसे अधिक डिमांड हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर आईपीओ की रही। वैसे तो कंपनी ने अपने आईपीओ के जरिए कुल 130 करोड़ रुपये ही जुटाए, लेकिन इसमें पैसा लगाने के लिए निवेशकों की काफी भीड़ देखी गई।

### भारत में नौकरियों पर एआई से खतरा कम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सचिव एस कृष्णन ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के कारण ज्ञान-आधारित नौकरियों के प्रभावित होने का जोखिम पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत में कम है। कुल कार्यबल में दफ्तर वाली नौकरियों की अपेक्षाकृत कम हिस्सेदारी और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) आधारित रोजगारों का वर्चस्व होने के कारण ऐसा है। कृष्णन एक बातचीत में कहा कि रोजगार पर एआई के संभावित प्रभावों को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, भारत के संदर्भ में उन्हें उसी तीव्रता से नहीं देखा जाना चाहिए। भारत में दफ्तर वाली नौकरियों का अनुपात पश्चिमी देशों की तुलना में काफी कम है, जिससे दिमाग से किए जाने वाले कार्यों पर आधारित नौकरियों पर एआई से पड़ने वाला जोखिम सीमित रहता है।

### जमीनी विवाद में किसान की हत्या

**जागरण, छतरपुर।** जिले के पिपट थाना क्षेत्र के ग्राम लखनगुंवा में एक पट्टे की जमीन को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक किसान की हत्या कर दी गई। इस घटना में दोनों पक्षों के लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी अनुसार, ग्राम लखनगुंवा के गोली अहिरवार को वर्ष 1998 में यह पट्टे की जमीन मिली थी। वह इस पर खेती कर रहे थे। इसी जमीन को लेकर उनका दूसरे परिवार से विवाद चल रहा था। आरोपी पक्ष ने मृतक की जमीन पर कब्जा कर रखा था। गुरुवार अपराह्न करीब 4 बजे खेत की बाड़ी को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने पर दोनों परिवारों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे। इस संघर्ष में गोली अहिरवार की मौत हो गई ।

### साइकिल से कोचिंग जा रहे बच्चे को कार ने मारी टक्कर, मौत

**जागरण, भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से आठ साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना के वक्त मासूम साइकिल से कोचिंग जा रहा था तभी कार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आठ वर्षीय शिवम बंसल पिता रामविलास बंसल मल्टी साकेत नगर में किराए से रहता था। उसके पिता पुताई का काम करते हैं, जबकि मां गृहणी हैं। शिवम दूसरी कक्षा का छात्र था। बुधवार शाम करीब 6 बजे शिवम अपने छोटे भाई विकास के साथ साइकिल से कोचिंग जा रहा था। शिवम साइकिल चला रहा था, जबकि उसका छोटा भाई पीछे बैठा हुआ था। घर से कुछ ही दूरी पर कॉलोनी के अंदर सामने से आ रही कार ने अचानक उसकी साइकिल को टक्कर मार दी।

### आरबीआई ने 3 घंटे में चेक क्लीयरेंस का नियम टाला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चेक क्लियरेंस को तेज करने वाली फेज 2 स्कीम को पोस्टपोन कर दिया है। यह स्कीम 3 जनवरी 2026 से शुरू होने वाली थी। इस फेज में बैंकों को चेक की इमेज मिलने के 3 घंटे में अप्रूवल या रिजेक्ट करना था। अब इसे आगे की तारीख तक टाल दिया गया है। आरबीआई ने 24 दिसंबर को सर्कुलर जारी कर कहा कि फेज 2 को आगे टाल दिया गया है। फेज 1 ही चलता रहेगा। चेक प्रेजेंटेशन विंडो सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुली रहेगी। वहीं, बैंक सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे के बीच चेक को कंफर्म या रिजेक्ट कर सकेंगे। 3 जनवरी 2026 से लागू होने वाले फेज-2 का मकसद चेक क्लीयरेंस को रियल टाइम के करीब लाना था। इसके तहत बैंकों को चेक की इमेज मिलने के महज 3 घंटे के भीतर उसे अप्रूव या रिजेक्ट करना था।

### 1960 करोड़ के इंडसइंड बैंक घोटाले की जांच शुरू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग संबंधी घोटाले की जांच गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने शुरू कर दी है। अकाउंटिंग धोखाधड़ी से बैंक को 1,960 करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ था। बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 23 दिसंबर को उसे जांच संबंधी पत्र मिला है। यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा फंड की हेराफेरी या गबन का कोई सबूत न मिलने के बाद प्रारंभिक जांच को बंद करने की योजना बना रही है। ईओडब्ल्यू ने कहा, अगस्त से चल रही उसकी प्रारंभिक जांच में फंड की हेराफेरी या डायवर्जन का कोई सबूत नहीं मिला है। ऐसे में प्रारंभिक शिकायत यानी एफआईआर दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है।

**राजनीति** विजय शाह को बनाया गया था वन मेले के समापन का मुख्य अतिथि, इससे तेज हुई कयासबाजी

# तो क्या शाह को फिर मिलेगी वन विभाग की जिम्मेदारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अपने बयानों से चर्चित रहने वाले कुंवर विजय शाह को लेकर कयास लगने लगे हैं कि जब भी मंत्रियों के विभाग बदले जाएंगे, तो शाह से आदिमजाति कल्याण विभाग वापस लेकर उन्हें वन विभाग की कमान सौंपी जा सकती है। यह चर्चा इसलिए प्रारम्भ हुई है कि शाह को पिछले दिनों समाप्त हुए अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का मुख्य अतिथि बनाया गया था। गौरतलब है मोहन कैबिनेट के गठन के दौरान विभाग नागर सिंह चौहान के पास था, जिनसे विभाग लेकर पूर्व मंत्री रामनिवास रावत को दिया गया था, लेकिन वे विधानसभा का उपचुनाव हार गए और उन्हें इस पद से इस्तीफा देना पड़ा। इसके उपरांत वन विभाग मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास ही है। चर्चा है कि सीएम जब भी अपने पास के कुछ विभाग कम करेंगे, तो वन विभाग की जिम्मेदारी भी किसी मंत्री को दी जाएगी। इस चर्चा को पिछले दिनों बल मिला है, जब आदिम जाति कल्याण मंत्री कुंवर विजय शाह को अंतर्राष्ट्रीय वन मेले के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बनाया गया। जानकारों का कहना है कि अब तक के वन मेलों में यह परंपरा रही है कि अंतर्राष्ट्रीय वन मेले का समापन राज्यपाल द्वारा किया जाता रहा है। लेकिन इस बार विजय शाह को मुख्य



अतिथि बनाकर मेले का समापन कराया गया। राजनीति की नब्ज समझने वाले इस निर्णय को सियासी संकेत के तौर पर देख रहे हैं। गौरतलब है कि शिवराज सिंह सरकार के कार्यकाल के दौरान विजय शाह दो बार वन महकमें के मंत्री रह चुके हैं। इन दोनों वार उनके पास मंत्रालय संभालने का पांच वर्ष का अनुभव भी है, यह अनुभव भाजपा शासन काल में वन मंत्री रहे दूसरे नेताओं की अपेक्षा सबसे ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि सुंदरलाल पटवा सरकार में चौधरी चंद्रभान सिंह वन मंत्री रहे है, जबकि शिवराज सिंह चौहान सरकार में ढाल सिंह बिसेन और राजेन्द्र शुक्ल और सरताज सिंह जैसे बड़े नेताओं ने इस विभाग को संभाला है, लेकिन ये सभी नेताओं ने शाह से कम समय तक वन विभाग की जिम्मेदारी संभाली है।

### विवादों से बचना होगा

भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री अपनी कैबिनेट को साफ-सुथरा और परिणाम देने वाला बनाना चाहते हैं। इसलिए उनके द्वारा लगातार अपने मंत्रियों के कामकाज पर कसावट लाई जा रही है। पिछले दिनों मंत्रियों को उनके विभागों के कामकाज की समीक्षा के दौरान सीएम ने साफ बता दिया है कि उनके साथ वहीं चल पाएगा,जो सरकार के विजन को पूरा करने में सौ फीसदी सफल हो सकता है। उन्होंने मंत्रियों को हर तरह से विवादों और अपनी कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने की बात भी कही है। ऐसे में मंत्री विजय शाह को वन महकमे का जैसा बड़ा विभाग तभी मिल सकता है,जब वे अपने आप को हर तरह के विवादों से दूर रख सके। जिस तरह से पिछले कुछ महीनों में वन विभाग की कुछ गतिविधियों ने सरकार की फजीहत कराई है,उससे सीएम खुश नहीं है,ऐसे में वे किसी अनुभवी मंत्री को यह विभाग देने की तैयार कर सकते हैं। इसमें सबसे ज्यादा फिट विजय शाह हो रहे हैं।

### वन विभाग ही रहेगा?

सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ही लेना है, लेकिन जिस तरह से शाह को वन मेले का मुख्य अतिथि बनाया गया, उसे सीएम की सहमति के तौर पर देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि जब मंत्रियों के विभागों में परिवर्तन किया जाएगा, तब शाह से आदिमजाति कल्याण विभाग वापस लेकर उन्हें वन मंत्रालय सौंपा जा सकता है। जबकि आदिम जाति कल्याण विभाग या तो किसी नए मंत्री को दिया जाएगा या फिर मंत्री नागर सिंह चौहान को यह विभाग सौंपा जा सकता है।

# तीन सीएलसी से मिलेगा बीफार्मा और डीफार्मा की खाली सीटों पर प्रवेश, 31 तक चलेगी प्रक्रिया

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद विभाग ने फार्मेसी कालेजों में प्रवेश कराने एक फिर काउंसलिंग शुरू कर दी है। विभाग को 31 दिसंबर तक प्रवेश देना है। अतिरिक्त संचालक डॉ. यतींद्र सिंह ठाकुर द्वारा जारी कार्यक्रम के तहत तीन सीएलसी आयोजित होंगी। पहली सीएलसी में विद्यार्थी 27 दिसंबर तक पंजीयन कराकर शाम छह बजे तक कालेज पहुंचकर प्रवेश ले पाएंगे। दूसरी सीएलसी 28 से तीस दिसंबर तक चलेगी। अंतिम सीएलसी 31 दिसंबर को रखी गई है, जिसमें विद्यार्थी पंजीयन कराकर तत्काल उपस्थित होकर प्रवेश ले पाएंगे। नये कालेजों ने सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्हें फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया से मान्यता काफी विलंब से मिली है, जिसके कारण उन्हें जारी काउंसलिंग कार्यक्रम के तहत प्रवेश नहीं मिल पाए हैं। उनकी पीडा सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट ने विभाग को 31 दिसंबर तक प्रवेश देने के आदेश दिए हैं।

### अभी तक की प्रवेश की स्थिति

प्रदेश में 210 कालेज बीफार्मा और 230 कालेज डीफार्मा का संचालन करते हैं। इसमें अधिकतर कालेज बीफार्मा और डीफार्मा के साथ एमफार्मा और फार्मडी की सीटों पर प्रवेश कराते हैं। प्रदेशभर में फार्मेसी की करीब 36 हजार 432 सीटें हैं। इसमें विभाग अभी तक 25 हजार 967 विद्यार्थियों का प्रवेश कर सका है। मौजूदा स्थिति में 10 हजार 465 सीटें रिक्त हैं। निजी बीफार्मा कॉलेजों में 17 हजार 800 सीटों के मुकाबले 14 हजार 461 प्रवेश ही हुए हैं। वहीं अनुदान प्राप्त और विवि संचालित फार्मेसी विभाग की लगभग सभी सीटें भर गईं। कुल मिलाकर बीफार्मा में 18 हजार 280 सीटों में से 14 हजार 919 छात्रों ने प्रवेश लिया। निजी कॉलेजों में 13 हजार 560 सीटें थीं, जिनमें सिर्फ 8 हजार 469 प्रवेश हुए हैं।

### रायपुर कर्चुलियान में बाणसागर नहर पर अतिक्रमण

# मुआवजा मिलने के बाद भी कर रखा है नहर पर कब्जा

**500 की आबादी रास्ते के लिए परेशान**
**ऐतला गांव के ग्रामीणों में आक्रोश**


फाइल फोटो

**रायपुर कर्चुलियान।** तहसील रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत ऐतला में बाणसागर परियोजना की सब नहर को कथित दबंगों द्वारा अवरुद्ध किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है।

आरोप है कि गांव के ही कुछ सरहंग तत्वों ने शासकीय नियमों की अनदेखी करते हुए नहर के मार्ग को कई स्थानों पर तार-पट्टी, झाड़ियां और अन्य अवरोध लगाकर बंद कर दिया है। इतना ही नहीं, बाणसागर परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई भूमि पर अतिक्रमण कर जुताई-बुआई कर खेती भी की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या बीते कई वर्षों से चली आ रही है और समय के साथ अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे 500 की आबादी वाली इस बस्ती के लोगों को आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों के आने-जाने का एकमात्र रास्ता यही नहर मार्ग है। हैरानी की बात यह है कि जिन लोगों पर अतिक्रमण का आरोप है, उन्हें नहर के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा पहले ही पूरा मिल चुका है, इसके बावजूद दबंगई के बल पर वे सरकारी भूमि खाली नहीं कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस पूरे मामले की शिकायत तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी बाणसागर परियोजना (बहुती नहर), कार्यपालन यंत्री बाणसागर परियोजना सहित सीएम हेल्पलाइन और ग्राम पंचायत के माध्यम से कई बार की जा चुकी है। शिकायतों के बाद तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी द्वारा हल्का पटवारी को मौके पर जाकर निरीक्षण करने, अवरुद्ध नहर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए थे।

**ग्रामीणों ने लगाया साठगांठ का आरोप**

इसके बावजूद अब तक न तो हल्का पटवारी द्वारा अधिकारियों के आदेशों का पालन किया गया और न ही बाणसागर परियोजना विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की गई। इससे ग्रामीणों में गहरा रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि विभागीय कर्मचारी और अधिकारी आपस में साठगांठ में नहीं होते, तो अब तक नहर को अतिक्रमण मुक्त कराया जा चुका होता।

**धरना-प्रदर्शन की चेतावनी**

रास्ते की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बाणसागर परियोजना की नहर को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, उसे शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज कर आमजन के लिए रास्ता उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

## अटल बिहारी के विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



**जगह-जगह मनाई गई भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती**
**भाजपा मंडल गुढ़ में हुए आयोजन**

**गुढ़ (नि. प्र)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष गुढ़ एड. अनंत कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार भारत रत्न, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के समस्त कार्यक्रम गुढ़ मंडल के विभिन्न ग्रामों एवं बूथों पर श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुए। ग्राम पंचायत पुरवा में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी मंडल गुढ़ के मंडल मंत्री धनपतलाल गुप्ता, पूर्व बूथ अध्यक्ष अनिरुद्ध सेन सोनी, बूथ अध्यक्ष राजकुमार सोनी, राजू साकेत, उदयराज सोनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में मंडल गुढ़ के बूथ क्रमांक 228 नर्रहा में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गुढ़ मंडल के महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला के नेतृत्व में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पुरवा के बूथ क्रमांक 225 पर भी अटल बिहारी वाजपयी की जयंती मनाई गई, जिसमें बूथ अध्यक्ष राजकुमार सोनी सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। वहीं गुढ़ मंडल की ओर से ग्राम बदवार में भी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रावेन्द्र मिश्रा, बी.के. पाण्डेय, कपिल पयासी, अलेश पयासी, सुरेंद्र तिवारी, रामचंद्र पटेल, हर्षवर्धन तिवारी, नारायण विश्वकर्मा, अशोक वर्मा, बिहारी कोरी, राजेंद्र पटेल, राजकुमार कुशवाहा, दिलीप पटेल, रामनारायण केवट, उमाशंकर पटेल, विसर्जन पटेल, विवेक मिश्रा, गयादिन यादव, रामनाथ साकेत, शिवकुमार सोधिया, विनोद पटेल, राजकुमार प्रजापति, भैयालाल पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रमों के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया गया।

## भाजपा कार्यतार्ओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

**ब्यूरो चीफ हनुमना।** हनुमना नगर के भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर उपाध्यक्ष के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। उनके चित्र में पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ उन्हें याद किया गया। आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व नगर उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर भाजपा नेता ज्योति गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष कृपा शंकर गौतम मंडल उपाध्यक्ष रितेश केसरी समाजसेवी लवकुश गुप्ता समाजसेवी शुभवंत किशोर गुप्ता, हनुमत सेवा समिति अध्यक्ष धर्मशाला राधेश्याम गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन नहीं

**जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता उजागर**

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन नहीं किया गया, जबकि प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को यह कार्यक्रम पूरे मध्य प्रदेश में जिला स्तर पर आयोजित किया जाता रहा है। उपभोक्ताओं के अधिकारों, कर्तव्यों और हितों की रक्षा के साथ-साथ उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता है, लेकिन इस बार मऊगंज में कार्यक्रम न होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन जिला स्तर पर खाद्य विभाग द्वारा किया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शासन द्वारा इसके लिए 20,000 की राशि भी स्वीकृत की जाती है, ताकि उपभोक्ताओं को 'जागो ग्राहक जागो' अभियान के तहत उनके अधिकारों की जानकारी दी जा सके। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को आयोजित न कर अपनी उदासीनता और लापरवाही साफ जाहिर कर दी है।

जानकारों का कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को मिलावट, अधिक मूल्य वसूली, नकली उत्पाद, तथा उपभोक्ता संरक्षण कानूनों की जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम न होने से उपभोक्ताओं को मिलने वाली जागरूकता पर सीधा असर पड़ा है। स्थानीय उपभोक्ता संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब शासन द्वारा निर्धारित राशि और दिशा-निर्देश उपलब्ध हैं, तो फिर कार्यक्रम न होने का क्या कारण है। उपभोक्ताओं का कहना है कि 'जागो ग्राहक जागो' जैसे नारों को केवल कागजों तक सीमित न रखकर जमीन पर उतारने की जरूरत है, ताकि आम नागरिक अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सके। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले पर क्या कदम उठाता है और भविष्य में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों को लेकर कितनी गंभीरता दिखाता है।

## घुरकुच जंगल और चित्रकूटी नदी देख अभिभूत हुए छात्र

**वन परिक्षेत्र डभौरा का अनुभूति कार्यक्रम**



**जवा ब्यूरो।** डभौरा। रीवा वन मण्डल वन परिक्षेत्र कार्यालय डभौरा द्वारा 'मैं भी बाघ' थीम पर अनुभूति कार्यक्रम के तहत सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डभौरा के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ घुरकुच जंगल एवं चित्रकूटी नदी का भ्रमण कराकर नदी पर्वत एवं जंगल के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। अनुभूति कार्यक्रम में संजीव सिंह चौहान विधायक प्रतिनिधि वन विभाग सिरमौर, आसमां रत्ना कोल पार्षद, अनिल गुप्ता पार्षद, पर्यावरणविद् बृजेंद्र पाण्डेय एवं वन परिक्षेत्राधिकारी अभिवादन चौबे की उपस्थित में घुरकुच जंगल स्थित चित्रकूटी नदी के किनारे'मैं भी बाघ' थीम पर अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 120 छात्र छात्राओं सहित शिक्षकों ने भाग लिया। बच्चों को नेचर ट्रेल की ट्रेकिंग, पत्तों टहनियों से वृक्ष प्रजाति पहचान, परिस्तिथिक तंत्र एवं जैव श्रृंखला में बाघ की अंब्रेला प्रजाति के रूप में महत्वता, बड़ी बिल्ली प्रजाति जैसे बाघ, शेर, तेंदुआ, चीता को पहचानना, विभिन्न वन्यप्राणियों के पदचिन्हों की पहचान, वन विभाग अधिकारियों की पद पहचान आदि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। 'बच्चों जंगल की पुकार' खेल द्वारा अपना स्वयं का जंगल बनाना, वन संपदा खेल द्वारा वन औषधियों की पहचान आदि मुख्य आकर्षण गतिविधियां रहीं।

**कैंप की विशेषताएं**

कैंप पूरी तरह से नो प्लास्टिक यूज पर आधारित रहा। खाने पीने के लिए, नाश्ते में पोहा, जलेबी और चाय दी गई एवं भोजन में पनीर की सब्जी, मिक्स वेज सब्जी, पूड़ी, चावल, दाल , पापड़, अचार, सलाद दिया गया। भोजन कराने के लिये दोना पत्तल का उपयोग किया गया। प्रत्येक बच्चे को बाघ थीम आधारित टीशर्ट, पेन, अनुभूति पुस्तकों, अनुभूति किट्स सहित लघु वनोपज को बढ़ावा देने हेतु महुआ लड्डू का वितरण किया गया। ट्रेकिंग ट्रेल में वृक्ष पहचान हेतु विवरण तप्ती का उपयोग किया गया। कार्यक्रम समापन में प्रश्नमंच का आयोजन करके प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण कर समापन किया गया।

## बदवार में आप ने चलाया मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान



**गुढ़।** गुढ़ विधानसभा के बदवार ग्राम पंचायत में आम आदमी पार्टी का मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान कार्यक्रम और जनसभा का आयोजन रीवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर दीपक सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने पार्टी सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की प्रतिमा में दीप प्रज्जवालित और माल्यार्पण से की गई। इंजी. दीपक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब के बनाए संविधान को बचाने की जरूरत है, एस आई आर के माध्यम से कई लोगों के नाम काटे और जोड़े जा रहे हैं, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। वहीं आवारा पशुओं की वजह से भी कई किसान परेशान हैं, बिजली में लगातार कट होने की वजह से भी आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है , धान खरीदी केंद्रों में किसानों से मनमानी बट्टा वसूला जा रहा है, किसान काफी परेशान हैं। चुनाव से पहले 3100 रुपया धान का समर्थन मूल्य निर्धारित करने वाली भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। कार्यक्रम के आयोजक श्रीनिवास पटेल रहे, मंच का संचालन रोहित पटेल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राणा सिंह तिवारी, श्रीनिवास पटेल, दिनेश त्रिपाठी,रोहित पटेल, महावीर पटेल, रामप्रताप पटेल, गणेश पटेल,राजेश कुशवाहा, दिवाकर सिंह, हरिहर पटेल, पवन पटेल, प्रकाश पटेल, महेंद्र पटेल, राजाराम, बृजलाल पटेल, परिवर्तन पटेल,विमल सोधिया,उमेश यादव , भूपेंद्र पटेल गणेश चौधरी ,मोहम्मद फारुख, संदीप पटेल ,रवि कुमार ,अजय पटेल, अंकित सोधिया अन्य सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।

## डस्ट का उपयोग कर बनाया जा रहा 50 बिस्तरा अस्पताल

**कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष ने लगाए आरोप**



**हनुमना नि.प्र.।** कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष आशीष तिवारी ढाबा तिवरियान ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूरी उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश बॉर्डर पर हनुमना में 50 बिस्तर का अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इसे पुलिस हाउसिंग बोर्ड का नाम दिया गया है एवं ठेकेदार श्री साहू के नाम से यह कार्य चल रहा। श्री तिवारी ने कहा है कि नगरीय एवं ग्रामीण लोगों ने अस्पताल निर्माण पर गंभीर आरोप लगाये हैं कि यह 50 बिस्तर का अस्पताल शासन की गाइडलाइन के अनुसार नहीं बनाया जा रहा है। निर्माण में ठेकेदार द्वारा भारी अनियमिताएं बरती जा रही हैं तथा निर्माण कार्य में डस्ट का भी इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे अस्पताल निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं। पहले भी अनियमितताओं के बारे में जिला कलेक्टर को भी अवगत कराया गया था, जिला कलेक्टर ने भी जांच के आदेश हनुमना के स्थानीय अधिकारियों को दिए गए थे, परंतु यह जांच ठंडे बस्ते में चली जाने के आरोप लगे हैं। श्री तिवारी ने मांग की है कि 98 ग्राम पंचायतों का एकमात्र हनुमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है, जिसके निर्माण में अनियमितताएं बरती जा रहीं हैं, इसकी जांच की जाए तथा कथित भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे अस्पताल निर्माण पर रोक लगाते हुए ठेकेदार का ठेका निरस्त किया जाए।

## न्यूज कार्नर

### कलश यात्रा के साथ किया नवचंडी महायज्ञ का शुभारंभ

**गोविन्दगढ़।** ग्राम सहिजना के गड्डी के फूलमती माता मंदिर प्रांगण में नवचंडी महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को हनुमानजी महाराज समिति एवं भक्तजनों द्वारा कलश यात्रा निकालकर किया गया। महायज्ञ का समापन आगामी 1 जनवरी को किया जाएगा। समापन असवर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया है, सुबह 8 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक पूजन, इसके पश्चात भंडारा आयोजित होगा। ज्ञातव्य है कि फूलमती माता मंदिर लगभग 500-700 वर्ष प्राचीन हैं, जो क्षत्रियों की कुलदेवी मानी जाती हैं।

### नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनाया आशीषाचार्य महाराज का जन्मदिन

**सेमरिया।** भागवत यात्रा परिवार ने जानकारी देते हुए बताया कि भागवताचार्य आशीषाचार्य महाराज वृन्दावनोपासक का 32वां जन्म दिन परांपरिक एवं सांस्कृतिक ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण भगवान की कथा श्रवण के साथ ही सुन्दरकांड का पाठ किया गया। महाराजश्री ने नन्हे मुन्ने बच्चों एवं ब्राम्हणों के साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस पर बच्चों ने महराजश्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर भागवत यात्रा परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### गौशालाओं को चालू करने एनएसयूआई ने दिया ज्ञापन

**गुढ़।** एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज उपाध्याय के मार्गदर्शन व रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी के नेतृत्व में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र की सभी बंद पड़ी गौशालाओं को पुन: चालू कराए जाने हेतु तथा ग्राम पंचायत रामनई की मांग के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर गौशालाओं के निर्माण कराए जाने के संबंध में रायपुर कर्चुलियान के एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ग्राम के अंतराल पर समुदायिक गौशालाओं की स्थापना किए जाने की मांग रखी, जिससे सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश के कारण होने वाली दुर्घटनाओं एवं असमय मौतों पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान मुख्य रूप से एनएसयू जिला उपाध्यक्ष रॉबिंसन साकेत, रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष सृजल द्विवेदी, जिला सचिव अमर शुक्ला, विश्वविद्यालय अध्यक्ष विशुवर्धन सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### रघुराजगढ़ खरीदी केन्द्र में बारदाना खत्म

**मनिकवार, नि.प्र.।** खरीदी केन्द्र रघुराजगढ़ में इन दिनों किसान अपनी धान बेचने के लिए एक सप्ताह से पड़े हैं। किसानों ने संवाददाता को बताया कि यहां पूरे रास्ते में धान लदी गाड़ियां खड़ी हैं। किसान समिति प्रबंधक और सर्वेयर की मनमानी का शिकार हो रहे हैं। यहां 42 किलो की तौल किए जाने के भी आरोप हैं तथा नमी मापक यंत्र गायब हैं। बिचौलियों की भरमार हो जाने से किसानों में लुट जाने का भय बना रहता है। वहीं बारदाना की कमी को बताकर नजराना लेकर धान की तौलाई कराई जाने के भी आरोप लगे हैं। किसानों का कहना है की खरीदी हुई धान का उठाव नहीं होने से धान रखने के लिए जगह भी दिखाई नहीं देती है। किसानों ने कलेक्टर से मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

### पटवारी पर हल्का से नदारद रहने के लगे आरोप

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के अधीनस्थ हरदी हल्का पटवारी पर ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने संवाददाता को बताया कि आज लगभग 10 वर्षों से पटवारी की यहां पदस्थापना हुई तब से एक ही जगह पर जमे हुए हैं तथा किसानों का कार्य बिना सुविधा शुल्क लिए नहीं करने के भी आरोप लगे हैं। स्थानीय किसानों ने संवाददाता को बताया कि यदि काश्तकार किसी कार्य के लिए पटवारी से संपर्क करना चाहे तो पटवारी हल्के में नहीं मिलते तथा फोन से भी उनसे संपर्क नहीं हो पाता है। हरदी पटवारी के पास अगर जमीन संबंधी कार्य के लिए अगर हम लोग जाते हैं तो जैसे नक्शा, तर्मिन सीमांकन, बटनवारा किसान सम्मान निधि योजना अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ बिना सुविधा शुल्क के नहीं करते। साजन पंडित ने यह भी आरोप लगाया है कि अगर ग्रामीण काश्तकार कोई पक्ष अगर गरीब है तो बिना सुविधा शुल्क के गरीब ग्रामीण काश्तकारों का कार्य पूर्ण नहीं किया जाता जबकि मध्य प्रदेश शासन के द्वारा लोकायुक्त अधिकारी के द्वारा कई बार रिश्वत का मामला सामने आने के बावजूद भी यह पटवारी को शासन का डर है नहीं रह गया। पटवारी के भ्रष्टाचार से परेशान हरदी हल्का के किसानों ने कलेक्टर मऊगंज अनुविभागीय अधिकारी हनुमना से हरदी ग्राम पंचायत के निवासी एवं साजन पंडित ने 9 वर्षों से पदस्थ पटवारी का स्थानांतरण जल्द किये जाए जाने की मांग की है।

## कॉलेज चलो अभियान से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** नगर के शासकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ के द्वारा चलाए जा रहा कॉलेज चलो अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राचार्य डॉ. उपमा सिंह द्वारा निर्देशित कॉलेज चलो अभियान समिति के संयोजक डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रीति मिश्रा, डॉ. शाहबाज़ एवं पवनसुत त्रिपाठी द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीकर में छात्र-छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया एवं महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समिति द्वारा नवीन शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों से चर्चा की गई, महाविद्यालय में उपलब्ध संकाय बी.ए. की जानकारी प्रदान की गई साथ ही महाविद्यालय में शासन द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

## बीआरसी मऊगंज को मूल पद में भेजे जाने की मांग

**मऊगंज ब्यूरो।** इन दोनों मऊगंज में घूसखोरी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें मऊगंज बीआरसी शिवकुमार रजक घूस लेते हुए देखे जा रहे हैं। जिस संबंध में देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के संरक्षक मुद्रिका प्रसाद त्रिपाठी विश्वमित्र ने बताया कि, विगत दो-तीन वर्षों से विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मऊगंज शिव कुमार रजक जिनका मूल पद उच्च माध्यमिक शिक्षक है, जिन पर भ्रष्टाचार, घूसखोरी एवं लेनदेन के अनेक आरोप लगते रहे हैं।

## लोनी बांध सूती में गुणवत्ताहीन पंप हाउस का निर्माण

**एसडीओ एवं उपयंत्री पर मिलीभगत के आरोप**

**त्योंथर ब्यूरो।** त्योंथर तहसील अंतर्गत स्थित सबसे बड़े लोनी बांध सूती के कछार गांव में निर्माण कार्य पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां जल संसाधन विभाग की निविदा के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा पंप हाउस का निर्माण कराया जा रहा है, जो प्रारंभ से ही मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया किस्म का मटेरियल उपयोग किया जा रहा है। निर्माण में लगाई जा रही सीमेंट पुरानी है, जिसमें रोडे बन चुके हैं, जिससे पंप हाउस की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस गंभीर अनियमितता की जानकारी कई बार जल संसाधन विभाग के एसडीओ एवं उपयंत्री को दी गई, लेकिन उनके द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि अधिकारियों की अनदेखी के चलते ठेकेदार मनमानीपूर्वक निर्माण कार्य कर रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि इस पूरे मामले में एसडीओ और उपयंत्री की ठेकेदार से मिलीभगत है, जिसके कारण न तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच हो रही है और न ही ठेकेदार पर कोई कार्रवाई की जा रही है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इस पूरे मामले की शिकायत जिला कलेक्टर रीवा से करेंगे।

## सुंदरकाण्ड का पाठ कर कर्मचारी संघ त्योंथर ने 60 किलो लड्डू का लगाया भोग



**चाकघाट, नि.प्र.।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा त्योंथर के संयोजन में तहसील प्रांगण त्योंथर के हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर 60 किलो लड्डू का भोग लगाकर सार्वजनिक रूप से प्रसाद वितरण किया गया। गोस्वामी श्रीतुलसीदास कृत श्री रामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं आरती की गई। मुख्य यजमान मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ त्योंथर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष एवं वर्तमान राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ वीरेन्द्र सिंह बघेल रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से श्याम विहारी तिवारी, स्वामीशरण चतुर्वेदी, रामलखन गुप्त, मंदिर के पुजारी हरिशंकर शुक्ल, कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों में वीरेन्द्र शर्मा, अवध विहारी सिंह, गोविंद नारायण मिश्र, राकेश सिंह, नरेन्द्र सिंह, हजारीलाल सिंह, युवराज सिंह सहित कई साथी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जनपद पंचायत, तहसील एवं न्यायालय प्रांगण में उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों नागरिक जनों को प्रसाद वितरण किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकघाट में घटती जा रही हैं मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं

**बेड से गायब हो रहे हैं चादर, गद्दे एवं कंबल**



**चाकघाट, नि.प्र.।** मध्य प्रदेश के प्रवेश द्वार पर स्थित 30 बिस्तर युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाकघाट अव्यवस्था एवं अनियमितता का केंद्र बनने के आरोप लगातार लगाए जा रहे हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां पर उपस्थित रहने वाले चिकित्सक समय पर अस्पताल नही पहुंचते। दवा के लिए मरीजों को बाहर से दवा लेना पड़ रही है। अस्पताल में एक्स-रे मशीन सहित अन्य कई जांच की सुविधा शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है किंतु उसका संचालन न होने के कारण मरीजों को प्राइवेट अस्पताल का रास्ता दिखाया जा रहा है। दलालों के चंगुल में फंस रहे मरीज को शासकीय योजना के तहत राहत दिए जाने की आवश्यकता है।

**आईसीयू वार्ड का नहीं हुआ प्रारंभ**

स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्व सुविधा युक्त आईसीयू वार्ड का निर्माण किया गया है लेकिन चिकित्सकों की कमी से यह वार्ड प्रारंभ नहीं हो सका है। यहां के तथाकथित जनरल वार्ड जिनकी संख्या 30 बतायी जाती है, वहां सुविधाएं कम कर दी गई है। वहां पर व्यवस्था एवं लापरवाही का नजारा कभी भी देखा जा सकता है अस्पताल के वार्ड से बेड का गद्दा, चद्दर, कंबल गायब होते जा रहे हैं।

**नसबंदी में भी था अव्यवस्था का आलम**

इस अस्पताल में गत दिवस महिला नसबंदी कैंप लगाया गया था जिसमें मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। लोग ठंड में ठिठुरते रहे । छोटे-छोटे बच्चे भूखे प्यासे व्याकुल रहे। अस्पताल प्रबंधन द्वारा न तो अलाव की व्यवस्था की गई थी और न हीं छोटे बच्चों के लिए दूध पानी आदि की व्यवस्था की गई थी । चाकघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मध्य प्रदेश सीमा पर एक किलोमीटर के भीतर कई प्राइवेट अस्पताल प्रारंभ हुए जहां मरीजों को भेजने की व्यवस्था बना रही है। यहां उपलब्ध होने वाले उपचार की सुविधा न देकर सीधे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को भेजा जा रहा है। मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग अधिकारी एवं जिला कलेक्टर से आग्रह किया है कि चाकघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्था और लापरवाही को रोकने हेतु आकस्मिक निरीक्षण करके दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

## मैदान से हटकर

# नीरज-हिमानी चोपड़ा का ग्रैंड रिसेप्शन



ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा की शादी के बाद गुरुवार को रिसेप्शन कार्यक्रम करनाल शहर के द ईडन जन्नत हॉल में आयोजित किया गया। दोपहर बाद नीरज और उनकी पत्नी हिमानी ने हाथ में हाथ डालकर एंट्री ली। नीरज-हिमानी के रिसेप्शन में एंट्री का पहला वीडियो भी सामने आया है। नीरज चोपड़ा ने सोनीपत की रहने वाली टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से 16 जनवरी 2025 को शादी की थी। आयोजन की पूरी जिम्मेदारी मुंबई की एक विशेष टीम ने ली है। द ईडन जन्नत हाल के प्रबंधन को अभी तक यह जानकारी नहीं दी गई थी कि कि कौन-कौन से वीआईपी गेस्ट पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री और पूर्व राष्ट्रपति को दिया गया निमंत्रण नीरज चोपड़ा और हिमानी मोर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सहित अन्य बड़े नेताओं से मुलाकात कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से रिसेप्शन पार्टी का न्योता दिया था। इस मुलाकात के बाद से ही कार्यक्रम को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं।

## एशेज सीरीजः आस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का चौथा टेस्ट आज से

# बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने की प्लेइंग-11 घोषित, 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न, जेएनएन।** आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे एशेज टेस्ट के लिये तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया है और चोटिल नाथन लियोन की जगह किसी स्पिनर को टीम में शामिल नहीं किया जायेगा। एडीलेड में तीसरे टेस्ट में लियोन को चोट लगी थी जिनकी जगह आफ स्पिनर टॉड मरफी को बुलाया गया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर एशेज सीरीज के आखिरी 2 मैचों से बाहर हो गए हैं। उन्हें इंजरी और वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दिया गया। इंग्लैंड ने 26 दिसंबर को बॉक्सिंग डे पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट की प्लेइंग-11 भी अनाउंस कर दी है। आर्चर के अलावा ओली पोप भी बाहर हुए हैं। 5 टेस्ट की सीरीज में होम टीम ऑस्ट्रेलिया 3-0 से आगे है। टीम ने शुरुआती 2 मैच 8 विकेट के अंतर से जीतने के बाद तीसरा मुकाबला 82 रन से जीत लिया। मिचेल स्टार्क 2 बार और एलेक्स कैरी 1 बार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। मेलबर्न में चौथा टेस्ट भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से शुरू होगा। नंबर-3 पर उतरेंगे जैकब बेथेल इंग्लैंड ने खराब फॉर्म के बावजूद बेन डकेट को एक और मौका दे दिया। वे जैक क्रॉली के साथ ओपनिंग करते नजर आएंगे। नंबर-3 पर ओली पोप की जगह ऑलराउंडर जैकब बेथेल उतरेंगे। गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और जोश टंग तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे।

### ऑफ स्पिनर नाथन लायन की जगह भी टीम में तेज गेंदबाज




**टीम कोई स्पेशलिस्ट स्पिनर नहीं**

इंग्लिश टीम ने फिर एक बार किसी भी स्पेशलिस्ट स्पिनर को प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया। बेथेल के अलावा ऑफ स्पिनर विल जैक्स और जो रूट टीम के 2 पार्ट टाइम ऑप्शन हैं। कप्तान बेन स्टोक्स टीम के चौथे पेसर हैं। रूट, हैरी ब्रूक, स्टोक्स और विकेटकीपर जैमी स्मिथ टीम का मिडिल और लोअर मिडिल ऑर्डर संभालेंगे।

ऑस्ट्रेलिया टीम 3 बदलावों के साथ उतरेगी। कप्तान पैट कमिंस इंजरी के कारण चौथा मैच नहीं खेल सकेंगे, उनकी जगह जाय रिचर्डसन प्लेइंग-11 का हिस्सा बन सकते हैं। बुखार के कारण तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके स्टीव स्मिथ मेलबर्न में कप्तानी करेंगे। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि टीम 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी। तीसरे टेस्ट में इंजर्ड हुए ऑफ स्पिनर नाथन लायन की जगह भी टीम तेज गेंदबाज के साथ ही जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट के लिए 12 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट कर लिया है, इनमें एक ही खिलाड़ी बेंच पर रहेगा। माइकल नेसर, ब्रेंडन डोगेट और रिचर्डसन में से किन्हीं 2 पेसर्स को ही मौका मिलेगा। नंबर-7 पर उतरेंगे कैमरन ग्रीन ऑस्ट्रेलिया चौथे टेस्ट में भी ट्रैविस हेड और जैक वेदराल्ड की ओपनिंग जोड़ी के साथ ही जाएगा। मार्नस लाबुशेन और स्मिथ मिडिल ऑर्डर संभालेंगे। एडिलेड टेस्ट में फिफ्टी लगाने वाले उस्मान ख्वाजा नंबर-5 पर उतरेंगे, वहीं जोस इंग्लिस को टीम से बाहर कर दिया गया। विकेटकीपर एलेक्स कैरी नंबर-6 पर उतरेंगे, वहीं ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन नंबर-7 पर बैटिंग करते नजर आएंगे।

### इंग्लैंड की हार के बाद मैक्कुलम को हटाने की मांग

# शास्त्री बन सकते हैं इंग्लैंड के हेड कोच




**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंग्लैंड की टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और वो एक बार फिर एशेज गंवा चुकी है। खराब प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड के मौजूदा हेड कोच ब्रैंडन मैक्कुलम आलोचनाओं के घेरे में हैं। बेन स्टोक्स की कप्तानी और मैक्कुलम की चर्चित बैजबॉल रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एशेज सीरीज में 0-3 से पिछड़ चुकी इंग्लिश टीम पर अब क्लीन स्वीप होने का खतरा मंडरा रहा है। बाकी के दोनों मैचों में अंग्रेजों को अपना बेस्ट देना होगा, नहीं तो 0-5 की शर्मनाक हार तय हो जाएगी। ब्रैंडन मैक्कुलम को मई 2022 में इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने टेस्ट टीम का हेड कोच नियुक्त किया था।

**मुझे नहीं पता, फैसला मेरे हाथ में नहीं: मैक्कुलम**




मैक्कुलम ने साफ किया है कि वह इस भूमिका में बने रहना चाहते हैं, लेकिन एशेज हार के बाद उनका भविष्य अब उनके हाथ में नहीं है. मैक्कुलम का ईसीबी के साथ कॉन्ट्रैक्ट 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक है, जिसमें उसी साल होने वाली घरेलू एशेज सीरीज भी शामिल है। मेलबर्न में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ब्रैंडन मैक्कुलम ने कहा, मुझे नहीं पता। यह फैसला मेरे हाथ में नहीं है।



**रवि शास्त्री को बनाए हेड कोच**

मैक्कुलम के हेड कोच रहते इंग्लिश टीम ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ मैचों की बड़ी सीरीज जीतने में नाकाम रही। मैक्कुलम के भविष्य की बहस के बीच इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने कहा कि अब मैक्कुलम की जगह रवि शास्त्री को इंग्लैंड का अगला हेड कोच बनाया जाए।

# विराट कोहली के फैन को रोहित ने लगाया गले, पैर छूने से रोका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली आगामी न्यूजीलैंड सीरीज से पहले घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट खेलने के सख्त नियमों के चलते ये दोनों क्रिकेटर अपनी-अपनी टीमों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में खेल रहे हैं। बुधवार को मुंबई के लिए खेलते हुए रोहित शर्मा ने शतक लगाया तो वहीं विराट कोहली ने दिल्ली के लिए दमदार शतकीय पारी खेली। इन दोनों स्टार खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीमों को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें रोहित शर्मा फील्ड पर विराट कोहली की जर्सी पहने एक नन्हे फैन से मिले और उसे गले लगाया। मुंबई और सिक्किम के बीच हुए मुकाबले के बाद विराट कोहली की जर्सी (18 नंबर) पहने एक नन्हा फैन रोहित शर्मा की तरफ दौड़ता हुआ आया। बच्चे ने रोहित के पैर छूने की कोशिश की लेकिन रोहित ने तुरंत उसे रोका और उसे गले लगाया। रोहित का विराट फैन के लिए ये जेस्चर देख सभी ने उनकी तारीफ की। ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।



# महिला क्रिकेट : भारत की नजरें श्रीलंका के खिलाफ तीसरा टी20 और श्रृंखला जीतने पर




**तिरूवनंतपुरम, जेएनएन।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम अपनी लय को कायम रखते हुए खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंकाई टीम के खिलाफ शुक्रवार को तीसरा टी20 मैच और पांच मैचों की श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी। भारत ने विशाखापत्तनम में पहले दो टी20 मैचों में क्रमशः आठ और सात विकेट से जीत दर्ज की है। भारत की यह पिछले 11 टी20 मैचों में नौवीं जीत थी। श्रीलंका ने आखिरी बार भारत को जुलाई 2024 में दाम्बुला में हराया था। मेजबान टीम के पास शानदार बल्लेबाजी क्रम है और पिछले दोनों मैचों में अलग-अलग खिलाड़ियों ने जीत दिलाई है। पहले मैच में जहां जेमिमा रौड्रिग्स चली तो दूसरे में शेफाली वर्मा जीत की सूत्रधार रहीं। भारत की गेंदबाजी ईकाई भी उतनी ही दमदार है और स्पिनरों ने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट पर 121 और दूसरे में नौ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया।

**भारत को फील्डिंग में दिखाना होगा दम**

दीप्ति शर्मा बुखार के कारण दूसरा टी20 नहीं खेल पाई लेकिन उनकी जगह आई स्नेह राणा ने चार ओवर में 11 रन देकर एक विकेट लिया। भारतीय टीम को हालांकि क्षेत्ररक्षण पर काम करना होगा चूंकि पहले मैच में पांच कैच छूटे थे हालांकि दूसरे मैच में तीन रन आउट किये। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम यहां अगले तीन मैचों में प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी। दूसरी ओर श्रीलंका को उम्मीद है कि जगह बदलने से उसकी किस्मत भी बदलेगी हालांकि दोनों टीमों के प्रदर्शन में जमीन आसमान का अंतर है। श्रीलंका को दोनों मैचों में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया। पहले मैच में विष्मी गुणरत्ने ने 43 गेंद में 39 रन बनाये जबकि हसिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा आक्रामक पारियां नहीं खेल सके।

**टीमें इस प्रकार रहेंगी**

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, हरलीन देयोल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।
**श्रीलंका :** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।
मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

# श्रेयस अय्यर चोट से उबरे बैंटिग की अब फिटनेस क्लियरेंस का इंतजार

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में हो गए थे चोटिल

**मुंबई, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर स्प्लीन की चोट से उबर गए हैं। उन्होंने बुधवार को मुंबई में बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी भी की। सूत्र के हवाले से जानकारी मिली है कि अब उन्हें कोई दर्द नहीं है और वे बिना किसी परेशानी के बैटिंग कर रहे हैं। 31 साल के श्रेयस अय्यर 25 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में चोटिल हो गए थे। उन्हें सिडनी के एक अस्पताल में एडमिट कराया गया था। उस मैच में अय्यर ने बैकवर्ड पॉइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया था। इस दौरान उनकी बाईं पसली में चोट लग गई। इसके बाद वह ड्रेसिंग रूम में लौटे और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक हफ्ते सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में रहेंगे अय्यर अय्यर बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में चार से छह दिन रहेंगे। वहां उन्हें क्रिकेट में वापसी की टाइमलाइन के बारे में बताया जाएगा।




**टीम में खेलना अभी तय नहीं**

अय्यर ने रेगुलर जिम और फिटनेस रूटीन फिर से शुरू कर दिया है। चोट के बाद के सभी एक्स-रे और असेसमेंट में कोई चिंता की बात सामने नहीं आई है। फिटनेस क्लियरेंस पर निर्भर करेगा अय्यर का सिलेक्शन भारत को 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। इसके लिए वनडे टीम का ऐलान 2 या 3 जनवरी को किया जा सकता है। अय्यर का खेलना अभी तय नहीं है, लेकिन इस सीरीज में उनकी वापसी से इनकार भी नहीं किया जा सकता। हालांकि, उन्हें अब तक मेडिकल टीम से फिटनेस क्लियरेंस नहीं मिला है। वे विजय हजारे ट्रॉफी से वापसी कर प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं, वे न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे टीम के लिए भी दावेदार होंगे।

# ज्यादा उम्मीदें न रखें, मैं यहां सिर्फ खेलने आया हूं: गुकेश

**दोहा, जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कहा कि क्लासिकल शतरंज उनकी आजीविका का मुख्य साधन बना रहेगा और शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली सत्र की अंतिम प्रतियोगिता फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज चैंपियनशिप से उन्हें बहुत अधिक अपेक्षाएं नहीं हैं। गुकेश के लिए यह सत्र अपेक्षित नहीं रहा और वह यहां होने वाले दस लाख यूरो के पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट से भी बहुत अधिक उम्मीद नहीं लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह यहां कुछ प्रयोग करने, कुछ मौज-मस्ती करने और टूर्नामेंट का आनंद लेने आए हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन की मौजूदगी में पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए किसी भी प्रारूप में अच्छा खेलना काफी महत्वपूर्ण है और इस साल मैंने रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूप को थोड़ा अधिक गंभीरता से लिया है। हालांकि मुझे लगता है कि क्लासिकल की तुलना में रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट मेरी प्राथमिकता से थोड़े कम रहे। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिससे मुझे बहुत अधिक अपेक्षाएं नहीं हैं। मैं यहां सिर्फ खेलने आया हूं, कुछ प्रयोग करने आया हूं, आनंद लेने आया हूं और मौज-मस्ती के उद्देश्य से शतरंज खेलने आया हूं। गुकेश के अलावा आर प्रज्ञाननंदा, अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, विदित गुजराती जैसे भारतीय खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जबकि एबीडी ने 64 गेंदों में यह कमाल किया था।

## आईजीपीएल आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट

# जीव मिल्खा ने कोलंबो में जीता टूर्नामेंट, पुखराज की संयुक्त जीत




**कोलंबो, जेएनएन।** भारत के महान गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने 13 साल का इंतजार खत्म करते हुए आईजीपीएल आमंत्रण श्रीलंका टूर्नामेंट जीतकर आईजीपीएल के पहले सत्र का शानदार अंत किया। वर्ष 2012 के बाद से प्रो टूर्नामेंट नहीं जीत सके 54 साल के जीव ने छह अंडर 65 और कुल 15 अंडर का स्कोर करके आर्यन रूपा आनंद को एक शॉट से हराया। जीत के बाद उन्होंने आंसू पोछते हुए कहा मैने श्रीलंका में पहले कभी नहीं खेला है। मेरे लिये यह भावुक पल है क्योंकि यही वह जगह है जहां मेरे माता पिता में प्रेम हुआ और उनके रिश्ते की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा मेरे पिता यहां एथलेटिक्स के लिये आये थे और मां वॉलीबॉल खेलती थी। यहीं से उनके साझे सफर की शुरूआत हुई। दोनों का 2021 में निधन हो गया और मेरी खेलने की इच्छा भी मर गई लेकिन 2022 में मैने उनके लिये वापसी करने और जीतने का फैसला लिया। उम्मीद है कि इस जीत से उनके चेहरों पर मुस्कुराहट आई होगी। भारत के ही पुखराज सिंह गिल संयुक्त 12वें स्थान पर रहने के बावजूद आईजीपीएल आर्डर आफ मेरिट जीत गए। उन्होंने अमन राज और गगनजीत भुल्लर को मामूली अंतर से हराया।

## 2025 गुजरता साल यादगार लम्हे

# टीम इंडियाः वनडे व टी20 में बादशाह, टेस्ट में रही नाकाम

*साल 2025 खत्म होने को है। टीम इंडिया को इस साल टी20 और वनडे में खूब कामयाबी मिली, मगर टेस्ट में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। खासकर जब भारत को घर पर साउथ अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा। इसका असर आईसीसी रैंकिंग्स पर भी पड़ा।*

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2025 खत्म होने को है और क्रिकेट पंडित इस साल टीम इंडिया के परफॉर्मेंस का एनालिसिस करने में लगे हैं। वनडे और टी20 में तो भारतीय टीम का हाथ इस साल भी कोई नहीं पकड़ पाया है, मगर टेस्ट क्रिकेट में लगातार टीम इंडिया के प्रदर्शन में गिरावट आ रही है। भारत ने नए कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में जरूर इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ की, मगर बैक टू बैक दूसरे साल घर पर सीरीज में क्लीन स्वीप होना पड़ा। पिछले साल न्यूजीलैंड ने तो इस बार साउथ अफ्रीका ने सूपड़ा साफ किया। इसका असर आईसीसी रैंकिंग पर साफ देखने को मिला।






**वनडे-टी20 रैंकिंग में भारत नंबर-1**

टी20 में भारत का यह लगातार चौथी और वनडे में लगातार तीसरा बार है, जब भारत साल का अंत आईसीसी रैंकिंग में नंबर-1 पर रहते हुए करेगा। 2022 से टीम इंडिया लगातार साल का अंत नंबर-1 के पायदान पर रहते हुए कर रही है, वहीं वनडे में यह सिलसिला 2023 में शुरू हुआ।

**टेस्ट में टीम इंडिया चौथे पायदान पर रहेगी**

वहीं टेस्ट की बात करें तो भारत 2025 का अंत चौथे पायदान पर रहते हुए करेगा। टीम इंडिया के ऊपर ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड हैं। भारत ने आखिरी बार टेस्ट रैंकिंग में साल का अंत नंबर-1 पर रहते हुए 2023 में किया था। 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 है।

# जायसवाल टेस्ट नहीं खेल रहे होते तो टी-20 वर्ल्ड कप टीम में होते



**मुंबई, जेएनएन।** साल 2026 में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। इसको लेकर अब पूर्व क्रिकेटर और जाने माने कमेंट्रेटर आकाश चोपड़ा ने अपनी राय दी है। आकाश चोपड़ा ने टी-20 वर्ल्ड कप टीम में जायसवाल को चयनित ना किए जाने को गलत बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि टेस्ट क्रिकेट का स्टैंडर्ड भले ही काफी हाई हो, लेकिन विश्व कप की टीम में होना और विश्व कप खेलना अपने आप में बड़ी अहमियत रखता है। चोपड़ा ने यशस्वी जायसवाल को टीम में ना चुने जाने को लेकर कहा कि उन्हें टेस्ट खेलने की सजा मिली है। उनका कहना है कि अगर जायसवाल टेस्ट नहीं खेल रहे होते तो वर्ल्ड कप की टीम में होते।

## सिटी स्पोर्ट्स

# खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-2026 का आगाज 10 जनवरी से

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025-2026 का शुभारंभ 10 जनवरी 2026 को होगा। इस बहुप्रतीक्षित राज्य स्तरीय आयोजन के प्रति आमजन एवं युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में प्री-इवेंट प्रचार गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज भोपाल के अपर लेक क्षेत्र में प्री-इवेंट प्रचार गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, पर्यटकों एवं भ्रमण पर आए लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित नागरिकों, पर्यटकों एवं भ्रमणार्थ आए लोगों को खेलों एमपी यूथ गेम्स-2025 के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें खेल गतिविधियों में सहभागी बनाया गया।

**खेल विभाग एवं खेल संघ मिलकर करेंगे आयोजनः** खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025 का आयोजन देश में पहली बार खेल विभाग एवं सभी मान्यता प्राप्त खेल संघों के समन्वय से किया जा रहा है। यह आयोजन 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें चयन प्रक्रिया ब्लॉक स्तर से प्रारंभ होकर जिला, संभाग एवं राज्य स्तर तक संपन्न होगी। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए सकारात्मक वातावरण बना है। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार खेल, खिलाड़ियों और खेल अधोसंरचना के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025-2026 प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगा और मध्यप्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**अपर लेक पर हुईं प्री-इवेंट रोमांचक गतिविधियां**



**प्रदेश के विभिन्न शहरों में होंगे खेल आयोजन**

खेलो एमपी यूथ गेम्स-2025-2026 के अंतर्गत प्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा, शिवपुरी, ग्वालियर, सागर एवं नर्मदापुरम सहित विभिन्न शहरों में कुल 27 खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। संबंधित खेलों की परंपरा एवं लोकप्रियता के अनुसार आयोजन स्थलों का चयन किया गया है।

**रस्साकशी, टारगेट द बॉल एवं क्विज प्रतियोगिता में दिखा उत्साह**

प्रचार कार्यक्रम के अंतर्गत रस्साकशी, टारगेट द बॉल एवं क्विज प्रतियोगिता जैसी आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विभाग की ओर से पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिससे खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बना।

# भोपाल डिविजन क्रिकेट का चयन 27-28 को

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ की चयन प्रक्रिया 27-28 दिसंबर 2025 को भोपाल संभाग क्रिकेट संघ द्वारा एमवाय सीनियर मेन्स इंटर डिविजनल (मल्टी डेज) टूर्नामेंट के लिए भोपाल डिविजन क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया (सिलेक्शन ट्रायल्स) 27-28 दिसंबर (शनिवार, रविवार ) सुबह 9.00 से ओल्ड कैंपियन मैदान पर मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी मे आयोजित की गई, इस सिलेक्शन ट्रायल में भोपाल संभाग से इस वर्ष के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं ! सभी खिलाड़ी को अपने साथ बीडीसीए का रजिस्ट्रेशन कार्ड और सफेद (व्हाइट किट) किट मैं आना अनिवार्य है 7 ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी श्रीमान प्रदीप देशमुख (चेयरमैन) और श्रीमान राजीव सक्सेना (संयोजक) से संपर्क कर सकते हैं ।

# राज्य बॉक्सिंग अकादमी ने जीते 24 गोल्ड मेडल



**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** 42 सीनियर राजेश स्तरीय स्तरीय पुरुष एवं यूथ सीनियर 8वीं सीनियर एवं यूथ महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप सिवनी के मध्य प्रदेश में 22 से 24 तक आयोजित हुई इस चैंपियनशिप में राज्य बॉक्सिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने 24 गोल्ड मेडल के साथ चैंपियनशिप में ऑल ओवर चैंपियनशिप में अपना कब्जा जमाया। गोल्ड मेडल में लोकेश पाल अमांशु श्रीवास, ऋषभ सिंह सिकरवार, सौरव यादव, अमन सिंह बिष्ट, पारस प्रशांत काटना, मलिक मोर,लामा मुस्कान मोरी, अंजली सिंह, दिव्या सिंह राजपूत, खुशी सिंह, कैफे विनती। यूथ वर्ग में निधि लोधी, हिमानी घोडके, पार्थवी एंजेल कोठारी, जसप्रीतमोर, कीर्ति मानसिंह, तनिष्क श्रवण, उत्कर्ष तोमर दर्शील, भव्य प्रताप चौधरी जीते।

## कलेक्टर ने सफल आयोजन पर व्यक्त किया आभार

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों, व्यवस्थापकों, पत्रकारगणों तथा व्यवस्था से जुड़े सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त कर कहा है बेहतर समन्वय से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

## किसानों के सत्यापन के लिए आयोजित होंगे शिविर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सिकमी और बटाईदार भूमि के किसानों के सत्यापन के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 26, 27 एवं 28 दिसम्बर को सिकमी और बटाईदार भूमि के पंजीकृत किसानों का सत्यापन तहसील स्तर पर शिविर लगाकर कराएं।

## 5 माह से फरार इनामी ने 4 किमी. दौड़ाया, दबोचा गया

**रीवा।** 5 माह से फरार शराब तस्कर को नईगढ़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विगत21 जुलाई 2025 को दौरान देहात भ्रमण के मुखबिर की सूचना पर ग्राम भलुहा तालाब के पास घेराबंदी कर चिह्वा से नईगढ़ी आने वाली लाल रंग की कार में कुल 6 पेटी कुल 54 लीटर देशी प्लेन सफेद शराब कुल कीमती 30000 रुपए अवैध रूप से बिक्री हेतु पाए, जाने से आरोपी पुष्पेन्द पिता विजय जायसवाल (19) निवासी नईगढ़ी तथा विनोद कुमार पिता मुन्नालाल साकेत (28)निवासी खर्रा थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज के कब्जे से जब्त की जाकर अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मुख्य आरोपी गोलू साकेत निवासी खर्रा मौके के फरार हो गया था जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही थी, फरार आरोपी की मुखबिर द्वारा सूचना पर थाना प्रभारी नईगढ़ी जगदीश सिंह की टीम द्वारा आरोपी के घर खर्रा में घेराबंदी की तो आरोपी प्रेमप्रकाश साकेत उर्फ




# बिजली विभाग की कार्रवाई का खौफ? टीम को देखते ही गिरा उपभोक्ता मौत

### परिजनों का विजिलेंस टीम पर मारपीट का आरोप, वीडियो भी हुआ वायरल



जागरण, रीवा

बिजली विभाग का खौफ कहें? या फिर कुछ और...शहर में बिजली चोरी के शक में छापा मारने पहुंची बिजली विभाग की विजिलेंस टीम की जांच के दौरान एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने तो धक्कामुक्की और मारपीट का आरोप लगाया है लेकिन इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हुआ है जिसमें युवक बातचीत के दौरान गिरता नजर आ रहा है। हालांकि मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। वहीं मृतक के परिजनों ने टीम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टीम वहां से चली गई और घायल को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार से पहले ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने परिजनों के आरोप को देखते हुए विजिलेंस टीम के दो सदस्यों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया और वहीं विभाग के उड़नदस्ता वाहन को भी जब्त कर लिया।

बताया जा रहा है कि बिजली चोरी की शंका में बिजली विभाग की उड़नदस्ता टीम उपभोक्ता के ठिकाने पर छापामार कार्रवाई करने पहुंची थी। दरअसल यह घटना चोरहटा थाना क्षेत्र के डोमा गांव की है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि डोमा गांव में गुरुवार की सुबह तकरीबन 11 बजे उड़नदस्ता लिखी एक गाड़ी आई थी जो अपने आप को विजिलेंस की टीम बता रहे थे। वहां मौजूद चौकीदार बालेंद्र चतुर्वेदी से जबरन दरवाजा खुलवाया गया, जब उसने जानकारी अपने मालिक को दी तो वहां राजेश कुमार चतुर्वेदी निवासी डोमा पहुंचे थे। आरोप है कि राजेश के पहुंचते ही टीम के साथ कहासुनी होने लगी और बात धक्का-मुक्की तक आ गई, तभी राजेश कुमार चतुर्वेदी के सिर में चोट लगी और वह दोबारा नहीं उठे। आनन-फानन में राजेश कुमार चतुर्वेदी को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### फरार हो गए टीम के सदस्य

परिजनों का घटना के संबंध में आरोप है कि घटना के बाद विजिलेंस टीम में शामिल विपिन सिंह साहित अन्य लोग वहां से फरार हो गए लेकिन दो लोगों को ग्रामीणों ने घेर लिया। इधर घटना की जानकारी लगते ही चोरहटा पुलिस मौके पर पहुंची जहां से दो लोगों को हिरासत में लिया। साथ ही उड़नदस्ता लिखे वाहन को भी जब्त किया गया।

### परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

परिजनों का आरोप है कि जबरदस्ती विजिलेंस की टीम ने घर का दरवाजा खोला और राजेश कुमार के साथ मारपीट की गई, जिसके कारण उनकी मौत हुई है। फिलहाल अब इस घटना को लेकर पुलिस ने शव का पीएम कराया है। साथ ही घटना कैसे हुई और किस आधार पर छापा मारा गया पुलिस इस बात की भी जांच करने की बात कह रही है।



### वायरल हुआ वीडियो

बता दें कि इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें विजिलेंस टीम के अधिकारी और उपभोक्ता साधारण तरीके से आपस में बातचीत करते नजर आ रहे हैं, इसी बीच उपभोक्ता अचानक से गश खाकर जमीन पर गिरता नजर आया और दोबारा नहीं उठा। हालांकि उपभोक्ता की मौत का कारण क्या है, यह साफ नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस द्वारा शव का पीएम कराया जा रहा है, तो वहीं प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक से मौत का प्रतीत हो रहा है।

## मुंबई में बलात्कार का आरोपी रीवा में कई महीनों से काट रहा था फरारी

### समान थाना पुलिस के सहयोग फरार आरोपी शहादत अली को किया गया गिरफ्तार

### ट्रांजिट वारंट हासिल कर मुंबई पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को लेकर रवाना



**जागरण, रीवा।** मुंबई में बलात्कार करके पिछले कई महीनों से फरारी काट रहा आरोपी अंततः पकड़ा गया। महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस उसकी तलाश करते हुए रीवा पहुंची और समान थाना पुलिस की मदद से उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी शहादत अली मुंबई में रेप करके फरार हो गया था। कोई उस पर शक न कर सके इसलिए वो गमले बेचने का धंधा करने लगा था। वह अपना लोकेशन बदलता रहा जिससे महाराष्ट्र पुलिस को उस तक पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। कुछ दिन पहले मुबई पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी रीवा में रहकर गमले बेचने का काम कर रहा है। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद मुंबई पुलिस की एक टीम रीवा पहुंची और समान थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी शहादत अली को गिरफ्तारी के बाद मुंबई पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर ट्रांजिट वारंट हासिल किया और अपनी कस्टडी में मुंबई ले गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी शहादत अली बेहद शातिर है। रीवा में किसी को उस पर शक न हो इसलिए वो गमले बेचने का काम शुरू कर दिया था। वह आम लोगों की तरह दिनभर गमले बेचता और अपनी पहचान छुपाए रखता। इसी आड़ में वह लंबे समय तक पुलिस की नजरों से बचता रहा। लेकिन मुखबिर की सूचना ने उसकी फरारी पर ब्रेक लगा दिया।

## छात्राओं ने लगाया प्राचार्य पर अश्लील हरकत करने का आरोप

### संकुल प्राचार्य को आवेदन देकर प्राचार्य को हटाने की मांग, कार्रवाई न होने पर पुलिस में रिपोर्ट करने दी चेतावनी



**जागरण, रीवा।** शासकीय कन्या हाईस्कूल गंगेव की करीब दो दर्जन से अधिक छात्राओं ने प्राचार्य पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाते हुए संकुल प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उमावि गंगेव को आवेदन सौंपा। छात्राओं ने बताया कि वे कक्षा 6 से 8 की छात्राएं हैं। विद्यालय में अध्यापन कार्य कराने प्राचार्य आते हैं तो छात्राओं की सीट पर आकर पीछे से कंधे में हाथ रखकर छाती तक ले आते हैं और कहते हैं कि तुम लोगों को मोटाई चढ़ी है उसे उतार रहा हूं। छात्राओं ने बताया कि पिछले दो वर्षों से प्राचार्य की इस घिनौनी हरकत को झेल रही हैं, मारे शर्म के उन्होंने यह बात न तो विद्यालय में किसी को बताई न ही अपने अभिभावकों को, जिससे प्राचार्य का हौसला बढ़ता गया और उनकी हरकतें भी बढ़ गईं।

### छात्रावास अधीक्षक के माध्यम से की शिकायत

प्राचार्य द्वारा इस प्रकार की हरकत छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के साथ ही गैर छात्रावासी छात्राओं के साथ भी की जाती रही है। प्राचार्य की हरकतों से त्रस्त होकर छात्राओं ने यह बात अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक नवीन कन्या छात्रावास गंगेव के छात्रावास अधीक्षक को बताई। जिनके माध्यम से छात्राओं ने संकुल प्राचार्य को आवेदन देकर संबंधित प्राचार्य को यहां से हटाकर उन पर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। छात्राओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का निराकरण जल्द नहीं हुआ अथवा प्राचार्य के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई तो मजबूरन छात्राओं को प्राचार्य की रिपोर्ट पुलिस थाने पर करने के लिए विवश होना पड़ेगा।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में पिता समेत दो बेटी गिरी नहर में, 1 की मौत, पिता की तलाश जारी



**रीवा।** जिले के गोविंदगढ़ थाना अन्तर्गत महिया स्थित नहर के समीप दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक बाइक में सवार दो पुत्री समेत पिता नहर में समा गये वहीं दूसरी बाइक में सवार दो लोग गंभीर जख्मी हुए हैं। हादसे में नहर में समायी एक पुत्री को सकुशल बचाया गया जबकि बड़ी बहन की जलसमाधि बन गयी, जिसके शव को स्थानीय लोगों ने बरामद कर लिया है। पिता अभी तक नहर में ही लापता हैं जिसकी सर्चिंग चल रही है। इस भीषण हादसे के बाद पुलिस समेत स्थानीय लोग एवं एसडीआरएफ की टीम सर्चिंग में लगी हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार महिया निवासी गणेश चतुर्वेदी अपनी 12 वर्षीय पुत्री शिवांगी एवं छोटी पुत्री को लेकर बाइक में सवार हो घर जा रहे थे, तभी गांव के समीप से निकली नहर के पास सामने से आ रही बाइक से इस तरह भिड़ंत हुई कि गणेश समेत दोनों पुत्री नहर में जा गिरी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने छोटी पुत्री को सकुशल बाहर निकाला जबकि कुछ घंटे बाद शिवांगी के शव को नहर की गहराई से बरामद किया गया। अभी तक पिता गणेश का सुराग नहीं लग पाया है। इस एक्सीडेण्ट में दूसरी बाइक में सवार अन्य दो लोगों को गंभीर चोट आने की वजह से संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दादी की बरसी में नहीं दिया न्योता तो पोते पर कुल्हाड़ी से हमला

### गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव की घटना



**जागरण, रीवा।** एक परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। हमलावर कोई और नहीं बल्कि घायल का चाचा और चचेरा भाई था, जो बरसी में निमंत्रण ना देने से नाराज थे। आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी से किए गए हमले में घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। दरअसल मामला जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र टीकर गांव का है, जहां बुधवार की शाम यादव परिवार में आयोजित बरसी कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। घटना के संबंध में घायल उद्रमणि यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि घर में बुधवार को उसकी दादी की बरसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिस दौरान वह मेहमानों को खाना खिला रहा था, तभी उसके चाचा अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपी का उनके परिवार से पूर्व से ही विवाद चल रहा था, ऐसे में बरसी कार्यक्रम में निमंत्रण ना देने से वह नाराज थे और इसी बात को लेकर विवाद करते हुए घटना को अंजाम दिया गया। फिलहाल पीड़ित ने मामले की शिकायत गोविंदगढ़ थाने में दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।







## हनुमना के भुवरी के खेत में मृत मिला नवजात कन्या शिशु

### दरिंदगी की हदें पार मातृत्व भी शरमा गया



**जागरण, रीवा।** हनुमना में आज मां का मातृत्व तब शरमा गया जब किसी कलमुंही मां ने अपने पाप को छुपाने दरिंदगी की सारी हदें पार कर एक नवजात कन्या को खेत में फेंक दिया और भीषण ठंड में उसकी मौत हो गई होगी। हनुमना थाना क्षेत्र के सीधी रोड ग्राम भुवरी प्लाट के पतेरी मार्ग पर एक खेत में एक कन्या नवजात शिशु मृत अवस्था में पाया गया। जिससे समूचे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना ग्राम के रमेश मिश्रा द्वारा पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस ने मृत शिशु के शव को बरामद कर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना भेजा लेकिन डॉक्टरों ने नवजात शिशु होने से पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया। पूछने पर एमओ डॉ. नागेंद्र मिश्रा ने बताया कि बिना एफएसएल की टीम इसका पोस्टमार्टम नहीं किया जा सकता अतः रीवा संजय गांधी में ही इसका पोस्टमार्टम किया जा सकता है और रैफर कर दिया। रात होने से उसे मर्चुरी में रख दिया गया। नवजात शिशु दो-तीन दिन का बताया जा रहा है जो एक खेत में धूल से सना हुआ पड़ा था जिससे लगता है कि आज रात में ही उसे फेंका गया है अन्यथा उसे श्वान या जंगली जानवर खा जाते अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी कलयुगी मां ने अपने पाप को छुपाने के लिए अवैध संतान होने के चलते पैदा होते ही उसे फेंक दिया और इस भीषण ठंड के चलते उसकी मौत हो गई। उसे फेंकते हुए शायद उसका मातृत्व उसके पाप के आगे बौना हो गया था इसी कारण बेरहमी व दरिंदगी की सीमा पार करते हुए उसने इतने बड़े पाप को अंजाम दे डाला।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com